वर्षों से राष्ट्र की सेवा में समर्पित

# वीर अर्जुन

विविध : क्रिसमस पर रिलीज होगी कियारा की गेम चेंजर * नई दिल्ली, लखनऊ एवं देहरादून से प्रकाशित

जिल्द: 40, अंक : 274 पृष्ठ : 12 E-mail : dailyvirarjun@gmail.com Website : www.virarjun.com E-Paper : www.epapervirarjun.com

R.N.I. No. 511/57 D.L.(C)-05/1270/2024-26 (Posted at Delhi RMS) नई दिल्ली, मंगलवार, 3 सितम्बर, 2024 मूल्य : रु 4.00 प्रभात संस्करण



संपादकीय

**करोड़ों में बनी शिवाजी प्रतिमा 8 माह में गिरी**



# अन्नदाताओं को सरकार ने दिए तोहफे

## कृषि क्षेत्र के लिए 14,000 करोड़ के सात कार्यक्रमों को मंजूरी

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के मकसद से सोमवार को कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए लगभग 14,000 करोड़ रुपये के परिव्यय वाले सात बड़े कार्यक्रमों की घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कृषि क्षेत्र से संबंधित सात बड़े कार्यक्रमों को मंजूरी दी गई। इनमें 2,817 करोड़ रुपये का डिजिटल कृषि मिशन और फसल विज्ञान के लिए 3,979 करोड़ रुपये की योजना शामिल है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल में लिए गए इस निर्णय की संवाददाताओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन व्यापक कृषि कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना है। इन कार्यक्रमों का ध्यान मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षा, जलवायु बदलावों से तालमेल बिठाने, प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन और डिजिटलीकरण के साथ बागवानी और पशुधन क्षेत्रों के विकास पर होगा।

**▶योजना**

**इनमें 2,817 करोड़ का डिजिटल कृषि मिशन और फसल विज्ञान के लिए 3,979 करोड़ की योजना शामिल**

**▶कार्यक्रम**

**अनुसंधान व शिक्षा, जलवायु बदलावों से तालमेल , प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन और डिजिटलीकरण के साथ बागवानी और पशुधन क्षेत्रों के विकास पर होगा ध्यान**

मंत्रिमंडल ने खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए फसल विज्ञान को मंजूरी दी है और इसके लिए कुल 3,979 करोड़ रुपये का परिव्यय किया गया है। इस कार्यक्रम में छह बिंदुओं पर बल दिया गया है, जिनका उद्देश्य वर्ष 2047 तक जलवायु अनुकूल फसल विज्ञान और खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों को तैयार करना है। ये छह बिंदु अनुसंधान और शिक्षा, पादप आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन, खाद्य और चारा फसल के लिए आनुवंशिक सुधार, दलहन एवं तिलहन फसल सुधार, वाणिज्यिक फसलों में सुधार और कीटों, सूक्ष्म जीवों एवं परागण तत्वों से जुड़े शोध से संबंधित हैं। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने कृषि शिक्षा, प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान को मजबूत करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी। यह कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के मातहत संचालित किया जाएगा। इसका उद्देश्य नई शिक्षा नीति, 2020 के अनुरूप कृषि शोध एवं शिक्षा को आधुनिक बनाना है। डिजिटल बुनियादी अवसंरचना, एआई, बिग डेटा, रिमोट जैसी नवीनतम प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जाएगा और कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती और जलवायु सहजता शामिल हैं। मंत्रिमंडल ने 2,817 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ डिजिटल कृषि मिशन को भी मंजूरी दी। इस परियोजना के आधार स्तंभ कृषि ढांचा और कृषि निर्णय सहायता प्रणाली हैं। मंत्री ने कहा कि पशुधन के सतत स्वास्थ्य और उनके उत्पादन के लिए 1,702 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है।वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने बागवानी के लिए 860 करोड़ रुपये, कृषि विज्ञान केंद्रों के लिए।,202 करोड़ रुपये और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन को मजबूती देने के लिए।,115 करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी है। कृषि क्षेत्र से संबंधित इन सातों कार्यक्रमों के लिए कुल आवंटन 13,960 करोड़ रुपये से अधिक का है।




**केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कैबिनेट के फैसलों की जानकारी मीडिया को देते हुए। (एएनआई)**

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## कहा - आप किसी का घर कैसे गिरा सकते हैं

**विधि संवाददाता**

नई दिल्ली। आपराधिक मामलों में शामिल व्यक्तियों के मकानों को राज्य प्रशासनों द्वारा बुलडोजर से ध्वस्त किये जाने के बीच, उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सवाल किया कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है? शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मुद्दे पर दिशानिर्देश तैयार करेगी जो पूरे देश में लागू होंगे।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा, किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है क्योंकि वह एक आरोपी है? भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता।

हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि वह किसी भी अनधिकृत निर्माण या सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण को संरक्षण नहीं देगा। पीठ ने सभी पक्षों से अपने सुझावों की प्रति मध्य प्रदेश के वकील को देने को कहा और कहा कि राज्य के वकील उन्हें एकत्रित करेंगे। पीठ ने कहा लेकिन अवैध निर्माण को संरक्षण नहीं देंगे, मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। उत्तर प्रदेश की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले में राज्य द्वारा पहले दायर हलफनामे का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हलफनामे में कहा गया है कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति पर किसी अपराध में शामिल होने का आरोप है, उसकी अचल संपत्ति को ध्वस्त करने का आधार कभी नहीं हो सकता। मेहता ने कहा कि राज्य ने कहा है कि किसी अचल संपत्ति का ध्वस्तीकरण केवल किसी प्रकार के उल्लंघन के लिए और संबंधित नगरपालिका कानून या क्षेत्र के विकास प्राधिकरणों को नियंत्रित करने वाले कानून में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हो सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी अचल संपत्ति को केवल इस आधार पर ध्वस्त नहीं किया जा सकता कि उस संपत्ति का मालिक या उस पर कब्जा करने वाला व्यक्ति किसी अपराध में शामिल था।



**▶लेकिन अवैध निर्माण को नहीं देंगे संरक्षण, अगली सुनवाई 17 को**

## इमरजेंसी पर सेंसर बोर्ड का प्रमाणपत्र न मिलना निराशाजनक: कंगना

अपनी फिल्म इमरजेंसी को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से प्रमाणपत्र नहीं मिलने और छह सितंबर को प्रस्तावित इसका प्रदर्शन अधर में लटकने के बीच अभिनेत्री कंगना रनौत नेकहा कि यह बहुत निराशाजनक और अन्यायपूर्ण है कि सेंसरशिप केवल उनकी फिल्म के लिए है। **(विविध)**

## प्रदर्शनकारी किसानों की शिकायतों के निवारण के लिए समिति गठित

सुप्रीम कोर्ट ने शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की शिकायतों के निवारण के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। **(देश)**

## भारत-सिंगापुर संबंध और प्रगाढ़ होने की ओर अग्रसर : विदेश मंत्रालय

प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के तहत साझेदारी के लिए चिह्नित नए महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर आधारित, दोनों देशों के बीच संबंध और भी बड़े स्तर पर पहुंचने वाले हैं। **(देश-विदेश)**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 32.00 |
| न्यूनतम | 26.00 |
| बीएसई | 82,559.84 |
| एनएसई | 25,278.70 |
| डॉलर | 83.90 |
| यूरो | 92.88 |

**अपने विचार भेजें**

**क्या बुलडोजर एक्शन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी सही है?**

**क्या यह सही है कि शिवाजी की मूर्ति पर अब राजनीति हो रही है?**

| हां | नहीं | पता नहीं |
|---|---|---|
| 80% | 05% | 15% |

कृपया जनमत हेतु अपना मत www.virarjun.com पर भेजें

# आबकारी नीति घोटाला: सुप्रीम कोर्ट ने पीएमएलए मामले में विजय नायर को जमानत दी

नई दिल्ली, (विसं)। उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर को करीब 23 महीने की हिरासत के बाद सोमवार को जमानत दे दी और कहा कि स्वतंत्रता अनुल्लंघनीय होती है और सख्त कानूनों से संबंधित मामलों में भी इसका सम्मान होना चाहिए।न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने इस कानूनी सिद्धांत को भी स्वीकार किया कि जमानत नियम है और जेल अपवाद है।न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने इसी मामले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और भारत राष्ट्र समिति की नेता के. कविता को जमानत देते हुए इसका उल्लेख किया था।सिसोदिया को शीर्ष अदालत ने नौ अगस्त को जमानत दी थी। न्यायालय ने कविता को भी 27 अगस्त को जमानत दी।हालांकि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अभी तक मुख्य मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत नहीं मिली है। न्यायमूर्ति रॉय ने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता 23 महीने से हिरासत में हैं और विचाराधीन कैदी के रूप में बंद हैं। मुकदमा शुरू होने से पहले इस तरह सजा नहीं दी जा सकती। यदि याचिकाकर्ता को इतने लंबे समय तक विचाराधीन कैदी के रूप में हिरासत में रखा जाता है तो जमानत नियम है और जेल अपवाद है का सार्वभौमिक सिद्धांत पूरी तरह से विफल हो जाएगा।

## केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को जमानत

नई दिल्ली, (विसं)। उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर हमला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को सोमवार को जमानत दे दी।न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने निर्देश दिया कि कुमार को केजरीवाल के निजी सहायक के रूप में बहाल नहीं किया जाएगा और न ही मुख्यमंत्री कार्यालय में कोई आधिकारिक कार्यभार दिया जाएगा।न्यायालय ने सभी गवाहों की जांच होने तक कुमार को मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश करने से भी रोक दिया। कुमार ने 13 मई को केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था।

# अमानतुल्लाह खान को ईडी ने किया गिरफ्तार

## आप विधायक वक्फ बोर्ड में अनियमितता के हैं आरोपी

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में जांच के तहत सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान और उनसे संबद्ध कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

जांच एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में ओखला इलाके में स्थित अमानतुल्लाह खान के आवास पर तलाशी लेने के बाद धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उन्हें हिरासत में लिया गया। ईडी ने सुबह करीब छह बजे तलाशी अभियान शुरू किया था। सूत्रों ने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान खान से कुछ सवाल पूछे गए लेकिन उन्होंने गोलमोल जवाब दिया इसलिए उन्हें गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उन्हें उनके आवास से एक आधिकारिक वाहन में ईडी कार्यालय लाया गया। विधायक को सोमवार को स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किया जाएगा जहां संघीय एजेंसी उनसे निरंतर पूछताछ के लिए अदालत से उनकी हिरासत का अनुरोध करेगी।इस गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए आप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जितना हमें दबाने की कोशिश करेगी, हम उतनी ही मुखरता से अपनी आवाज उठाते रहेंगे।ईडी की कार्रवाई के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और दिल्ली पुलिस की सुरक्षा टीम को खान के आवास के बाहर और अंदर तैनात देखा गया। एक कथित वीडियो में खान को अपनी सास के बिस्तर के पास बैठा देखा गया जिनके बारे में उन्होंने बताया कि उनका हाल में ऑपरेशन हुआ था। विधायक के खिलाफ धन शोधन का मामला दो प्राथमिकी से जुड़ा है। वक्फ बोर्ड में अनियमितताओं के आरोप में खान के खिलाफ एक प्राथमिकी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दर्ज कराई थी जबकि दूसरी प्राथमिकी आय से अधिक संपत्ति मामले में दिल्ली के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दर्ज कराई थी।



**आप नेता अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार कर ले जाती ईडी की टीम। (एएनआई)**

# युवा पीढ़ी, सीमावर्ती गांवों पर ध्यान केंद्रित करे: मोदी

## पार्टी सदस्यों से नए सदस्यों को शामिल करने में अभिनव प्रयोग करने को कहा

**विशेष प्रतिनिधि**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों से पार्टी के सदस्यता अभियान के दौरान संगठन का इस तरह विस्तार करने को कहा कि जब विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू हो तो लोकसभा और विधानसभाओं के लिए अधिकतम महिला उम्मीदवार निर्वाचित हों।

यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक समारोह में इस अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून संगठन के ऐसे कालखंड के दौरान लागू होगा जिसे यह सदस्यता अभियान निर्मित करेगा।

भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने राजनाथ सिंह और अमित शाह जैसे केंद्रीय मंत्रियों समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में मोदी की सदस्यता का नवीनीकरण किया। इसके साथ ही पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री ने अक्सर भाजपा के लिए महिलाओं के समर्थन में वृद्धि के बारे में बात की है और पार्टी से उन तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए कहा है। प्रधानमंत्री ने पार्टी सदस्यों से नए सदस्यों को शामिल करने में अभिनव प्रयोग करने को कहा और उनसे सीमावर्ती गांवों को भाजपा का गढ़ बनाने और आदिवासियों के साथ-साथ 18-25 वर्ष आयु वर्ग की पीढ़ी पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी दस साल पहले कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान मीडिया की सुर्खियों से वाकिफ नहीं है और उन्होंने सिर्फ नया भारत देखा है जो विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।मोदी ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए युवा पीढ़ी भाजपा सदस्य के रूप में पार्टी के लिए ताकत का सबसे बड़ा स्रोत होगी।भाजपा अपने मौजूदा सदस्यों की सदस्यता को नवीनीकृत करने और अपने संविधान के अनुरूप हर छह साल में नए सदस्यों को शामिल करने का अभियान चलाती है।मोदी ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसा संगठन है जो अपने संगठनात्मक मामलों को चलाने में लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन करती है।उन्होंने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनमें से कई इस बात के उदाहरण हैं कि जब राजनीतिक संगठन आंतरिक लोकतंत्र का पालन नहीं करते हैं तो क्या होता है। उन्होंने सुझाव दिया कि भाजपा कार्यकर्ता सीमावर्ती राज्यों के पहले गांव में सदस्यता अभियान शुरू करें और सभी आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में जनता तक पहुंचने के लिए एक विशेष अभियान चलाएं, जहां सरकार के सुशासन पर ध्यान देने के कारण परिवर्तन हुआ है।



**पार्टी मुख्यालय में सदस्यता अभियान के लिए आयोजित कार्यक्रम को समबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। (एएनआई)**

## वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन से दो महिलाओं की मौत

कटरा/जम्मू, (भाषा)। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर के नए रास्ते पर सोमवार को भूस्खलन होने से दो महिला तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और एक लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अपराह्न करीब दो बजकर 35 मिनट पर भवन से तीन किमी आगे पंछी के पास भूस्खलन हुआ, जिससे लोहे के ढांचे का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया।उन्होंने बताया कि तीर्थयात्री मंदिर की ओर जा रहे थे तभी भूस्खलन के कारण वह लोहे के ढांचे के नीचे फंस गए। रियासी के उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने प्रारंभिक सूचना रिपोर्ट के हवाले से बताया कि घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई है और एक लड़की गंभीर रूप से घायल है।

## असम में 30 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

गुवाहाटी, (भाषा)। असम के कछार जिले में मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप में करीब 30 करोड़ रुपये की कीमत की याबा गोलियां जब्त की गईं और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। करीमगंज पुलिस अधीक्षक पार्थ प्रोतिम दास के अनुसार, मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रविवार रात बदरपुर थाना क्षेत्र के जलापुर इलाके में अभियान चलाया। उन्होंने कहा, एक वाहन को रोका गया और वाहन में बनी एक गुप्त जगह से याबा की एक लाख गोलियां बरामद की गईं। इन्हें मिजोरम से लाया जा रहा था। दास ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जो कछार के कटिगोराह पुलिस थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत लगभग 30 करोड़ रुपये आंकी गई है।

## उप्र : भेड़ियों ने फिर किये हमले, बच्ची की मौत, महिला गम्भीर रूप से घायल

बहराइच, (भाषा)। बहराइच की महसी तहसील में आतंक का पर्याय बने भेड़ियों के हमले जारी हैं। रविवार रात संदिग्ध रूप से इन भेड़ियों के अलगअलग हमलों में ढाई साल की एक बच्ची की मौत हो गयी और एक बुजुर्ग महिला गम्भीर रूप से घायल हो गयी। खास बात यह है कि भेड़िये अब नये इलाकों में हमले कर रहे हैं। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सोमवार को मौके पर पहुंचकर संवाददाताओं को बताया कि भेड़िये के हमले में ढाई वर्षीय अंजली (पुत्री कमल कश्यप) की मौत हो गयी है तथा एक महिला घायल हुई है। जुलाई से अब तक हिंसक वन्य जीव के हमलों से मौत की यह आठवीं घटना है। ग्रामीणों ने बताया कि महसी तहसील क्षेत्र के हरदी थाना इलाके में गरेठी गुरूदत्त सिंह के नव्वन गरेठी मजरे में एकादो सितंबर की रात घर में मां के साथ सो रही ढाई साल की बच्ची अंजलि को भेड़िया उठा गया। चीख सुनने पर परिजन उसके पीछे भागे, लेकिन कोई पता नहीं चल

**सलाह**

# देश को वित्तीय बाजारों की भूमिका के दबदबे से बचना चाहिए : नागेश्वरन

मुंबई, (भाषा)। मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए सार्वजनिक नीति में वित्तीय बाजारों की भूमिका के दबदबे से बचना चाहिए।

साथ ही उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं सबसे उज्ज्वल वैश्विक संभावनाओं में से एक हैं। नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि भारत का शेयर बाजार पूंजीकरण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 140 प्रतिशत है। भारतीय वित्तीय क्षेत्र की रिकॉर्ड लाभप्रदता तथा बाजार पूंजीकरण का उच्चस्तर या सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में बाजार पूंजीकरण एक अन्य कारक उत्पन्न करता है जिसकी गहन जांच की आवश्यकता है। सीईए ने कहा, जब बाजार अर्थव्यवस्था से बड़ा हो जाता है तो यह स्वाभाविक है, लेकिन जरूरी नहीं कि यह उचित हो कि बाजार के विचार तथा प्राथमिकताएं सार्वजनिक चर्चा पर हावी हो जाएं और नीतिगत चर्चा को भी प्रभावित करें। मैं वित्तीयकरण या नीति तथा व्यापक आर्थिक परिणामों पर वित्तीय बाजार के दबदबे की बात कर रहा हूं। सीआईआई फाइनेंसिंग 3.0 शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा कि वित्तीयकरण का अर्थ वित्तीय बाजार की अपेक्षाओं के रुझान पर प्रभुत्व है और महत्वपूर्ण रूप से सार्वजनिक नीति तथा व्यापक आर्थिक परिणामों में रुचि रखना है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि ये उनके निजी विचार हैं, न कि मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में दिया गया कोई बयान। उन्होंने कहा कि भारत उम्मीद के साथ 2047 की ओर देख रहा है, लेकिन यह ऐसी चीज है जिससे उसे बचना होगा, क्योंकि इस तरह के वित्तीयकरण के परिणाम विकसित दुनिया में सभी के सामने हैं। नागेश्वरन ने कहा कि नीतिगत स्वायत्तता बनाए रखना और अर्थव्यवस्था को वैश्विक पूंजी प्रवाह की अनिश्चितताओं से बचाना महत्वपूर्ण है। भारत मामूली चालू खाते के घाटे (कैड) के बावजूद वैश्विक पूंजी प्रवाह पर निर्भर है। उन्होंने कहा, भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं विश्व में सबसे उज्ज्वल हैं। इसे बनाए रखना हम पर निर्भर है। साथ ही यह भी हम पर निर्भर है कि हम इसका इस्तेमाल अपने लिए नीतिगत स्थान बनाने के लिए करें। उन्होंने कहा कि संक्षेप में कहूं तो देश को राष्ट्रीय अनिवार्यताओं तथा निवेशकों के हितों या प्राथमिकताओं के बीच एक अच्छा संतुलन बनाना होगा।उन्होंने कहा, बेशक इसका मतलब किसी का एजेंडा लेने के बजाय खुद वैश्विक एजेंडा बनाने वाले से है। यह एक अच्छी बात होगी। हालांकि, कुछ काम अभी शुरू किए जा सकते हैं, जैसे कि एक भारतीय संस्था साख तय करने वाली एजेंसी बनने का प्रयास कर रही है, लेकिन इसके परिणाम आने में बहुत लंबा समय लगेगा।

**▶भारत की आर्थिक वृद्धि की संभावनाएं सबसे उज्ज्वल वैश्विक संभावनाओं में से एक हैं**

HRERA No - RERA-GRG-PROJ-995-2021 dated 15.02.2022

ROYAL GREEN REALTY

**सूचना**

यह Royal Green Heights, Affordable housing project, सेक्टर -62, गुरुग्राम, हरियाणा के नीचे उल्लिखित सभी आवंटियों को सूचित करने के लिए है कि देय तिथि तक आवंटन राशि का भुगतान नहीं किया गया है और इसके बारे में सभी को सूचित किया गया है। ईमेल और स्पीड पोस्ट। अतः इस समाचार पत्र के विज्ञापन के माध्यम से नीचे दिए गए सभी ग्राहकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस समाचार पत्र के विज्ञापन के 15 दिनों के भीतर देय भुगतान करें। समय पर देय भुगतान प्राप्त नहीं होने पर आवंटन रद्द कर दिया जाएगा और फ्लैटों को बिक्री के लिए फिर से खोल दिया जाएगा और हरियाणा किफायती आवास नीति 2013 में उल्लिखित मानदंडों के अनुसार परिभाषित कार्रवाई की जाएगी।

| APPLICANT NAME | APPLICATION NO. | FLAT NO. | AGREEMENT DATE |
|---|---|---|---|
| Priyanka Yadav | 46673 | T03/C-903 | 10-03-2023 |
| Omwati | 47352 | T01/A-1803 | 14-06-2023 |

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 1205, एमार पामस्प्रिंग्स प्लाजा, गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 54, गुरुग्राम, हरियाणा

# साहित्यकार सम्मान- समारोह का आयोजन संपन्न

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। 'दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन' द्वारा आयोजित 'साहित्यकार सम्मान समारोह 2024' का आयोजन हिंदी भवन, नई दिल्ली में बड़े गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस समारोह में 6 साहित्यकारों को विभिन्न सम्मानों से अलंकृत किया गया।



सम्मानित साहित्यकारों के साथ साथ आयोजक फोटो खिंचवाते हुए।

इस कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथि, पत्रकार, साहित्यकार तथा हिंदी- प्रेमी, प्रबुद्ध श्रोता वर्ग की उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद श्री प्रवीण खंडेलवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार श्री बाल स्वरूप राही, सारस्वत अतिथि के रूप में वित्त विशेषज्ञ एवं समाजसेवी श्री सुभाष चंद अग्रवाल, आयोजन की अध्यक्षता कर रहे प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं टेक्निया ग्रुप के अध्यक्ष डॉ0 राम कैलाश गुप्ता, सान्निध्य रहा वरिष्ठ गीतकार एवं सम्मेलन की अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा मोहन, प्रसिद्ध कवि गजेंद्र सोलंकी एवं सम्मान समारोह के संयोजक आचार्य अनमोल की विशिष्ट उपस्थिति रही। 'प्रो0 सुरेश गौतम साहित्य रत्न सम्मान' साहित्यकार श्री सोमदत्त शर्मा को, श्री निरंजन स्वरूप मित्तल साहित्य विभूषण सम्मान' नवगीतकार श्री राधेश्याम बंधु को, 'श्री महेश चंद्र शर्मा साहित्य विभूषण सम्मान' श्रीमती निवेदिता झा को, 'श्रीमती शांति अग्रवाल साहित्य विभूषण सम्मान' कवि श्री ओंकार त्रिपाठी को, 'श्री रमन विज साहित्य भूषण सम्मान' सुश्री रेवा शर्मा को, 'श्री अंशुल मिश्र साहित्यश्री सम्मान' कवि श्री संजय कुमार गिरि को प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं लोकसभा सांसद श्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि हिंदी साहित्य सम्मेलन अनेक वर्षों से हिंदी के प्रचार-प्रसार में अनवरत लगा हुआ है। इस कार्य के लिए मैं सम्मेलन के समस्त पदाधिकारियों सविशेष अध्यक्षा श्रीमती इंदिरा मोहन को बधाई देता हूँ। उनके नेतृत्व में सम्मेलन निरंतर हिंदी की सेवा कर रहा है। विशिष्ट अतिथि श्री बालस्वरूप राही ने सम्मेलन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुऊ कहा कि मैं सम्मेलन के अनेक कार्यक्रमों में प्रायः आता रहता हूँ और मुझे यहाँ आकर बहुत अच्छा लगता है। इसी कड़ी में सारस्वत अतिथि श्री सुभाष चंद अग्रवाल ने कार्यक्रम में आकर बड़ी प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि साहित्य कार्यक्रम इतनी गरिमामय ढंग से हो सकते हैं यह मैंने पहली बार ही देखा है। साहित्यकारों का सम्मान हम सब का दायित्व है और यह कार्य सम्मेलन बखूबी कर रहा है। दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन की अध्यक्षा एवं वरिष्ठ साहित्यकार श्रीमती इंदिरा मोहन ने साहित्य और हिंदी श्रीवृद्धि में सम्मेलन की भूमिका को स्पष्ट किया। उन्होंने आगे बताया कि सम्मेलन के द्वारा 1 वर्ष में लगभग 6-7 बड़े आयोजन होते रहते हैं। इस संस्था के द्वारा हम हिंदी की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। साहित्यकार सम्मान समारोह के संयोजक एवं प्रसिद्ध गीतकार आचार्य अनमोल ने कार्यक्रम की सफलता पर न केवल संतोष व्यक्त किया अपितु आशा की कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे।

## तृणमूल सांसद कीर्ति आजाद की पत्नी पूनम आजाद का निधन

नई दिल्ली, (भाषा)। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद की पत्नी पूनम आजाद का सोमवार को निधन हो गया। लोकसभा सदस्य कीर्ति आजाद ने एक्स पर पोस्ट किया, मेरी पत्नी, पूनम चल बसीं। उन्होंने अपराहन 12 बजकर 40 मिनट पर अंतिम सांस ली। शुभकामनाओं के लिये आप सभी का शुक्रिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूनम आजाद के निधन पर शोक प्रकट किया है।ममता बनर्जी ने एक्स पर लिखा, यह जानकर दुख हुआ कि हमारे सांसद और वर्ल्ड कप विजेता टीम के सदस्य रहे पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद की पत्नी पूनम झा आजाद दुनिया से चल बसीं। मैं पूनम को लंबे समय से जानती थी। उन्होंने लिखा, मुझे यह भी मालूम था कि वह पिछले कुछ वर्षों से गंभीर रूप से बीमार थीं।

## झारखंड के चिकित्सकों ने स्वीकारी बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली

रांची, (भाषा)। झारखंड के सरकारी चिकित्सकों ने अपनी 15 सूत्री मांगों को पूरा होने का आश्वासन मिलने के बाद बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली सोमवार को स्वीकार कर ली। चिकित्सकों के एक संघ ने यह जानकारी दी।संघ के अनुसार, चिकित्सकों ने बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से हाजिरी दर्ज करना सोमवार से शुरू कर दिया। झारखंड प्रदेश स्वास्थ्य सेवा संघ (जेएचएसए) और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की प्रदेश इकाई के तहत राज्य के सभी सरकारी चिकित्सकों ने 20 अगस्त से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का बहिष्कार किया और इसे आपातकालीन सेवाओं के लिए अव्यवहारिक बताया। जेएचएसए के प्रदेश सचिव मृत्युंजय ठाकुर सिंह ने कहा, सरकार ने हमारी 15 सूत्री मांगों पर सहमति दे दी है, इसलिए हमने अपना विरोध वापस ले लिया है और चिकित्सकों ने आज से बायोमेट्रिक प्रणाली पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी शुरू कर दी है। उन्होंने दावा किया कि सरकार इस बात पर सहमत हो गई है कि चिकित्सक ड्यूटी के दौरान केवल एक बार बायोमेट्रिक के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा, सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि बायोमेट्रिक हाजिरी को वेतन से नहीं जोड़ा जाएगा।

## कल्याण में मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ करने के आरोप में भाई-बहन पर मामला दर्ज

ठाणे, (भाषा)। ठाणे जिले के कल्याण शहर में एक दवा दुकान में तोड़फोड़ करने और उसके मालिक पर हमला करने के आरोप में दो भाई-बहन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।प्रथम दृष्टया पुलिस को संदेह है कि आरोपियों का मेडिकल स्टोर के मालिक के साथ कोई पुराना विवाद है। यह घटना 29 अगस्त को घटी थी और अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।अधिकारी ने बताया कि, दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर मेडिकल स्टोर के कांच के दरवाजे और दवा की बोतलों के अलावा फर्नीचर को भी नुकसान पहुंचाया। जब शिकायतकर्ता ने दुकान से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज उनसे वापस लेने की कोशिश की तो उनमें से एक ने उसके हाथ पर काट लिया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 333 (चोट पहुंचाने, हमला करने या गलत तरीके से रोकने के लिए घर में घुसना), 324 (शरारत), 351 (आपराधिक धमकी), 354 (किसी व्यक्ति को यह विश्वास दिलाने के लिए प्रेरित करना कि वह दैवीय नाराजगी का पात्र बन जाएगा) और 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया है।

## गणेश चतुर्थी स्टोर पर आकर्षक डील्स

गुरुग्राम,(वीओ)। गणेश चतुर्थी स्टोर के लांच के साथ अमेजन इंडिया ने त्यौहारों के शुरुआत की घोषणा की है, जो उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला और डील्स की पेशकश करता है और पूरे भारत में ग्राहकों के लिए त्यौहार की तैयारियों को आसान और आनंददायक बनाता है। गणेश चतुर्थी स्टोर, पारंपरिक वस्तुओं से लेकर आधुनिक गैजेट्स तक, सभी त्यौहारी जरूरतों को पूरा करने के लिए 07 सितंबर तक लाइव रहेगा। गणेश चतुर्थी स्टोर में जटिल रूप से तैयार की गई गणेश मूर्तियों और पूजा के लिए आवश्यक वस्तुओं से लेकर, पारंपरिक मिठाई, उत्सव के कपड़े, होम डेकोर और इलेक्ट्रॉनिक्स में नए उत्पादों की श्रृंखला शामिल की गई है।

# भारत की पहली यात्रा पर पहुंचे सिंजेंटा के ग्लोबल सीईओ जेफ रो

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। सिंजेंटा के ग्लोबल सीईओ जेफ रो ने अपने पहले भारत दौरे पर सोमवार को कृषि के क्षेत्र में भारत की प्रगति की सराहना की। उन्होंने भारतीय किसानों, युवाओं और ग्रामीण समुदायों के प्रति सिंजेंटा की प्रतिबद्धता को मजबूत करने के लिए कई कार्यक्रमों की घोषणा की। रो ने सिंजेंटा के 'आई-राइज' (इन्क्लेक्टिंग रूरल इंडिया स्किल एन्हांसमेंट) कार्यक्रम की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य एक लाख ग्रामीण युवाओं को विभिन्न कृषि नौकरियों के लिए प्रशिक्षित करना है। अपने दौरे के दौरान, उन्होंने हरियाणा में क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर परियोजना के लिए फील्ड डेमोंस्ट्रेशन में भाग लिया, करनाल में किसानों से मुलाकात की और फसल सुरक्षा समाधानों के छिड़काव के लिए ड्रोन प्रदर्शन में हिस्सा लिया। रो ने 'आई-राइज' पहल का विवरण देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम आठ सतत विकास लक्ष्यों का समर्थन करता है और इसे भारत में ग्रामीण समृद्धि के लिए एक 'सुरक्षा कवच' के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर



सिंजेंटा के ग्लोबल सीईओ जेफ रो

दिया कि यह कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें कृषि आधारित रोजगार से जोड़ने पर केंद्रित है, ताकि गांवों से हो रहे पलायन को रोका जा सके और कृषि में कुशल श्रमिकों की घटती संख्या की चुनौती का सामना किया जा सके। 'आई-राइज' के तहत, 35 वर्ष से कम आयु के ग्रामीण युवा, जिन्होंने कम-से-कम कक्षा 10 तक की शिक्षा प्राप्त की हो और जिन्हें कृषि का अनुभव हो, 30 दिनों की कक्षा प्रशिक्षण और उसके बाद दो महीने की इंटर्नशिप में भाग लेते हैं। इसके बाद, वे उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं या कृषि आपूर्ति शृंखला, सूक्ष्म व्यवसाय या खेती की गतिविधियों में रोजगार की तलाश कर सकते हैं। यह कार्यक्रम थ्री-ई (3ई) दृष्टिकोण पर आधारित है: युवाओं को कृषि में प्रशिक्षित कर और मार्गदर्शन देकर उन्हें कुशल बनाना; उन्हें रोजगार और उद्यमिता के अवसरों के माध्यम से जोड़ना; और उनकी आजीविका आय में वृद्धि करना। बाद में, हरियाणा के खेतों का दौरा करने और स्थानीय किसानों से मिलने के बाद, रो ने भारतीय किसानों द्वारा प्रौद्योगिकी को तेजी से अपनाने की सराहना की। उन्होंने सिंजेंटा की टीम को किसानों के समुदायों को सशक्त बनाने के लिए की जा रही पहल के लिए सराहा। रो ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय किसान नवाचार को अपनाने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, 'हम किसानों को जलवायु परिवर्तन और खाद्य सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम तरीकों को अपनाने में सहयोग करते हैं'।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू स्लाविया मोंटे कार्लो लॉन्च की

नई दिल्ली (वीओ)। स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में ऑल-न्यू स्लाविया मोंटे कार्लो संस्करण लॉन्च किया है। स्पोर्ट्स थीम को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी ने कुशाक और स्लाविया में ऑल-न्यू स्पोर्टलाइन रेंज भी लॉन्च की है। स्कोडा ऑटो ने इन कारों की खरीद के लिए जबर्दस्त ऑफर की घोषणा की। इस तरह कंपनी ने भारतीय उपभोक्ताओं को आकर्षक मूल्य पर अपनी पसंदीदा कार तलाश करने के विकल्पों को बढ़ाया है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर श्री पेट्र जनेबा ने इन नई पेशकश के बारे में कहा, मोंटे कार्लो बैज का ग्राहकों के साथ एक मजबूत संबंध है, जो खेल भावना और जीत के जज्बे की झलक देता है। मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम आज स्लाविया मोंटे कार्लो को लॉन्च कर रहे हैं। यह भारत में स्कोडा ब्रैंड को आगे बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। भारत यूरोप के बाहर हमारे लिए सबसे बड़े बाजारों में से एक है। यह स्पेशल कार उन उपभोक्ताओं को बेहद पसंद आएगी, जो बेमिसाल, बारीक और स्पोर्टी स्टाइल की खूबसूरत कारों की तलाश में रहते हैं, जिससे उनका एक खास स्टाइल उभरकर आए। इस स्पेशल कार में हमने रैली मोंटे कार्लो में अपने 112 वर्ष, समृद्ध विरासत के 129 वर्षों और भारत में मौजूदगी के 24 वर्षों के अनुभवों को शामिल किया है। हमने स्लाविया स्पोर्टलाइन और कुशाक स्पोर्टलाइन जैसे दो नए ट्रिम भी पेश किए हैं, जो रेंज का लगातार विकास करने और उसे आधुनिक बनाए रखने के हमारे इरादे को दर्शाते हैं।

## मराठवाड़ा क्षेत्र में भारी बारिश से चार की मौत

छत्रपति संभाजीनगर, (भाषा)। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में सोमवार को सुबह नौ बजे तक पिछले 24 घंटों में भारी बारिश हुई। परभणी जिले के पाथरी गांव में सबसे अधिक 314 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, चार लोगों की मौत हो गई और ग्रामीण इलाकों में सामान्य जन-जीवन प्रभावित हो गया।राजस्व प्राधिकारियों के प्रारंभिक आकलन के अनुसार, भारी बारिश के कारण कम से कम 63 गांवों के लोग प्रभावित हुए तथा कुछ मकानों और 45 हेक्टेयर भूमि पर फसलों को नुकसान पहुंचा है।नांदेड़ में सोमवार की सुबह विष्णुपुरी बांध के गेट खोल दिए गए। जयकवाड़ी बांध का जलस्तर बढ़ने के कारण गोदावरी नदी के किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी कर दिया गया है।अधिकारियों के अनुसार, मराठवाड़ा के सभी आठ जिलों के 284 राजस्व क्षेत्रों में रविवार को 65 मिमी से अधिक भारी बारिश हुई।अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में पाथरी गांव में सबसे अधिक 314.50 मिमी बारिश दर्ज की गई, इसके बाद परभणी के बाभलगांव क्षेत्र में 277 मिमी बारिश दर्ज की गई।भारी बारिश के कारण हिंगोली और सेनगांव गांवों को जोड़ने वाला पुल जलमग्न हो गया। सिद्धेश्वर, जयकवाड़ी और विष्णुपुरी बांधों से सोमवार को पानी छोड़ा जा रहा है। 11 प्रमुख परियोजनाओं में जल संग्रहण स्तर बढ़कर 71.44 प्रतिशत हो गया।

## जेडएसआई ने मकड़ी की दो नई नस्ल खोजीं

कोलकाता, (भाषा)। भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) ने दक्षिण भारत में जैव विविधता का केंद्र माने जाने वाले पश्चिमी घाट क्षेत्र में मकड़ी की दो नई नस्ल की खोज की है।जेडएसआई ने एक बयान में कहा कि मिमिटस साइनेंटस और मिमिटस पार्वुलस की खोज के साथ ही भारत में मौजूद मिमिटस नस्ल की संख्या बढ़कर तीन हो गई है।बयान के मुताबिक, मिमिटस साइनेंटस और मिमिटस पार्वुलस नस्ल की मकड़ियां क्रमशः कर्नाटक के मूकाम्बिका वन्यजीव अभयारण्य और केरल के एर्नाकुलम जिले में मिलीं।इसमें कहा गया है कि डॉ. सुधिन पीपी, डॉ. प्रदीप एम शंकरन और डॉ. सौविक सेन की एक अनुसंधान टीम ने नई नस्ल की इन मकड़ियों की खोज की। जेडएसआई की निदेशक डॉ. धृति बनर्जी ने गत शनिवार को कहा, पश्चिमी घाट देश की जलवायु निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और अपनी उच्च स्तर की स्थानिकता से वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि यह खोज पश्चिमी घाट क्षेत्र में अन्वेषण और संरक्षण के प्रयासों को लगातार जारी रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है, जो दुनिया के सबसे गर्म जैव विविधता केंद्रों में से एक है।

# फिल्म इमरजेंसी पर सेंसर बोर्ड का प्रमाणपत्र न मिलना निराशाजनक: कंगना

नई दिल्ली, (भाषा)। अपनी फिल्म इमरजेंसी को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाणपत्र नहीं मिलने और छह सितंबर को प्रस्तावित इसका प्रदर्शन अधर में लटकने के बीच अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोमवार को कहा कि यह बहुत निराशाजनक और अन्यायपूर्ण है कि सेंसरशिप केवल उनकी फिल्म के लिए है। कंगना ने कहा कि केवल ऐतिहासिक तथ्यों पर फिल्म बनाने वालों पर सेंसरशिप है लेकिन हिंसा और नग्नता दिखाई जा सकती है।

इमरजेंसी और नेटफ्लिक्स पर आई वेब सीरीज आईसी 814: द कंधार हाइजैक की तुलना करते हुए उन्होंने एक्स पर लिखा, देश का कानून है कि ओटीटी मंचों पर बिना किसी कार्रवाई या सेंसरशिप के अत्यधिक हिंसा और नग्नता दिखाई जा सकती है, कोई व्यक्ति राजनीतिक रूप से प्रेरित अपने कुटिल मकसद के लिए वास्तविक जीवन के घटनाक्रम को तोड़-मरोड़ भी सकता है, दुनियाभर में कम्युनिस्ट या वामपंथियों को इस तरह की राष्ट्रविरोधी अभिव्यक्ति की आजादी है। उन्होंने कहा, लेकिन एक राष्ट्रवादी के तौर पर कोई ओटीटी मंच हमें ऐसी फिल्म बनाने की अनुमति नहीं देता जो भारत की अखंडता और एकता के इर्दगिर्द घूमती हो। ऐसा लगता है कि केवल हम कुछ लोगों के लिए सेंसरशिप है जो इस देश के टुकड़े नहीं चाहते और ऐतिहासिक तथ्यों पर फिल्म बनाते हैं। यह बहुत निराशाजनक और अन्यायपूर्ण है।

कंधार विमान अपहरण की 1999 की घटना पर बनी अनुभव सिन्हा की सीरीज आईसी 814: द कंधार हाइजैक में अपहर्ताओं के नाम कथित तौर पर भोला और शंकर दिखाने पर विवाद खड़ा हो गया है।कंगना ने शुभंकर मिश्रा के पोडकास्ट में सेंसरशिप के मुद्दे पर बात भी की और कहा कि उनकी फिल्म पर इमरजेंसी लगा दी गई है।उन्होंने कहा, यह बहुत निराशाजनक स्थिति है। मैं अपने देश में और जो हालात है, उन्हें लेकर बहुत निराश हूं। हमें कितना डराया जाएगा? मैंने इस फिल्म को बहुत ही आत्मसम्मान के साथ बनाया है, यही वजह है कि सीबीएफसी किसी विवाद की ओर इशारा नहीं कर सकता। उन्होंने मेरा प्रमाणपत्र रोक दिया है, लेकिन मैं फिल्म का अनकट संस्करण रिलीज करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। मैं अदालत में लड़ूंगी और बिना कट के फिल्म को रिलीज कराऊंगी। एक सूत्र ने बताया कि फिल्म इमरजेंसी का प्रदर्शन इस शुक्रवार को नहीं किया जाएगा क्योंकि फिल्म निर्माताओं को अभी तक सेंसर बोर्ड की तरफ से प्रमाणपत्र नहीं मिला है।सूत्र ने पीटीआई-भाषा से कहा, भले ही उन्होंने (सीबीएफसी ने) अपनी वेबसाइट पर यूए प्रमाणपत्र डाल दिया है, लेकिन निर्माताओं को अभी तक प्रमाणपत्र की प्रति नहीं मिली है। हर दिन फिल्म में एक नया कट लगाने को कहा जा रहा है, जो वे किसी दबाव के कारण कर रहे हैं। कंगना फिल्म की शुचिता के लिए लड़ रही हैं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय फिल्म इमरजेंसी के रिलीज पर रोक लगाने के एक सिख संगठन के अनुरोध पर सोमवार को सुनवाई करेगा। फिल्म में अभिनय के साथ ही इसकी लेखक-निर्देशक और सह-निर्माता कंगना ने पिछले सप्ताह कहा था कि उनकी फिल्म अब भी सेंसर बोर्ड के पास अटकी हुई है जबकि अफवाहें है कि इसे रिलीज के लिए मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि उन पर दबाव है कि फिल्म में इंदिरा गांधी के अंगरक्षकों द्वारा उनकी हत्या की घटना को नहीं दर्शाया जाए।

# क्रिसमस पर रिलीज होगी कियारा की गेम चेंजर

वीर अर्जुन समाचार ब्यूरो

नई दिल्ली। साउथ सुपरस्टार राम चरण और बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री कियारा आडवाणी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'गेम चेंजर' की रिलीज को लेकर पिछले कुछ समय से अफवाहों का बाजार गर्म है। खबरें थीं कि यह फिल्म, जो पहले 2024 में रिलीज होने वाली थी, अब 2025 तक के लिए टाल दी गई है। फैंस इस खबर से निराश थे और सोशल मीडिया पर लगातार सवाल कर रहे थे। इन अफवाहों पर अब 'गेम चेंजर' की टीम ने अपनी चुप्पी तोड़ी है।



हालांकि, इन दावों में सच्चाई है क्योंकि गेम चेंजर के निर्माता इस साल क्रिसमस के दौरान फिल्म को रिलीज करने का लक्ष्य बना रहे हैं, जो आगे भी बढ़ सकती है। फिल्म के निर्माता दिल राजू ने न्यूज 18 के साथ बात करते हुए कहा, ठशूटिंग पूरी हो चुकी है और हम इस साल क्रिसमस के दौरान फिल्म रिलीज कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि ये फिल्म शंकर सर और राम चरण की छवि बदल देगी। यह भारतीय राजनीति के एक पहलू को छूती है और एक सामाजिक विषय की खोज करती है। मुझे उम्मीद है कि ये दर्शकों को पसंद आएगी और बड़ी सफलता हासिल करेगी। उन्होंने आगे कहा, ठशंकर सर ने पहले भी इस तरह की फिल्म की है, लेकिन रोबोट के बाद उन्होंने कहानी कहने का अपना अंदाज बदल दिया, लेकिन वो लंबे समय के बाद गेम चेंजर के साथ उसी तरह की फिल्म बनाने जा रहे हैं, जिसके लिए वो जाने जाते थे। ये एक खास हीरो-विलेन फिल्म है। इसमें पांच गाने हैं, जो दर्शकों को देखने लायक होंगे। हमें पूरा भरोसा है कि फिल्म को बहुत अच्छे नतीजे मिलेंगे। राम चरण और कियारा आडवाणी की गेम चेंजर पहले दशहरा पर रिलीज होने वाली थी। अब, ये क्रिसमस के आसपास रिलीज होगी, दिसंबर को आमिर खान ने सितारे जमीन पर के लिए बुक कर लिया है। इसके अलावा हॉलीवुड की मुफासा: द लॉयन किंग भी लिस्ट में शामिल है और वरुण धवन की बेबी जॉन भी पाइपलाइन में है। इस दिसंबर में कई बड़ी फिल्में थिएटर्स में उतरने की तैयारी कर रही हैं, जो बॉक्स ऑफिस पर मुकाबला भी तगड़ा कर देंगी।

वीर अर्जुन न्यूज पेपर्स (प्रा) लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल नरेंद्र द्वारा वीर अर्जुन प्रेस, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-2 से मुद्रित एवं प्रकाशित

प्रधान सम्पादक: अनिल नरेंद्र
ज्वाइंट एडिटर: आदित्य नरेंद्र
सहायक सम्पादक : सदानन्द पाण्डेय *

संपादकीय :
फोन: 011-23318276
फैक्स: 011-23730544
: 011-41509000
E-mail: dailyvirarjun@gmail.~com

विज्ञापन
फोन : 011-23357216
फैक्स: 011-23705817
E-mail: advt@virarjun.com
virarjun10@gmail.com
प्रसार: 011-23724452
हवाई शुल्क: 1.50 पैसे

* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी।
● किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली के न्यायालय में ही होगा।

## नाहरगढ़ की पहाड़ियों में भटके दो भाइयों में से एक का शव मिला: पुलिस

जयपुर, (भाषा)। नाहरगढ़ की पहाड़ियों में कथित तौर पर राह भटकने वाले दो भाइयों में से एक का शव सोमवार को मिला। पुलिस ने बताया कि दूसरे युवक की तलाश जारी है। युवक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और तलाशी अभियान में देरी की। पुलिस ने बताया कि राहुल (21) और उसका छोटा भाई आशीष (19) रविवार को सुबह नाहरगढ़ की पहाड़ियों पर स्थित चरण मंदिर गए थे। उन्होंने अपने परिजनों को फोन कर बताया कि लौटते समय वे पहाड़ी इलाके में रास्ता भटक गए हैं और उन्होंने मदद मांगी। देर रात तलाशी अभियान शुरू किया गया और आज राहुल का शव बरामद हुआ।पुलिस ने बताया कि आशीष की तलाश जारी है। उधर, परिजनों और रिश्तेदारों के साथ स्थानीय लोग शास्त्री नगर थाने पहुंचे और आरोप लगाया कि पुलिस ने तलाशी अभियान में देरी की।

## मुंबई: चालक से विवाद के दौरान शराबी व्यक्ति ने बस का स्टीयरिंग घुमाया, एक व्यक्ति की मौत

मुंबई, (भाषा)। मुंबई के लालबाग इलाके में एक अनियंत्रित बेस्ट बस की चपेट में आने से घायल हुई 27 वर्षीय महिला ने एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। रविवार रात को बस चालक से विवाद के दौरान एक शराबी व्यक्ति ने बस के स्टीयरिंग व्हील को पकड़ लिया जिसके बाद चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे बस ने पैदल यात्रियों, कार तथा दो पहिया वाहनों को टक्कर मार दी। इस घटना में 10 लोग घायल हो गए जिनमें से तीन की हालत गंभीर थी।बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) उपक्रम बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की परिवहन शाखा है।पुलिस एवं बीएमसी के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि घायल व्यक्तियों में शामिल नूपुर मनियार को रविवार देर रात किंग एडवर्ड मेमोरियल (केईएम) अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ घायल इसी अस्पताल में अब भी भर्ती हैं। अधिकारी ने बताया कि शराबी यात्री की पहचान दत्ता शिंदे (45) के रूप में हुई है, जिसे भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राज्यपाल ने खरगे परिवार के न्यास को जमीन आवंटन पर कर्नाटक सरकार से मांगी सफाई

बेंगलुरु, (भाषा)। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खरगे के परिवार द्वारा संचालित एक न्यास को जमीन के कथित आवंटन को लेकर उनके बेटे एवं मंत्री प्रियांक खरगे को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग करते हुए भाजपा द्वारा सौंपे गये एक आवेदन पर कांग्रेस सरकार से सफाई मांगी है।

प्रियांक खरगे ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की कि राज्यपाल ने इस संबंध में मुख्य सचिव शालिनी रजनीश को पत्र लिखा है। उन्होंने राज्यपाल पर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ शिकायत पर बिजली की गति से कार्रवाई करने जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं जनता दल सेक्युलर (जदएस) के नेताओं के विरुद्ध शिकायतों पर कछुए की गति से कार्रवाई करने का आरोप लगाया। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, (भाजपा की) शिकायत और उनके (राज्यपाल) द्वारा सरकार को पत्र लिखने में बिजली की गति से काम किया गया है। अन्य मामलों में ऐसा नहीं होता। भाजपा-जदएस नेताओं से जुड़े मामलों में गति कछुए की होती है। अगर कांग्रेस का मामला है तो बिजली की गति होगी। प्रियांक खरगे ने आरोप लगाया, राज्यपाल कार्यालय तब सक्रिय हो जाता है जब उसे भाजपा को खड़ा करना होता है....।

उन्होंने कहा कि भाजपा-जदएस के खिलाफ दस्तावेजों को उनकी मेज पर धुन खा रहे है , उसके बावजूद उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।उन्होंने कहा, उन्होंने (राज्यपाल ने) कुछ प्रश्न पूछे है और उन्हें (भाजपा-जदएस नेताओं के खिलाफ शिकायतें या याचिकाएं) वापस भेज दिया है और कह रहे है कि वे उनके समक्ष नहीं है। जब (शिकायत या याचिका) राज्यपाल के कार्यालय में जाती है, तो इसका तब तक निपटारा नहीं होता जब तक राज्यपाल इसका निपटारा नहीं कर देते...आपने (राज्यपाल ने) स्पष्टीकरण मांगा है, फाइल अब भी लंबित है, स्पष्टीकरण के बाद आपको निर्णय लेना है।

प्रियांक खरगे सिद्धरमैया की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार में इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटीबीटी और ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री है। विधानपरिषद में विपक्ष के नेता चलावादी टी नारायणस्वामी ने 27 अगस्त को राज्यपाल के सामने आवेदन देकर उनसे कथित जमीन आवंटन को लेकर प्रियांक खरगे को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की थी।

सूचना
हमारे यहां अखबारों की प्रिंटिंग व डिस्पैच की सुविधा देश के कोने-कोने के लिए उपलब्ध है
: सम्पर्क करें : -
आदित्य ग्राफिक्स
9868475104
प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002

वीर अर्जुन
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी/दैनिक समाचार पत्र के लिए आवश्यकता है महिला एवं पुरुष विज्ञापन प्रतिनिधियों की। विज्ञापन के क्षेत्र में अनुभवी एवं फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं। संपूर्ण विवरण सहित आवेदन करें:-
dpks0008@gmail.com
तथा
mehta.virarjun@gmail.com
9871763690, 9871170239

# सौरभ भारद्वाज ने आप नेताओं के उत्पीड़न के लिए ईडी के दुरुपयोग पर केंद्र की आलोचना की

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को आप नेताओं के उत्पीड़न के लिए केंद्र पर एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की और इसे खुलेआम गुंडागर्दी बताया।

आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अमानतुल्लाह खान के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तलाशी के संबंध में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारद्वाज ने दावा किया कि जांच एजेंसी को कथित धन शोधन मामले में उनकी पार्टी के नेता के खिलाफ अब तक कोई सबूत नहीं मिला है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने सोमवार को खान के खिलाफ धन शोधन मामले में जांच के तहत दिल्ली में ओखला स्थित उनके आवास से उन्हें और उनसे संबद्ध कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है।



राष्ट्रीय राजधानी के ओखला में उनके आवास पर तलाशी के बाद जांच एजेंसी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के संबंधित प्रावधानों के तहत उन्हें हिरासत में लिया। भारद्वाज ने कहा कि आप नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

भारद्वाज ने कहा, केंद्र की सरकार जिस तरह से गुंडागर्दी में लिप्त है, वो चिंता का विषय है। वे खान पर धन के बदले लोगों को भर्ती करने का आरोप लगा रहे हैं जबकि अदालत ने इससे पहले साफ तौर पर कहा था कि ऐसा कुछ नहीं हुआ था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भी मामले में इससे पहले जांच की थी लेकिन उनके खिलाफ कुछ नहीं मिला। उन्होंने पूछा, वे उन्हें (खान को) प्रताड़ित करने के लिए एजेंसी का दुरुपयोग कर रहे हैं। वह ओखला में तीन कमरे के मकान में रहते हैं। उनकी मां कैंसर से पीड़ित हैं, जो तलाश अभियान के दौरान बिस्तर पर लेटी हुई देखी गईं। आखिर कितनी बार आप वहां तलाशी के लिए जाएंगे और परिवार का उत्पीड़न करेंगे?

आप पार्षद रामचंद्र के आरोप के बारे में पूछे जाने पर भारद्वाज ने कहा कि पुलिस को मामले में जांच करनी चाहिए क्योंकि यह एक संज्ञेय अपराध है। रामचंद्र ने आरोप लगाया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सदस्य ने उनका अपहरण कर लिया था और भाजपा में फिर से शामिल होने को लेकर उन्हें धमकी दी थी।

# उपराज्यपाल के आदेश पर मटियाला में चार अवैध रंगाई इकाइयां सील

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश पर मटियाला में चल रही चार अवैध रंगाई इकाइयों को सील कर दिया गया है। राज निवास के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार सक्सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक नागरिक द्वारा की गई शिकायत का संज्ञान लिया जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

ये अवैध इकाइयां मटियाला विधानसभा क्षेत्र के बाहरी इलाके में गालिबपुर गांव में स्थित हैं। यह पाया गया कि इन इकाइयों से यमुना नदी में प्रदूषण हो रहा है और इनके लिए अवैध रूप से भूजल निकाला जा रहा है। बयान के अनुसार नागरिक ने 29 अगस्त को सोशल मीडिया पर शिकायत करते हुए एक पोस्ट किया था जिसमें उपराज्यपाल के साथ-साथ गोपाल राय और सौरभ भारद्वाज सहित अन्य अधिकारियों और मंत्रियों को भी टैग किया था।

इसके जवाब में राज निवास के आधिकारिक हैंडल ने एक्स पर शिकायत का संज्ञान लिया और आश्वासन दिया कि इसकी जांच की जाएगी और यदि आरोप सही पाए गए तो उचित दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद सक्सेना ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), दिल्ली पुलिस और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। रविवार को संयुक्त निरीक्षण अभियान में अवैध रूप से चल रही चार जींस रंगाई इकाइयों का पता चला। ये इकाइयां गैर-औद्योगिक क्षेत्र में एमसीडी और डीपीसीसी से आवश्यक अनुमति के बिना चल रही थीं।

# लीकेज के कारण दिल्ली के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं

नई दिल्ली, (वीअ)। कमला मार्केट में पानी की लाइन में लीकेज के कारण सोमवार को सुबह दिल्ली के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी या बेहद कम दबाव पर पानी की आपूर्ति होगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया, आसफ अली रोड पर कमला मार्केट में पानी की लाइन में लीकेज को ठीक करने के लिए वजीराबाद जल शोधन संयंत्र फेज-दो और चंद्रावल जल शोधन संयंत्र को दो सितंबर आधी रात 12:30 बजे तक बंद रखा जाएगा। दिल्ली जल बोर्ड ने कहा कि दो सितंबर को सुबह आपूर्ति या तो कम दबाव पर होगी या बिल्कुल नहीं होगी। बयान में कहा गया है कि प्रभावित क्षेत्रों में करोल बाग, पटेल नगर और सदर बाजार, राजेंद्र नगर, एनडीएमसी, अशोक विहार, त्रि नगर, छावनी क्षेत्र, लॉरेंस रोड और आसपास के इलाके शामिल हैं।

# तानाशाह के जुल्म के आगे नहीं झुकेंगे क्रांतिकारी : आप

नई दिल्ली, (वीअ)। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उसके विधायक अमानतुल्लाह खान को एक फर्जी मामले में गिरफ्तार किया है और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जितना अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को दबाने की कोशिश करेगी, पार्टी उतनी ही मुखरता से अपनी आवाज उठाती रहेगी। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने दावा किया कि खान को बिना किसी सबूत के गिरफ्तार किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सोमवार को ईडी ने दिल्ली के ओखला से विधायक खान एवं कुछ अन्य के खिलाफ धन शोधन के एक मामले में उन्हें गिरफ्तार किया।

एजेंसी ने ओखला स्थित उनके आवास पर तलाशी ली जिसके बाद धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के विभिनन प्रावधानों के तहत उन्हें हिरासत में लिया गया। आप ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया, तानाशाह के जुल्म के आगे क्रांतिकारी नहीं झुकेंगे। भाजपा की ईडी ने फर्जी मामले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान जी को हिरासत में लिया है। भाजपा वाले हमें जितना दबाने की कोशिश करेंगे, हमारी आवाज उतनी मुखर होगी। सिंह ने कहा कि भाजपा की ये धौंस दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी को महंगी पड़ेगी और उसे हार का मुंह देखना पड़ेगा। आप के वरिष्ठ नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि खान को बिना किसी सबूत के जबरन गिरफ्तार किया गया है। विधायक के खिलाफ धन शोधन का मामला दो प्राथमिकी से जुड़ा है। वक्फ बोर्ड में अनियमितताओं के आरोप में खान के खिलाफ एक प्राथमिकी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दर्ज कराई थी जबकि दूसरी प्राथमिकी आय से अधिक संपत्ति मामले में दिल्ली के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दर्ज कराई थी।

# साइबर अपराध रोकथाम पर गोष्ठी आयोजित : अशोक सेठ

## आईपीएस. डॉ. बी शंकर जायसवाल भी रहे शामिल

नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। जेम एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली ने दिल्ली पुलिस के सहयोग से झंडेवालान में साइबर अपराध रोकथाम पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। डॉ. बी. शंकर जायसवाल, आईपीएस, संयुक्त पुलिस आयुक्त (प्रौद्योगिकी, साइबर और लाइसेंसिंग), दिल्ली पुलिस इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह वक्ता थे। जीजेईपीसी नॉर्थ के रीजेनल चेयरमैन अशोक सेठ ने फूलों का गुलदस्ता और एक स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया साथ में जीजेईपीसी के सीओए अनिल संखवाल, जीजेईपीसी सदस्य रेणु शर्मा, व पन्ना लाल जैन ने भी स्वागत किया।

जीजेईपीसी नॉर्थ के क्षेत्रीय निदेशक संजीव भाटिया ने जीजेईपीसी की समग्र गतिविधियों के बारे में बताया, जिसमें आईआईजेएस प्रीमियर, सिग्नेचर और तृतीया शो, आईआईजीजे-आरएलसी और आईआईजीजेडी शामिल हैं। अशोक सेठ ने अपने संबोधन के दौरान पिछले



कुछ वर्षों में बढ़ते साइबर अपराध, साइबर चोरी, धोखाधड़ी और वेबसाइट हैकिंग के मद्देनजर विशेष रूप से आभूषण निर्यातकों के लिए इस सेमिनार की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिकारी से आग्रह किया कि वे दिल्ली क्षेत्र में साइबर अपराध को रोकने के लिए दोषियों को पकड़ने के लिए नीतियां तैयार करने के लिए एक कमेटी का गढ़न करें व उसमें दिल्ली के कुछः ज्वेलर्स को शामिल करें, जिसे अधिकारी द्वारा सकारात्मक रूप से लिया गया था।

सीओए के सदस्य अनिल संखवाल ने आईआईजीजे-आरएलसी (एक रत्न परीक्षण प्रयोगशाला) और आईआईजीजे दिल्ली (रत्न आभूषण क्षेत्र पर अल्पकालिक कुशल पाठ्यक्रम प्रदान करने वाला एक संस्थान) के बारे में थोड़ा प्रकाश डाला। डॉ. जायसवाल, आईपीएस, ने तब विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों और इन्हें रोकने के संभावित तरीकों को एक विस्तृत पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने अपनी विशेषज्ञता से दर्शकों के कई अनोखे सवालों के जवाब दिए। उन्होंने दर्शकों को सभी प्रकार के ऑनलाइन धोखाधड़ी को समझने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित एक लेख राजू एंड द फोर्टी थीव्स पढ़ने की सलाह दी।

# भगवान श्रीकृष्ण की छठी पर भंडारे का आयोजन : रोहताश कश्यप



नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। हिंदू पर्व समिति भजन पुरा के तत्वाधान में लगातार 29 वीं बार श्री कृष्ण जन्म छठी महोत्सव मनाया गया, सुबह ही लड्डू गोपाल को पंचामृत स्नान कराया गया और नए वस्त्र धारण कराए गए तत्पश्चात कान्हा की सखियां ग्रुप ने भजन कीर्तन किया और श्याम वंदना की और राष्ट्र एवं धर्म प्रेमियों की सुख समृद्धि की कामना की।

समिति के संयोजक रोहताश कश्यप के संयोजन में यह कार्यक्रम हुआ। महोत्सव को सफल बनाने में हिंदू पर्व समिति के सभी सदस्यों का एवं क्षेत्र के धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। लड्डू गोपाल को मिष्ठान, खीर,कढ़ी चावल, छोले का भोग लगाकर आरती की और कन्या पूजन करने के बाद विशाल भंडारा किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने कढ़ी चावल छोले का प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पुनीत कुमार, सांसद प्रतिनिधी मुकेश गोयल, कान्हा की सखियां की संयोजिका संगीता रानी समिति के सदस्य विजय बंसल, राकेश शर्मा, विपिन कुमार, धीरेन्द्र माहेश्वरी, अजय मोहन शर्मा, रविंद्र माहेश्वरी, डा. नवीन गुप्ता, देवेन्द्र आर्य, रमेश कुमार, पंकजखरबंदा, दीपक राघव, प्रवीण भोला, एडवोकेट प्रभा वर्मा, राजेश गुप्ता, अनिल बजाज, गोपाल शर्मा, विपिन कुमार, लोकेश वर्मा,उमा रानी, हर्ष कुमार, अभिमन्यु, नरेश भाटी, डा नवीन सिंह, विनेश, रमा, पूजा, राखी जैन, देवेंद्र जैन, आरती, आहुति, सुनीता पूजा, वर्षा सहित सभी प्रमुख महिला मंडल व सहयोगी उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## भोगल में प्राचीन माता सुंदरी मंदिर पर हुआ भंडारे का आयोजन



नई दिल्ली, (वीअ)। राजधानी के भोगल जंगपुरा स्थित प्राचीन माता सुंदरी मंदिर पर भगवान श्री कृष्ण की छठी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया इस मौके पर भंडारे का भी आयोजन किया गया। समाज सुधार कल्याण समिति के अध्यक्ष राजन तनेजा निक्कू भाई ने बताया की कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान श्री कृष्ण के भजनों में आनंद लिया और कहा कि भगवान श्री कृष्णा के द्वारा कही गई बातें हर युग में सार्थक हैं और भगवान कृष्ण का जो दिखाया हुआ मार्ग है उसे पर चलकर हम अपने जीवन को सुधर सकते हैं। राजन तनेजा ने कहा कि इस मौके पर आयोजित भंडारे में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और भगवान श्री कृष्ण को नमन किया और इस आयोजन की सभी ने जमकर सराहना की और कहा कि समाज सुधार कल्याण समिति और इसके अध्यक्ष राजन तनेजा इस तरीके अच्छे कार्यक्रम करते रहते हैं भगवान इन्हें और शक्ति प्रदान करें।

## श्री गोवर्धन विद्या निकेतन में मना श्रीकृष्ण छठी महोत्सव



नई दिल्ली, (वीअ)। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पश्चात आयोजित श्री कृष्ण छठी महोत्सव श्री गोवर्धन विद्या निकेतन विद्यालय में राधा कृष्ण के सुंदर मनोहर श्रंगार श्रंगार कर बाल गोपाल कृष्ण के साथ राधा रानी बनकर विद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने इस महोत्सव में भाग लिया विद्यालय प्रबंधक विष्णु दत्त शर्मा प्रधानाचार्य श्रीमती संगीता रानी मुख्य अतिथि के.डी पाठक वरिष्ठ संवाददाता वीर अर्जुन समाचार पत्र विद्यालय के अध्यापिकाओं ने भगवान श्री कृष्ण का श्रंगार कर धूप दीप नैवेद्य से पालने में बैठ कर झूला झुलाया इस शुभ अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति के अनुसार हिंदू परंपराओं में बच्चे के जन्म के छह दिन बाद छठी नामक रस्म मनाई जाती है. इस दिन बच्चे को नहलाकर नए कपड़े पहनाए जाते हैं और अनुष्ठानिक पूजा की जाती है, जिसमें खास तौर पर बच्चे की खुशहाली के लिए षष्ठी माता का आशीर्वाद मांगा जाता है. इसी तरह जन्माष्टमी के छठे दिन कृष्ण जी की छठी मनाई जाती है. इस शुभ अवसर पर विद्यालय के अभिभावकों कृष्ण राधा रानी बाल स्वरूप स्वरूप में विद्यालय के 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया त राधा और कृष्ण के भजनों पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी भगवान श्री कृष्ण का चरित्र मानव जाति को धर्म पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है।

## आईपी यूनिवर्सिटी के एमएससी (इन्वायरॉन्मेंट मैनेजमेंट) प्रोग्राम की ओपन हाउस काउन्सलिंग 6 को

नई दिल्ली, (वीअ)। आईपी यूनिवर्सिटी के एमएससी('इन्वायरॉन्मेंट मैनेजमेंट)प्रोग्राम( सीईटी कोड 111) की ओपन हाउस ऑफ़लाइन काउन्सलिंग 6 सितंबर को द्वारका कैम्पस में आयोजित की जाएगी। काउन्सलिंग के दिन ही दस्तावेज सत्यापन के उपरांत रैंक के अनुसार सीटों का आवंटन भी कर दिया जाएगा। इस प्रोग्राम की काउन्सलिंग में वैसे उम्मीदवार भाग ले सकते हैं जिन्होंने इस प्रोग्राम से संबद्ध सीयूईटी पीजी 2024 परीक्षा उत्तीर्ण की है और ऑनलाइन आवेदन किया है। काउन्सलिंग के लिए आवेदक को यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के पक्ष में निर्गत 1,16,500 रुपए का एक बैंक ड्राफ़्ट, सीईटी एडमिट कार्ड, रैंक कार्ड और चार पासपोर्ट आकर के फ़ोटो लाना आवश्यक है। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी स्कूल औफ इन्वायरॉन्मेंट मैनेजमेंट में उपलब्ध हैं जिसमें 60 सीटें उपलब्ध हैं। इस प्रोग्राम के महत्व को रेखांकित करते हुए यूनिवर्सिटी स्कूल औफ इन्वायरॉन्मेंट मैनेजमेंट के डीन प्रो. वरुण जोशी ने बताया कि पूरी दुनिया जिस तरह से पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझ रही है इस फ़ील्ड में अवसर बेशुमार हैं। जिस उम्मीदार ने आवेदन शुल्क और काउन्सलिंग फ़ीस अभी तक जमा नहीं किए हैं वे इसे भी काउन्सलिंग के दिन बैंक ड्राफ़्ट के रूप में जमा करा सकते हैं।

# कांग्रेस पार्टी से नए कार्यकर्ताओं को जोड़ें : मोहम्मद उस्मान



नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के निर्देशानुसार ललिता पार्क ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पर्यवेक्षक मोहम्मद उस्मान उपस्थित रहे उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए हमें पार्टी के संगठन को मजबूत करना है और नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ना है। ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अमित मिश्रा ने भी सभी उपस्थित लोगों का आव्हान किया कि सभी एकजुट होकर पार्टी के लिए खड़े हो और पार्टी के विस्तार के लिए कार्य करे। मीटिंग की संयोजक सोनिया रानी ने भी पार्टी से महिलाओं को जोड़ने की बात कही। कार्यक्रम में एडवोकेट नरेश कुमार, कालिका प्रशाद,प्रमोद कुमार,रफ़ीक़ कुरेशी, एस डी मालिक, भानु भाई, सुशील कुमार,अजहरुद्दीन, रविंदर भरद्वाज, नरेंद्र कुमारआदि उपस्थित रहे।

# दलितों के अधिकारों पर कुठाराघात बर्दाश्त नहीं : देवेन्द्र यादव

## उपराज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दिल्ली कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने आज राज निवास में उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना से मुलाकात की और मौजूदा दिल्ली की मेयर शेली ओबेरॉय के अवैध तरीके से पद पर बने रहने के संबंध में उपराज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया है कि शैली ओबेरॉय अप्रैल 2024 से बिना चुनाव कराए अपने पद पर हैं जबकि उनका कार्यकाल 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो गया था।

देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में उपराज्यपाल से मिलने वाले कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व मेयर फरहाद सूरी, पूर्व पार्षद अभिषेक दत्त, निगम में कांग्रेस दल की नेता, निगम पार्षद नाजिया दानिश, निगम पार्षद हाजी जरीफ और निगम पार्षद शगुफ्ता चौधरी शामिल थी।



श्री यादव ने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के तीसरे वर्ष में, एक अनुसूचित जाति के सदस्य का मेयर बनना था, लेकिन सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने चुनाव नहीं कराया। आप पार्टी द्वारा गैर संवैधानिक तरीके से एक ही व्यक्ति को मेयर पद पर जमाने के कारण अनुसूचित जाति के पार्षद को मेयर बनने से वंचित कर दिया है। शैली ओबेराय के लगातार मेयर पद पर बने रहने आप पार्टी में सहमति पिछड़े समुदायों के लोगों की जानबूझकर उपेक्षा करने को उजागर करता है।

देवेन्द्र यादव ने उपराज्यपाल के संज्ञान में लाया कि एमसीडी अधिनियम (धारा-35) के प्रावधानों के अनुसार, एमसीडी के तीसरे वर्ष में अप्रैल तक सदन के एक अनुसूचित जाति के सदस्य को मेयर के रूप में चुना जाना चाहिए। जबकि, निवर्तमान मेयर आज तक इस पद पर अवैध रूप से काबिज हैंठ और 31 मार्च, 2024 के बाद उनके द्वारा लिए गए सभी निर्णय अवैध और अदालत में चुनौती देने योग्य है।


# बारिश के बाद दिल्ली के कई इलाकों में जलभराव, कई मार्गों पर यातायात प्रभावित

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बारिश के बाद कई स्थानों पर जलभराव और पेड़ उखड़ने के कारण यातायात जाम होने के बाद यात्रियों से व्यस्त समय में अपनी यात्रा की योजना सावधानीपूर्वक बनाने को कहा है। राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में सुबह बारिश हुई। पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जलभराव के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के धौला कुआं से महिपालपुर की ओर और इसके दूसरी ओर के मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि हौज रानी रेड लाइट के पास जलभराव के कारण साकेत कोर्ट से मालवीय नगर की ओर जाने वाले मार्ग पर प्रेस एन्क्लेव रोड पर यातायात प्रभावित हुआ। जलभराव के कारण रिंग रोड पर डीएनडी से मूलचंद अंडरपास की ओर जाने वाले मार्ग पर, रोड नंबर 13 से ओखला एस्टेट रोड की ओर जाने वाले दोनों मार्गों पर, आउटर रिंग रोड के दोनों मार्गों पर, सफदरजंग से धौला कुआं की ओर जाने वाले मार्ग पर तथा बदरपुर से महरौली की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ। एमिटी स्कूल के पास एक पेड़ उखड़ जाने के कारण साकेत में बिड़ला विद्या निकेतन मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ।

# डीजेए चुनाव में राकेश थपलियाल अध्यक्ष, प्रमोद कुमार सिंह महासचिव व कृष्ण देव पाठक सचिव चुने गए

नई दिल्ली, (वीअ)। राकेश थपलियाल (प्रधान संपादक, खेल टुडे) और प्रमोद कुमार सिंह (वरिष्ठ पत्रकार, प्रसार भारती) दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीजेए) के चुनाव 2024-26 में निर्विरोध अध्यक्ष और महासचिव निर्वाचित हुए हैं। नरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीजेए), नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) से संबद्ध है।

**निर्वाचित डीजेए कार्यकारिणी 2024-26 :** अध्यक्ष : राकेश थपलियाल, महासचिव : प्रमोद कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष : नरेश गुप्ता, उपाध्यक्ष : डॉक्टर रामेश्वर दयाल (पूर्व प्रमुख संवाददाता, नभाटा), के पी मलिक (राजनीतिक संपादक, दैनिक भास्कर), रणवीर सिंह (पूर्व खेल संपादक, इंडिया न्यूज), अनिता चौधरी (दैनिक स्वदेश) चुने गए हैं। सचिव : अमरेन्द्र गुप्ता



राकेश थपलियाल, अध्यक्ष



प्रमोद कुमार सिंह, महासचिव



कृष्ण देव पाठक, सचिव

(वरिष्ठ संवाददाता, डीडी न्यूज), प्रियरंजन (वरिष्ठ संवाददाता, जनसत्ता), कृष्ण देव पाठक (मुख्य संवाददाता, वीर अर्जुन)।

**कार्यकारिणी :** सर्वश्री राजेश कुमार भसीन (विराट वैभव), सुशील देव (फ्रीलांस पत्रकार), प्रतिभा शुक्ल (जनसत्ता), सुजान सिंह (फोटो जर्नलिस्ट), नवीन गौतम (पूर्व प्रमुख संवाददाता, दैनिक जागरण), मानवेंद्र कुमार (लाइव इंडिया न्यूज 24/संपूर्ण माया), सगीर अहमद (संसद टीवी), निवेदिता मदाने (फ्रीलांस-'मराठी पत्रकार), राजेंद्र स्वामी (वरिष्ठ पत्रकार), दीप्ति अंगरीश (वरिष्ठ पत्रकार), कृष्ण कुमार तिवारी (पहल टुडे), अमित कुमार गौड़ (बियांड इंडिया), आलोक मोहन नायक (वरिष्ठ पत्रकार), डाक्टर अशोक बर्थवाल (धनुष्टंकार डॉट कॉम) और प्रदीप श्रीवास्तव (जी मीडिया)।

नामांकन की अंतिम तिथि के बाद चुनाव अधिकारी श्री अशोक किंकर ने सोमवार को चुनाव परिणाम की घोषणा की। सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। चुनाव दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन के कार्यालय 7, जंतर मंतर रोड, दूसरी मंजिल, नई दिल्ली 110001 में हुए, जो नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) का मुख्यालय भी है। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के अध्यक्ष श्री रास बिहारी ने सभी निर्वाचित पत्रकारों को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि डीजेए दिल्ली में मीडियाकर्मियों के उत्थान के लिए और तेजी से काम करेगा।

# पद ग्रहण करने के बाद दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार दो दिन की छुट्टी पर

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली के नए मुख्य सचिव धर्मेंद्र ने रविवार यानी 1 सितंबर को पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद अब वह 2 सितंबर से 3 दिन की छुट्टी पर चले गए हैं. दिल्ली के कार्यवाहक चीफ सेक्रेटरी के तौर पर यह जिम्मेदारी एडिशनल चीफ सेक्रेटरी मनीष कुमार गुप्ता को दी गई है। कार्यवाहक मुख्य सचिव मनीष कुमार गुप्ता एजीएमयूटी केडर के 1991 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी हैं। वह फिलहाल दिल्ली सरकार में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी हैं. उनके पास शहरी विकास विभाग, गृह विभाग और ड्यूसिब समेत कई अहम विभागों की जिम्मेदारी है. बता दें, नए चीफ सेक्रेटरी की दौड़ में मनीष कुमार गुप्ता का नाम भी शामिल था।

निवर्तमान चीफ सेक्रेटरी नरेश कुमार का कार्यकाल 31 अगस्त को समाप्त हो गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से 1989 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी और अरुणाचल प्रदेश के सीएस आईएएस धर्मेंद्र को दिल्ली की जिम्मेदारी देने संबंधी आदेश जारी किया गया था। इन आदेशों के बाद चीफ सेक्रेटरी धर्मेंद्र ने रविवार को औपचारिक तौर पर अपना पदभार ग्रहण कर लिया था।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को 1 सितंबर को लिखे गए नोट के जरिए वर्तमान चीफ सेक्रेटरी धर्मेंद्र ने अवगत कराया है कि वह 2 सितंबर से 4 सितंबर तक उनके अरुणाचल प्रदेश सीएस का चार्ज हैंडओवर करने के दौरान वह अनुपस्थित रहेंगे. उनकी अनुपस्थिति में दिल्ली के मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी को एडिशनल चीफ सेक्रेटरी (यूडी) मनीष कुमार गुप्ता देखेंगे।

## शिकायतें आपकी समाधान हमारा

पाठकों को सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि दैनिक वीर अर्जुन अपने पाठकों की निजी समस्याओं को प्रकाशित करने एवं उनके समाधान की कोशिश करने का प्रयास करेगा आप सभी से अनुरोध है कि आप अपनी समस्याएं pandey.virarjunnews@gmail.com अथवा pathakvirarjun@gmail.com पर भेजें ताकि दैनिक वीर अर्जुन आपकी समस्याओं के समाधान में भूमिका निभा सके।

– सम्पादक

# कन्हैया कुमार लड़ सकते हैं बाबरपुर से विधानसभा का चुनाव

## कांग्रेस उतारेगी दिग्गजों को मैदान में

- अश्वनी भारद्वाज -



नई दिल्ली। हैडलाइन पढ़ कर कर ही आप समझ गए होंगे जिस तरह हमने लोकसभा चुनावों में करीब तीन माह पहले कन्हैया कुमार के नाम की चर्चा की थी और वह बात सही साबित हुई थी उसी तरह विधानसभा चुनावों के लिए हम उनकी चर्चा कर रहे है। हाँ भाई राजनीती में समीकरण और चर्चा ही महत्वपूर्ण होते हैं। कांग्रेस इस बार दिल्ली विधानसभा चुनावों को बेहद गम्भीरता से ले रही है। पार्टी की रणनीति इन चुनावों में धमाकेदार एंट्री करने की है। पार्टी के रणनीतिकार इस ओर सक्रिय हो चुके हैं, सूत्रों का दावा है पार्टी इस बार प्रत्याशी चयन को ले बेहद गंभीर रहने वाली है। एक-एक सीट पर नाप तौल कर प्रत्याशी उतारने की योजना पार्टी बना रही है। हैडलाइन में हमने केवल कन्हैया कुमार का जिक्र इसलिए किया कि कन्हैया के विधानसभा चुनाव लड़ते ही वह सीट हॉट सीट बन जायेगी। जिस तरह से लोकसभा चुनावों में कन्हैया कुमार नें मनोज तिवारी को पसीने छुड़ा दिए थे पार्टी हाईकमान भूला नहीं है। वो तो कन्हैया कुमार कांग्रेस की गुटबाजी का शिकार हो गए। केवल रोहताश नगर और घोंडा नें उन्हें एक लाख से अधिक वोटो से पीछे कर दिया अन्यथा कन्हैया कुमार जीत दर्ज कर सकते थे। किसी से छिपा नहीं है रोहताश नगर और घोंडा में जिस तरह से कन्हैया के साथ भीतरघात का खेल खेला गया और वे उसी का शिकार हो गए। चुनाव प्रचार के दौरान एक भेंट में हमने कन्हैया कुमार को संकेत दिए थे इन दोनों विधानसभाओं को संभाल लेना जीत आपके खाते में आ सकती है, लेकिन उनका प्रबन्धन जमीनी हकीकत को नहीं समझ

पाया। और वे चुनावी कुप्रबन्धन के शिकार हो गए चुनाव परिणामों के बाद कन्हैया अब दिल्ली की सियासत में परिपक्व हो गए हैं ,पार्टी चाहती है कन्हैया को मैदान में उतार चुनाव को फिर से चर्चा में लाएं। और बाबरपुर एक ऐसी सीट है जहां कन्हैया मुकाबले को रोचक बना सकते हैं। उल्लेखनीय है लोकसभा चुनाव में भी कन्हैया बाबरपुर विधानसभा सीट से करीब सोलह हजार मतों के अन्तराल से जीते थे। आपको याद दिला दें करीब ढाई दशक पूर्व लोकसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस नें शीला दीक्षित को विधानसभा चुनाव लड़ा बड़ा दावं खेला था और उस रणनीति में पार्टी को कामयाबी भी मिली थी लिहाजा आप मान कर चलिए उसी तर्ज पर पार्टी कन्हैया को विधानसभा का चुनाव लड़ा सकती है। और कौन बड़े-बड़े चेहरे हो सकते हैं उम्मीदवार इसकी चर्चा फिर कभी, आज बस इतना ही ..

# आप और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पर्याय : वीरेन्द्र सचदेवा

नई दिल्ली, (वीअ)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और दावा किया कि दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने इसका संज्ञान लिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पार्टी ने आप के भ्रष्टाचार के संबंध में दिल्ली एसीबी में शिकायत दर्ज कराई है और शाखा ने इसका संज्ञान लिया है। भाजपा के इस आरोप पर आप की अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है। सचदेवा ने कहा, चाहे स्वास्थ्य विभाग हो या शिक्षा विभाग या कोई अन्य विभाग हो, दिल्ली सरकार के सभी विभाग भ्रष्टाचार के केंद्र बन गए हैं। उन्होंने कहा कि आप और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पर्याय बन गए हैं तथा अरविंद केजरीवाल सरकार सभी जिम्मेदारियों से भागती है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा, जब भी भ्रष्टाचार या कोई अन्य अनियमितता होती है तो आप के मंत्री खुद को पाक-साफ बताते हुए अधिकारियों पर ठीकरा फोड़ देते हैं। अगर ऐसा है तो फिर मंत्री के तौर पर आप क्या कर रहे हैं? इसी तरह भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आप के मंत्रियों ने मोहल्ला क्लीनिक एवं अन्य अस्पतालों को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया है। गुप्ता ने कहा, भाजपा विधायकों ने एसीबी को शिकायत के साथ विस्तृत रिपोर्ट भी दी है, जिसमें भ्रष्टाचार की पूरी जानकारी दी गई है।

# देने की अवधारणा के प्रैक्टिकल होने से मिलेगी लोगों को प्रेरणा: प्रो. योगेश सिंह

## डीयू कुलपति ने किया पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में कम्प्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन




नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा जन सहयोग से कम्प्यूटर प्रयोगशाला का निर्माण किया गया है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस प्रयोगशाला का उद्घाटन सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि इस प्रकार जन सहयोग से प्रयोगशालाओं का निर्माण और संसाधनों को जुटाना बहुत अच्छी बात है। भारत में शिक्षा क्षेत्र में इस तरह की परंपरा बहुत जरूरी है। कुलपति ने कहा कि देने की अवधारणा जब तक प्रैक्टिकल नहीं होगी, तब तक लोग आगे नहीं आएंगे। या अवधारणा पढ़ाई से नहीं आती, बल्कि प्रेक्टिल देख कर इसका विकास अधिक होता है।

कुलपति ने कहा कि भारत में इस तरह की परंपरा बहुत कम है। लोगों का सोचना है कि सार्वजनिक संस्थाओं में सभी काम सरकार का है, लेकिन अपने पूर्व विद्यार्थियों और समाज का सक्रिय सहयोग संस्थाओं को और अधिक विस्तार देता है। इसलिए यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने डीयू फ़ाउंडेशन की स्थापना की है, जिसका काम फंड जुटाना है। इन कार्यों से जो प्रभाव बच्चों पर पड़ेगा उसे हम आज नहीं माप सकते। लेकिन यह परंपरा भविष्य में बहुत लाभकारी साबित होगी। इस अवसर पर कुलपति ने इस कम्प्यूटर प्रयोगशाला में आर्थिक सहयोग देने वाले सभी व्यक्तियों को सम्मानित भी किया।

# दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सेवाओं की पहुंच पर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करे रैपिडो : हाई कोर्ट

नई दिल्ली, (विसं)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बाइक-टैक्सी सेवा प्रदाता रैपिडो को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अपनी सेवाओं की पहुंच के संबंध में तीन महीने के भीतर एक ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता अमर जैन और दृष्टिबाधित बैंकर दीप्तो घोष चौधरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि ऑडिट सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण विभाग के पैनल में शामिल एक एक्सेस ऑडिटर द्वारा किया जाएगा।

अपने जवाब में रैपिडो की संचालक कंपनी रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने आश्वासन दिया कि वह दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम के संदर्भ में विभिन्न उपाय कर रहा है और वह इसमें निरंतर सुधार सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अदालत ने 28 अगस्त के अपने आदेश में रैपिडो को एक अनुपालन रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, क्योंकि याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सेवा प्रदाता कंपनी अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करे।

कंपनी ने अदालत से कहा कि वह अपने मोबाइल एप्लिकेशन को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पूरी तरह से सुलभ बनाने पर सक्रिय रूप से काम कर रही है और एक स्टार्टअप होने के नाते, ऐप संबंधी अपडेट को पूरा होने में लगभग छह से आठ महीने लग सकते हैं।

अदालत को बताया गया कि कंपनी अपने कर्मचारियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लागू करने की प्रक्रिया में है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे दिव्यांग व्यक्तियों को सहायतापूर्ण एवं मिलनसार तरीके से सवारी प्रदान करें।

# ब्लाक कांग्रेस की बैठकों में हुई समस्याओं पर चर्चा : आदेश भारद्वाज



नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। हर माह की भांति इस माह भी आज दिल्ली भर में ब्लॉक स्तरीय बैठकें हुईं। करावल नगर जिले की सभी 22 ब्लॉक में संगठन की बैठक आयोजित की गई। जिसमे कई बैठकों में जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज व जिला आब्जर्वर पी के मिश्रा, लक्ष्मण रावत और हर्ष चौधरी ने शिरकत कर ब्लॉक कमेटियों को पिछली बैठक में सौंपे गए कार्यों का जायजा लिया। इन बैठकों में खेमचंद सैनी रवींद्र त्यागी परवीन भड़ाना सुरेंद्र कोच बीर सिंह देवेंदर सिंह रेखा देवी मनोज फादर राकेश ठाकुर राज ठाकुर बलजीत शर्मा सुखबीर सिंह योगेंद्र तोमर बिजेंद्र सिंह प्रदीप राणा कुलदीप जोशी सुजीत सिंह चंदन चौबे डॉ वी आर चौधरी अमर लता सांगवान सरदार कौर राठी बलजीत शर्मा जग मोहन चौहान पी एस रावत यादव जी गुड्डू चौहान संजय भारद्वाज एडवोकेट आदित्य भारद्वाज कालीचरण पवार चेयरमैन मनोज शर्मा के अलावा कई आर.डब्लू.ए. और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। झड़ोदा, बुराड़ी और कादीपुर ब्लॉक बैठकों में जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुए कहा कि हम जनतंत्र की परिपाटी पर चलने वाली पार्टी के लोग हैं और हमेशा जनता की आवाज उठाते रहेंगे। जिस तरह से दो दिन पहले हमारी बुराड़ी विधान सभा के साथियों ने दिल्ली सरकार और उसकी एजेंसियों के खिलाफ टूटे हुए मेन रोड और गलियों से होने वाली परेशानियों के मद्देनजर एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी। यह हमारी लोकतंत्र मानने की अवधारणा की एक छोटी सी बानगी है। दिल्ली की जनता के हितों की रक्षा के लिए हम हर जरूरी कदम उठाने से कदापि पीछे नहीं हटेंगे।

उन्होंने आगे कहा अभी हाल ही में जलजमाव और गड्ढों में पानी भरने से जान गंवाने वाले लोगो के परिवारों पर उन हादसों के बाद क्या बीत रही है दिल्ली सरकार ने यह कभी जानने की कोशिश नही की। हमारे जिले के अंतर्गत ही आने वाले भजनपुरा गोकुलपुरी मेट्रो के पास गड्ढे में जलजमाव से 31 जुलाई को डूब कर जान गंवाने वाली महिला का 8 वर्षीय मासूम बच्चा अपनी मां की याद में बीमार होकर अपनी जान गंवा बैठा लेकिन सरकार और उसकी एजेंसियों अभी तक यह तय नहीं कर पाई हैं कि इन हादसों पर जिम्मेदारी किसकी है। और यही नही लगभग सभी हादसों में इधर उधर करके जांच को भटकाया जा रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी हमेशा से पीड़ितों, दलितों और वंचितों की आवाज बनती आई है और बनती रहेगी।

# समस्याओं को ले डीसी से मिले मुदित अग्रवाल टीम के साथ



नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। ऑल इंडिया कांग्रेस के सदस्य एवं दिल्ली कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष मुदित अग्रवाल की अध्यक्षता में चाँदनी चौक विधानसभा के कई व्यापार संघ, आरडब्लूए एवं कांग्रेसियों के एक प्रतिनिधित्व ने आज डीसी सिटी-एसपी जोन मोहित बंसल से मुलाकात की एवं चाँदनी चौक विधानसभा के पुरानी दिल्ली शहर अंतर्गत आने वाले किनारी बाज़ार, दरीबा, मालीवाड़ा, तिलक बाजार एवं खारी बावली की टूटी सड़कों के हालात, सीवरों से रिस्ता गन्दा पानी व सड़क पर बने कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं से अवगत कराया जिसके जिम्मेदार ङआम आदमी पार्टी के स्थानीय विधायक प्रहलाद सिंह साहनी एवं निगम पार्षद पुनरदीप सिंह साहनी (सैबी) हैं, जो की चाँदनी चौक विधानसभा एवं निगम की समस्याओं को नजरअंदाज करते हैं।

इन सभी समस्याओं को विस्तार पूर्वक सुनने के बाद डी.सी. सिटी-एसपी जोन मोहित बंसल ने मामले पर संज्ञान लिया और आश्वासन दिया की सड़कें जल्द ही बनाएंगे और स्वछता पर भी निरंतर ध्यान देंगे।

इस दौरान मुदित अग्रवाल के साथ केमिकल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, मालीवाड़ा साडी मर्केंटाइल ऐसोसियेशन के चैयरमेन सोमदत्त शर्मा, चाँदनी चौक ब्लॉक अध्यक्ष मनोज गुप्ता, साडी मर्केंटाइल ऐसोसिएशन के अध्यक्ष संजय जैन, दिल्ली हिंदुस्तान मर्चेंटाइल के कोषाध्यक्ष रमेश गर्ग, मालिवाड़ा ज्वेलर्स ऐसोसिशन के अध्यक्ष सज्जन अग्रवाल, महासचिव वीरेंद्र अग्रवाल ऐवं कोषाध्यक्ष विमल जैन मौजूद रहे।

# रोहताश नगर में कांग्रेस की बैठक आयोजित : मुकेश पांचाल



नई दिल्ली, (वीर अर्जुन)। रोहतास नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया मासिक मीटिंग का आयोजन मुकेश पांचाल रोहतास नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आज आर, डब्ल्यू ए कार्यालय रामनगर में मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया यह मीटिंग दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के निर्देशन अनुसार प्रत्येक महीने की 2 तारीख को हो रही है मीटिंग का आयोजन आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राजीव शर्मा की अध्यक्षता में किया गया इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश पंचाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता गली-गली घर-घर तक पहुंचेगी और कांग्रेस पार्टी के किए हुए कार्यों का बखान करेगा आज दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार कुछ भी नहीं कर रही है दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव द्वारा आम आदमी पार्टी से सवाल पूछ रही है की मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा और स्कूल के पास शराब के ठेके खोलने का जिम्मेदार कौन है पीने के गंदे पानी की सप्लाई बुजुर्गों की पेंशन राशन कार्ड का बंद होना बिजली के दाम बढ़ाने का मोहल्ला क्लीन इस और अस्पतालों में नहीं कोई सुविधा इन सब का जिम्मेदार कौन है विधायक और सरकार कहां है इनका जिम्मेदार कौन है दिल्ली पूछ रही है ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश पंचाल ने कहा आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी दिल्ली में सभी रुके हुए काम दिल्ली का विकास पुण्य तेजी से बढ़ेगा इस अवसर पर जय जय राम अरुण पाल मदन वर्मा पीतांबर जोशी जवाहर सिंह कुशवाहा तेजपाल दया शंकर शर्मा रामकिशन पांचाल रामदास नेताजी राजवीर डॉक्टर दुष्यंत जेएस कटारिया रवि कुमार गौतम नरेश कुमार शर्मा राजीव शर्मा पीतांबर शर्मा मांगेराम पांचाल रवीश पांचाल सुनील कुमार महेंद्र पांचाल देवानंद शर्मा सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गण एवं सदस्य गण काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए सभी ने कांग्रेस पार्टी का समर्थन किया राजीव शर्मा ने सभी क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया इस अवसर पर मुकेश पंचाल ने कहा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का एक-एक कार्यकर्ता बड़ी मेहनत के साथ क्षेत्र में कार्य कर रहा है सभी सभी कार्यकर्ताओं को मैं बधाई देता हूं आप सभी हमारे लिए सम्मान के योग्य है।

# विजय नैय्यर और विभव कुमार को दी गई जमानत न्यायिक प्रक्रिया का एक हिस्सा : अमित

नई दिल्ली, (वीअ)। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता और अधिवक्ता अमित ने कहा है कि विजय नैय्यर और विभव कुमार को दी गई जमानत न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है और इसका मामले के मेरिट और चार्जशीट से कोई संबंध नहीं है। न्यायिक प्रक्रिया के तहत, हर गिरफ्तार व्यक्ति जमानत का पात्र होता है, विशेषकर जब चार्जशीट दाखिल हो जाती है और अगर माननीय अदालत संतुष्ट होती है कि आरोपी गवाहों या मामले की तथ्यों को प्रभावित नहीं कर सकता। इसलिए, आप नेताओं को नैय्यर और विभव को दी गई जमानत का जश्न नहीं मनाना चाहिए, क्योंकि उन्हें मुकदमे का सामना करना पड़ेगा और निश्चित रूप से सजा का सामना करना पड़ेगा क्योंकि उनके खिलाफ मामला बहुत मजबूत है, जिसके कारण उन्हें लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा।

# भाजपा ने आम आदमी पार्टी को किया बेनकाब

## दिल्ली के हेल्थ मॉडल में भारी भ्रष्टाचार का किया पर्दाफाश

नई दिल्ली, (वीअ)। आज एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में किये गए बड़े खुलासे में, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी सरकार के तथाकथित 'विश्व-स्तरीय' स्वास्थ्य मॉडल की पोल खोली और इसे भ्रष्टाचार का एक बड़ा अड्डा बताया। भाजपा नेताओं ने बताया कि एसीबी ने भाजपा विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा दर्ज की गई शिकायत का संज्ञान लिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर की गई व्यवस्थित लूट को उजागर किया गया। अधूरी अस्पताल इमारतों के ढांचे से लेकर मोहल्ला क्लीनिकों में छाई अव्यवस्था का जिक्र करते हुए, भाजपा नेताओं ने दावा किया कि दिल्ली के चरमराते स्वास्थ्य ढांचे की हर ईंट भ्रष्टाचार से जुड़ी हुई है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भाजपा नेता विजेंद्र गुप्ता ने कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कई उदाहरण दिए। उन्होंने बताया कि 5,590 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 24 अस्पताल परियोजनाओं में से कई अभी तक अधूरी हैं, जिस कारण इनकी लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। एक बड़ा उदाहरण 1,125 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत 6800 बिस्तरों वाले सात आईसीयू अस्पतालों के निर्माण से जुड़ा है, जिसका आज तीन साल बीतने के बावजूद भी



केवल 50 फीसदी काम ही पूरा हुआ है। उसी तरह 94 पॉलीक्लिनिक के निर्माण के बारे में भाजपा ने खुलासा किया कि 94 में से केवल 52 पॉलीक्लिनिक ही बनाए गए हैं। इसके बावजूद, इनकी लागत अज्ञात रूप से 168.58 करोड़ रुपये से बढ़कर 220 करोड़ रुपये हो गई है, और इनमें से अधिकांश पॉलीक्लिनिक अब खाली पड़े हैं।

प्रेस वार्ता में केंद्र सरकार द्वारा तैयार अस्पताल सूचना प्रबंधन प्रणाली (ण्ड्ढश्र) सॉफ्टवेयर के बारे में बताते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि पारदर्शिता के लिहाज से महत्वपूर्ण इस सॉफ्टवेयर को आठ साल बीतने के बावजूद लागू नहीं किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 130 करोड़ रुपये की बर्बादी हुई है। भाजपा नेताओं ने विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में अनुचित लागत वृद्धि पर भी सवाल उठाए। एलएनजेपी अस्पताल में एक ब्लॉक के निर्माण में कई गई धांधली का उदाहरण देते हुए उन्होंने सवाल किया कि इसकी लागत चार साल में 487.66 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,125 करोड़ रुपये तक कैसे हो गई।

गुप्ता ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार केंद्र सरकार द्वारा दिया गए फण्ड का उपयोग करने में विफल रही है, विशेष रूप से पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (ड्ढश्- ण्ड्ढश्) के तहत स्वीकृत किये गए 2,406 करोड़ रुपये का उपयोग नहीं किया गया। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ न उठा सकने वाली दिल्ली एकमात्र राज्य/केंद्र शासित प्रदेश है। केंद्र सरकार की योजना को लागू करने की बजाय, आप सरकार ने लैब सेवाओं को आउटसोर्स कर दिया, जिससे पैसे की भारी बर्बादी हुई। भाजपा नेताओं ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज की भूमिका को इस भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के तत्काल इस्तीफे की मांग की और कहा कि इनकी लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण अनगिनत जिंदगियां खतरे में पड़ गई हैं।

# श्री धार्मिक रामलीला चिराग दिल्ली में किया गया भूमि पूजन




नई दिल्ली। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी चिराग दिल्ली में इस वर्ष रामलीला के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के दौरान इलाके के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वहीं भूमि पूजन के बाद गणेश वंदना से रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें राम विवाह, राम का वनवास, कैकेयी और भरत प्रसंग, रावण अंगद और हनुमान प्रसंग आदि के प्रसंगों का मंचन किया गया। श्री धार्मिक रामलीला दक्षिणी दिल्ली के मुख्य संरक्षक श्री राकेश गुलिया ने बताया कि इस बार भी हर वर्ष की तरह भव्य राम लीला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि

इस का स्टेज भव्य प्रेम मंदिर की तर्ज पर 125 फुट लंबा और तीन मंजिला होगा। उन्होंने कहा कि इस बार रामलीला के मंचन में प्लास्टिक का न के बराबर उपयोग किया जाएगा। रामलीला का मंचन 02 अक्टूबर से शुरू होगा और 12अक्टूबर 2024 तक चलेगा। वहीं भूमि पूजन के मौके पर अतिथि के तौर पर पूर्व विधायक राजेश गहलोत बीजेपी,श्याम शर्मा, पूर्व निगम पार्षद सुनीता गुलिया, प्रधान आनंद जैन, सुशील गुप्ता, सुदन गुप्ता ,कपिल शर्मा,सोमनाथ मुखर्जी नागेंद्र गुलिया, धर्मेंद्र गुलिया, हर्ष गुलिया, जितेन्द्र अहलावत , प्रदीप तेवतिया, विक्रान्त गुलिया , इंद्रजीत गुलिया कार्यकारिणी सदस्यों सहित मौजूद रहे।

# पर्यावरण एवं गणपति का रखें मान : राजेश्वरानंद

## गणेश स्थापना से पहले सम्मानित विसर्जन करें निश्चित

नई दिल्ली, (वीअ)। गणपति स्थापना से अधिक सम्मानित विसर्जन करें निश्चित तभी गणेशोत्सव सुफलता प्रदान करेगा यह अति महत्वपूर्ण संदेश दिया गया आगामी गणेशोत्सव से पहले स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज द्वारा सनातन धर्मावलंबी गणेश भक्तों को संबोधित करते हुए गोरख पार्क शाहदरा स्थित श्री राजमाता झंडेवाला मंदिर में। स्वामी श्री राजेश्वरानंद जी महाराज ने आगामी गणेशोत्सव संदर्भ में भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ दिनों के बाद गणेशोत्सव का शुभारंभ होने वाला है।जो भक्त लोग अपने घरों या सार्वजनिक स्थानों पर विशाल स्तर पर गणेश स्थापना करे वह पहले सम्मानित ढंग से विसर्जन को सुनिश्चित अवश्य करें। ऐसा न हो कि हम लोग गणपति जी को इतना सम्मान तो दे न लेकिन दूसरी तरफ अनजाने में ही उनके एवम सनातन धर्म के अपमान के कारण बन जाएं।हम इतने सम्मान से गणपति जी की स्थापना पूजा अर्चना भोग प्रसाद आरती करते हैं लेकिन विसर्जन के समय एकाएक हम सब कुछ भूलकर इन पवित्र मूर्तियों को उस नदी में विसर्जित करने की तैयारी कर देते हैं जिस नदी के प्रदूषित जल में हम बच्चो को स्नान तो दूर की बात है उस अशुद्ध जल से हम हाथ धोना भी पसंद नही करते।

स्वामीजी ने आगे बोलते हुए कहा कि गणपति विसर्जन के बाद हमारे आराध्य देव गणपति जी के शरीर के अंग टुकड़े टुकड़े होकर नदी के किनारे धूल धूसरित



होकर पड़े दिखाई देते हैं जिसपर पशु पक्षी गंदगी फैलाते हुए नजर आते है।इस तरह विसर्जन से सनातन धर्म को व्यंग का पात्र बनाने वाले कोई विधर्मी नही बल्कि हम स्वयं ही है। ऐसे में क्या हम गणपति जी से आशीर्वाद की उम्मीद रख सकते है?क्या इस तरह की पूजा आरती हमें सुख शांति दे सकते है? कतई नहीं! हमारा कर्तव्य बनता हैं कि हम प्राकृतिक मिट्टी से निर्मित छोटे से गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना करे और फिर अपने गली मोहल्ले अथवा घर आंगन में ही एक जल प्रपात्र बनाकर उसमें इत्र,पुष्प,दूध आदि के मिश्रण में गणेश विसर्जन करने के बाद उस पवित्र जल को अपने घर के पौधों या आस पास के बाग बगीचे में सिंचाई के काम में लाएं जिससे हमारे पूजनीय गणपति जी हमारी आंखे के सामने पौधो के रूप में हमे हरियाली खुशहाली प्रदान करते रहें।

# दिल्ली के कई इलाकों में बारिश, अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री दर्ज किया गया

नई दिल्ली, (वीअ)। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह मौसम सुहाना रहा, जबकि शहर के कई इलाकों में बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के लिए सामान्य तापमान से थोड़ा कम है। आईएमडी के मुताबिक, दिन के दौरान 0.01 से 0.04 मिलीमीटर के बीच मामूली वर्षा दर्ज की गई। शहर में इस वर्ष अब तक 837.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य से 56 प्रतिशत अधिक है। आईएमडी के मुताबिक, दिन में आर्द्रता 88 प्रतिशत से 72 प्रतिशत के बीच रही। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है, जिसमें शहर में आमतौर पर बादल छाए रहने तथा हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया गया है।

# क्लीनिकल ट्रायल से आर्थोपेडिक चिकित्सा में होगा बदलाव : डॉ. शाह

नई दिल्ली। मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल शैल्बी ने ऑर्थोपेडिक सर्जरी में विशेषज्ञता वाली एआई संचालित रोबोटिक्स कंपनी मोनोग्राम टेक्नोलॉजीज इंक के साथ रणनीतिक साझेदारी की। यह सहयोग भारत में एक बहुकेन्द्रीय क्लीनिकल ट्रायल परीक्षण आयोजित करने पर केंद्रित होगा,जिसमें मोनोग्राम के सिस्टम की सुरक्षा और प्रभावशीलता को प्रदर्शित किया जाएगा। शैल्बी के अध्यक्ष डॉ. विक्रम शाह ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े आर्थोपेडिक हॉस्पिटल ग्रुप के रूप में हमें अपने प्रतिष्ठित सर्जनों के साथ पाइपलाइन उत्पादों सहित बाजार में अग्रणी रोबोट और एडवांस टेक्नोलोजी का मूल्यांकन करने का विशेषाधिकार मिला है। हमने सिस्टम और अगली पीढ़ी की पाइपलाइन को प्रत्यक्ष रूप से देखा है और निश्चित रूप से कह सकते हैं कि वे जिस पर काम कर रहे हैं, वह आर्थोपेडिक चिकित्सा



को हमेशा के लिए बदल देगा। हम मोनोग्राम के साथ इस साझेदारी से उत्साहित हैं और हमारा मानना है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और विश्व स्तर पर उनकी सिस्टम के लिए बाजार की संभावनाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं और बहुत तेजी से बढ़ सकती हैं। मोनोग्राम टेक्नोलॉजीज इंक के सीईओ बेन सेक्सन ने कहा कि प्रतिवर्ष दो लाख से अधिक टीकेएएस के साथ भारत एक विशाल बाजार क्षमता का प्रतिनिधित्व करता है, जो बड़ी आबादी और जनसांख्यिकीय अनुकूल परिस्थितियों से प्रेरित है।

# अदालत ने धनशोधन मामले में आरोपी को जमानत देते हुए ईडी की खिंचाई की

नई दिल्ली, (विसं)। दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में एक आरोपी को जमानत देते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को खिंचाई की और कहा कि गिरफ्तारी की शक्ति सीधे तौर पर नियंत्रण और संतुलन के समानुपातिक होनी चाहिए वहीं स्पष्ट नियमन भी होने चाहिए।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरज मोर ने मांगेलाल सुनील अग्रवाल को जमानत देते हुए कहा कि "बहुत अप्रिय स्थिति में, पिछले जांच अधिकारी (आईओ) ने उन्हें गवाह के रूप में उद्धृत किया था जबकि अगले आईओ ने रिकॉर्ड पर उपलब्ध उन्हीं साक्ष्यों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार करने का फैसला किया। न्यायाधीश ने 31 अगस्त को पारित आदेश में कहा, "किसी भी जांच की पहचान उसकी निष्पक्षता है। जांच अधिकारी की व्यक्तिनिष्ठ व्याख्या की निंदा की जानी चाहिए क्योंकि कथित निष्पक्ष जांच उसकी अनियंत्रित कल्पनाओं पर निर्भर हो जाएगी, जिसे गिरफ्तारी की अत्यधिक शक्ति प्रदान की गई है, जिससे किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगता है। अदालत ने कहा कि "इन परिस्थितियों में, यह स्पष्ट है कि जांच अधिकारियों में से एक गलत था और या तो उसने कानून से परे कारणों के आधार पर काम किया या वह मामले के तथ्यों को उचित परिप्रेक्ष्य में समझने में अक्षम रहा। अदालत ने अपने आदेश में कहा, "दोनों ही स्थितियां खतरनाक है क्योंकि इससे आरोपी बिना किसी दंड के छूट सकता है या किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता पर गैरकानूनी रूप से अंकुश लग सकता है जिससे उसकी स्वतंत्रता के मूल अधिकार पर हमला हो सकता है। न्यायाधीश ने उल्लेख किया कि अदालत ने नवंबर 2022 में अग्रवाल को तलब नहीं करने का विकल्प चुना था क्योंकि उसे उनके खिलाफ रिकॉर्ड पर एकत्र सबूत उन्हें आरोपी मानने के लिए पर्याप्त नहीं लगे थे। अदालत ने कहा कि बाद में आईओ ने उसी साक्ष्य के आधार पर आवेदक को गिरफ्तार कर लिया।

## सुनवाई के दौरान आरोपी ने गवाह पर हमला किया

नई दिल्ली, (भाषा)। कड़कड़डूमा अदालत में सोमवार को एक आपराधिक मामले के गवाह पर आरोपी ने कथित तौर पर ब्लेड से हमला कर दिया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। यह घटना उस समय घटी जब विशेष न्यायाधीश आलोक शुक्ला मामले की सुनवाई कर रहे थे। हमले के वक्त मौजूद एक सूत्र ने कहा, आरोपी ने गवाह के साथ तीखी नोकझोंक के बाद उस पर ब्लेड से हमला कर दिया। पीड़ित के चेहरे और गर्दन पर चोटें आई, जिसके बाद अदालत परिसर में तैनात चौकी पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने कहा, हमले के बाद कोर्ट रूम में खून के छींटे पड़े हुए थे।

## दिल्ली में पटाखा गोदाम में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली, (वीओ)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार इलाके में सोमवार को पटाखों के एक गोदाम में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सोनिया विहार की गली नंबर एक स्थित चौहान पट्टी में सुबह चार बजे हुई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग की पांच गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पाने में दो घंटे लगे।

पुलिस ने बताया कि एक कमरे के अंदर से एक व्यक्ति का जला हुआ शव बरामद किया गया है। संभवतः यह शव गोदाम की देखभाल करने वाले का है जो परिसर में सो रहा था। एक अधिकारी ने कहा, "पता चला कि 200 वर्ग गज के भूखंड का मालिक कृष्ण है जिसने यह परिसर बजीराबाद में रहने वाले जावेद को किराए पर दिया था। अधिकारी ने बताया कि भूखंड में एक कमरा था जिसमें कुछ पटाखे रखे हुए थे। उन्होंने बताया कि जावेद इस परिसर का इस्तेमाल पटाखों को रखने के लिए करता था। उन्होंने बताया कि यह भी संदेह है कि गोदाम अवैध रूप से चल रहा था और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जावेद को पकड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं तथा आगे की जांच जारी है।

## बॉस की हरकत से परेशान शख्स ने किया सुसाइड

फरीदाबाद, (सुनील शर्मा)। कंपनी के प्रबंध निदेशक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने से आहत एक प्रबंधक ने अपने घर के बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजन को सौंप दिया। थाना सराय ख्वाजा में अशोका एन्क्लेव मेन सेक्टर-35 निवासी मांशी राणा ने दी शिकायत में बताया कि उनके पिता गंभीर सिंह राणा लगभग 26 साल से दिल्ली स्थित कंपनी में प्रोडक्शन प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। 10-15 दिन से कंपनी के प्रबंधक निदेशक हेमंत आनंद, प्रबंधक रूप नंदा, विशाल अरोड़ा, हर्ष खुराना, आयुष जैन व अन्य ऑफिस के काम को लेकर पिता को प्रताड़ित कर रहे थे। पिता से त्याग पत्र मांगा जा रहा था।

उन्होंने कहा कि पिता से यह भी कहा कि यदि त्यागपत्र नहीं दिया तो झूठे मुकदमे में फंसा देंगे। पिता से आरोपियों ने सफेद कागज पर हस्ताक्षर करा लिए थे। इस वजह से पिता परेशान रहते थे। पिता ने इस बारे में उसे कई बार बताया। ऑफिस आते-जाते समय पिता सोच में डूबे रहते थे। इस वजह से पिता के साथ सड़क दुर्घटना भी हो गई थी। उन्होंने बताया कि एक सितंबर को पिता काफी देर तक बाथरूम से बाहर नहीं आए। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा तो देखा कि अंदर पिता ने फांसी का फंदा लगा लिया है और उनकी मौत हो चुकी है। मांशी ने पिता द्वारा उठाए गए इस कदम का जिम्मेदार कंपनी प्रबंधन को बताया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आई केयर इक्वालिटी ने 2175 श्रमिकों को दृष्टि समर्थन प्रदान किया

नोएडा, (वीओ)। सिर्फ 16 साल की उम्र में, द श्रीराम मिलेनियम स्कूल, नोएडा के 11वीं कक्षा के छात्र, हर्ष केडिया, अपनी पहल, आई केयर इक्वालिटी के माध्यम से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के चार राज्यों में ब्लू कॉलर वर्कर्स पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं। हर्ष ने अपने पिता के साथ फैक्ट्रियों और निर्माण स्थलों पर जाने के दौरान ब्लू कॉलर वर्कर्स द्वारा सामना की गई कठिनाइयों से प्रेरित होकर सितंबर 2023 में इस गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की। उनका उद्देश्य इन श्रमिकों की उपेक्षित आंखों की देखभाल की जरूरतों को पूरा करना है। आई केयर इक्वालिटी मुफ्त दृष्टि परीक्षण, निदान और सुधारात्मक उपाय प्रदान करता है, जिसमें पढ़ने के चश्मे और आई ड्रॉप शामिल हैं। यह 15 से अधिक हाई स्कूल वॉलंटियर और एलडी चैरिटेबल ट्रस्ट के योग्य डॉक्टरों की एक समर्पित टीम के समर्थन से संचालित होता है। इस पहल ने 2,175 श्रमिकों के लिए दृष्टि परीक्षण किए हैं, 778 पढ़ने के चश्मे और 425 आई ड्रॉप वितरित की हैं और 480 दूरी के चश्मे निःशुल्क किए हैं। हर्ष के दृष्टिकोण में फैक्ट्रियों के भीतर आंखों के शिविर लगाने शामिल हैं, जिससे संगठन को जरूरतमंद श्रमिकों की कुशलता से सेवा करने में आसानी होती है। सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के बावजूद, कई ब्लू कॉलर वर्कर्स या तो इन योजनाओं के बारे में अनजान हैं या उनकी पहुंच से बाहर हैं, विशेषकर अव्यवस्थित सेक्टर में काम करने वाले लोग।

# पश्चिमी दिल्ली में चाकू घोंपकर पत्नी को मार डाला, शव कार में ही छोड़ा

नई दिल्ली, (वीओ)। पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में 21 वर्षीय एक व्यक्ति ने चाकू घोंपकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी और उसका शव अपनी कार में ही छोड़ दिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान गौतम के रूप में हुई है और जब वह भागने की कोशिश कर रहा था तभी इलाके में गश्त कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने उसे पकड़ लिया।

पुलिस के अनुसार, गौतम देर रात संदिग्ध हालात में बिना कमीज पहने घूम रहा था तभी रात एक बजकर 20 मिनट पर ख्याला पुलिस थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अजय ने उसे पकड़ लिया और पूछताछ की तो घटना का खुलासा हुआ।

पूछताछ करने पर गौतम ने बताया कि उसने अपनी पत्नी मान्या (20) की हत्या कर उसका शव कार में ही छोड़ दिया है।

एक अधिकारी ने बताया कि मामले की पड़ताल की गई तथा पूछताछ जारी रखी गई जिसके बाद रघुबीर नगर निवासी गौतम ने पुलिस को बताया कि उसने मार्च में अपने परिवार की सहमति के बिना मान्या से शादी की थी।

अधिकारी ने बताया कि शादी के बाद भी वे अपने-अपने परिवार के साथ ही रह रहे थे और कभी-कभार मिलते थे।

रविवार रात गौतम कार में राजौरी गार्डन इलाके के तितारपुर में मान्या से मिलने आया था।

एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया, रात करीब 11 बजे मान्या ने जोर देकर कहा कि दोनों को एक साथ रहना चाहिए और इस बात को लेकर कार में ही दोनों के बीच बहस हो गई।

गौतम ने मान्या पर चाकू से कई वार किए। अधिकारी ने बताया कि यह देख उसे आभास हुआ कि वह मर चुकी है तो उसने कार शिवाजी कॉलेज की लाल बत्ती के पास खड़ी कर दी और भागने की कोशिश कर रहा था, तभी हेड कांस्टेबल अजय ने उसे पकड़ लिया।

# शराब तस्करी करते एक आरोपी को काबू कर 100 पेटी अवैध शराब जब्त

फरीदाबाद, (सुनील शर्मा)। सूरजकुंड थाने की पुलिस टीम ने शराब तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम नितिन है जो मेरठ का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के लक्कड़पुर में रह रहा था। पुलिस को गुप्त सूत्रों से अनंगपुर के खड़िया खान जंगल के रास्ते शराब तस्करी की सूचना प्राप्त हुई थी जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों की धरपकड़ के लिए थाना प्रबंधक सूरजकुंड द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया। सूचना के आधार पर पुलिस टीम अनंगपुर जंगल में पहुंची जहां उक्त आरोपी गाड़ी लेकर वहां पहुंचा जिसके साथ दो स्कूटी और एक मोटरसाइकिल पर तीन अन्य साथी सवार थे जिन्होंने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। स्कूटी और मोटरसाइकिल पर सवार 3 व्यक्ति अपने वाहन को वहीं पर छोड़कर मौके का फायदा उठाकर भाग गए वहीं पुलिस ने आरोपी गाड़ी चालक को काबू कर लिया। गाड़ी की चेकिंग करने पर उसमें से 100 पेटी अवैध शराब बरामद हुई।

# जटवाड़ा ने शीला नफे राठी को दिया आशीर्वाद

बहादुरगढ़ (राकेश पंवार)। स्व. नफे सिंह राठी की धर्मपत्नी शीला राठी को इंडियन नेशनल लोकदल व बसपा गठबंधन का प्रत्याशी घोषित किया गया है। जटवाड़ा मोहल्ला की आठ, सात, पांच पाना की हुई पंचायत में शीला नफे सिंह राठी को विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का प्रस्ताव पंचायत द्वारा रखा गया था, जिस पर पंचायत ने आम स्वीकृति दी। तीनों पानों की पंचायत ने शीला नफे सिंह राठी को विधानसभा चुनाव में सहयोग देने का आश्वासन व आशीर्वाद दिया। जटवाड़ा मोहल्ला के लोगों ने पंचायत में एक स्वर में कहा कि वे स्व. नफे सिंह राठी के परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़े है क्योंकि इनके साथ अन्याय हुआ है



और हम सभी हर परिस्थिति में परिवार के साथ इस चुनाव को मिलकर लड़ेंगे। स्व. नफे सिंह राठी के परिवार ने भी पंचायत को पूर्ण आश्वासन दिया कि वे उनके आदेशों की पालना करते हुए जनहित के कार्य करेंगे और विधानसभा चुनाव को पूरी मेहनत व ईमानदारी के साथ लड़ेंगे। चुनाव में शामिल सभी ने पूरे परिवार व कुनबे को कहा स्व. नफे सिंह राठी के दिखाए जनहित के मार्ग पर चलते हुए पूरे बहादुरगढ़ हलके का एक समान विकास करेंगे। हलके में लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने देंगे।

## गुमशुदा 30 मोबाइल फोन मालिकों को वापिस

फरीदाबाद, (सुनील शर्मा)। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल व साइबर जसलीन कौर के दिशा निर्देश में साइबर सेल सेंट्रल ने गुम हुए 30 मोबाइल फोन तकनीकी सहायता के आधार पर ढूंढ निकाले है जिन्हें डीसीपी ने उनके असल मालिकों को वापिस लौटाए है जिनकी कीमत करीब 5.50 लाख रुपए है। इससे पहले भी साइबर टीम द्वारा करीब 25 लाख कीमत के 84 मोबाइल फोन तलाश किए गए थे। पुलिस प्रवक्ता ने इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि साइबर सेल सेंट्रल टीम ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विभिन्न लोगो के गुम हुए 30 गुमशुदा मोबाइल फोन को ट्रेस करने उपरांत मोबाइल फोन को उनके असल मालिकों को वापस लौटाकर उनके चेहरे पर दोबारा से खुशिया लौटाई।

सभी लोग अपने खोए हुए मोबाइल को दोबारा वापिस पाकर खुशी जाहिर करते हुए तालियां बजाकर दिल से धन्यवाद किया। पुलिस विभाग द्वारा किये गये इस कार्य की सराहना की। उपरोक्त सभी लोगो अपने अपने खोए हुए मोबाइल को वापस पाकर खुशी से डीसीपी साइबर व पुलिस टीम का धन्यवाद किया है।

**Public Notice**

My client Jasvinder Kaur W/o Sharanjeet Singh R/o H. No. WZ-412, Guru Nank Nagar, Gali No. 1A, Shahpura, New Delhi-110018, severed all the relations and debarred their daughters Komal, Preeti, Surjeet Kaur, son-in-law Sonu Bhagat, Heera Lal, Pankaj Mishra, and grand child Raj Preet, Preet, Geet Mishra and Preet Mishra from all relations, entire moveable/immovable properties and assets due to their hostile behaviour. My client shall not be responsible for their any act, deeds and doings in future. **Akshay, Advocate, Office at B-82X, DDA Flat Near Mahendra Park, Police Station, Delhi-110033.**

## विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फरीदाबाद बॉर्डर पर इंटरस्टेट नाके

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश नरवाल के दिशा निर्देश पर चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस द्वारा फरीदाबाद बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की निगरानी रखने के लिए इंटर स्टेट नाके लगाए गए है। इसके साथ ही अर्धसैनिक बल के साथ मिलकर एनआईटी, बल्लबगढ़ व सेन्ट्रल जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा चुनाव में कानून व शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है। चुनाव के दौरान नशा व शराब तस्करी रोकने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए फरीदाबाद बॉर्डर पर इंटरस्टेट नाके लगाकर संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा बदरपुर बॉर्डर, जैतपुर दिल्ली बॉर्डर, शूटिंग रेंज सूरजकुंड, मांगर भाटी माइंस, मोहना तथा मंझावली यमुना पुल सहित 7 नाके लगाए गए है। जहां पर पुलिस बल के साथ अर्धसैनिक बल भी पर्याप्त संख्या में तैनात किए गए है। शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की दो टीम गठित की गई है जिसमें एक टीम एनआईटी जोन तथा दूसरी टीम बल्लभगढ़ व सेंट्रल जोन में शराब तस्करी में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ कर शराब तस्करी पर अंकुश लगाने का काम करेगी। इसके साथ ही शराब के स्‌। गोदाम के आस पास चुनाव के मद्देनजर नाके लगाए गए है जिससे पुलिस टीम शराब के आवागमन पर निगरानी रखेगी।

इसके साथ ही फरीदाबाद पुलिस द्वारा तीनों जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को चुनाव में अपने मताधिकार का स्वतंत्र, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण तरीके से प्रयोग करने तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने बारे जानकारी प्रदान की जा रही है।


शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए शस्त्र लाइसेंस धारकों को अपना शस्त्र जमा करवाने के लिए सूचित किया गया है। अभी तक 3119 शस्त्र धारकों ने अपने शस्त्र जमा करवाएं है।

## राजेश जून का जोरदार स्वागत

बहादुरगढ़, (वीओ)। बहादुरगढ़ विधानसभा के लाइनपार में सुभाष नगर की बिहारी कॉलोनी में आयोजित जनसभा में पहुंचे हल्के के वरिष्ठ समाज सेवक व कांग्रेस डेलीगेट राजेश जून का उपस्थित जनो ने जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। राजेश जून ने जनसभा को संबोधित करते हुए चुनाव में साथ देने का आह्वान किया, सभी ने दोनों हाथ उठाकर राजेश जून का साथ देने का आश्वासन दिया। राजेश जून ने कहा कि 10 साल में बहादुरगढ़ में कोई भी विकास कार्य नहीं हुए जिसके लिए पूर्ण रूप से हरियाणा प्रदेश की भाजपा सरकार जिम्मेदार है 10 साल में बहादुरगढ़ के जनप्रतिनिधियों ने पूरे हल्के को गर्त में धकेलने का काम किया है।

# चुनाव में पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण है रेंडमाइजेशन

फरीदाबाद, (सुनील शर्मा)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही प्रशासन का दायित्व और जिम्मेदारी होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज रिटर्निंग ऑफिस और विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का पहला चरण सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों की मौजूदगी में करवाई जाती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत होती





है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों की सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि जिला फरीदाबाद के विधानसभा क्षेत्रों में अब 1650 पोलिंग स्टेशन की संख्या हो गयी है। इस बार 181 नए बूथ बनाए गए हैं। जिससे आमजन को सुविधा रहेगी कि वह अपने घर के पास ही मतदान कर सकें। इसके अलावा मतदाताओं को क्यू मैनेजमेंट एप से भी बीएलओ जानकारी देगा कि मतदान के लिए कितने लोग लाइन में है, ताकि एक समय में बहुत अधिक भीड़ मतदान केंद्र पर न हो और मतदाता को अपना वोट डालने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत ईवीएम आवंटन की प्रक्रिया पर उठने वाले सवालों और आपत्तियों की आशंका को खत्म किया जाता है। कंप्यूटर पर ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से जिला में उपलब्ध सभी ईवीएम के नंबरों की सूची को दर्ज किया जाता है।

## घर से लापता लड़की परिजनों के हवाले

फरीदाबाद, (वीओ)। अपराध शाखा कैट की टीम ने 1 महीने से लापता 24 वर्षीय लड़की को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 जुलाई को तिगांव थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें लड़की के परिजनों ने बताया कि उनकी लड़की 27 जुलाई से लापता है। जिस पर थाना पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर लड़की को तलाश को जा रही थी। पुलिस आयुक्त द्वारा ह्यूमन ब्रांच कैट को लड़की की तलाश की जिम्मेवारी सौंपी गई। मामले में अपराध शाखा की टीम के द्वारा कार्रवाई करते हुए लड़की के पुणे में होने की सूचना प्राप्त हुई।

**In The Court of Sh. Shirish Aggarwal, District Judge-03, New Delhi District, Patiala House Courts, New Delhi.**

Summons/Notice For Service By Advertisement In A Newspaper

**(Order V, Rule 20 of The Code of Civil Procedure)**

**CS No.-680/2018**

**Tantech Industries ......Plaintiff**

**Versus**

**Saru International Pvt. Ltd. And Ors. ......Defendant**

**To,**

**1). Saru International Pvt. Ltd. and Ors.,** R/o Y-244, F/Flr. Loha Mandi Naraina, South West, Delhi-110028.

**2). Veena Mago, Director,** R/o Y-244, F/Flr. Loha Mandi Naraina, South West, Delhi-110028.

**3). Sandeep Mago, Director,** R/o Y-244, F/Flr. Loha Mandi Naraina, South West, Delhi-110028.

**4). Brij Bhushan Mago, Director,** R/o Y-244, F/Flr. Loha Mandi Naraina, South West, Delhi-110028.

Whereas plaintiff has instituted the above Petition filed an application in the suit against you for declaration and mandatory injunction.

You are hereby summoned to appear in this Court in person or by a pleader on the **12.12.2024 at 10.00 O'clock,** to answer the same, failing which the suit/application will be disposed of ex-parte.

Given under my hand and the seal of the court, this **20-03-2024.**

**Seal Sd/-**

**LD. District Judge, (New Delhi District), Patiala House Courts, New Delhi.**

**Proclamation Requiring Attendence of Defendnat (Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**

**The Court of Ms. Pooja Jain,. District Judge-03, East District, Court Room No. 206, N/B. Karkardooma Courts, Delhi.**

**Case No. :-CS/571/2023.**

**Ganga Kavery Construction P. Ltd. ....Plaintiff**

**Against**

**SRC Realtors Pvt. Ltd. ......Defendant**

**To,**

**1. Santosh Kumar Choubey,** Director, R/o Flat No. A-1410, Maxbills Grand Kingston, Sector-75, Gautam Buddha Nagar, Noida-201301. Email:-santoshchoubey2012@gmail.com

**2. Pradeep Kumar Manglik, Adult,** R/o H-1003, Pearl Court, Ramprasta Green, Vaishali, Indrapuram, Ghaziabad, Uttar Pradesh.

**3. M/s GKS Associates,** Office At 2FS-505, School Block, Shakarpur, Delhi-110092.

Whereas you are intentionally evading services of summons. It is hereby notified that if you shall not defend the case on the **14th day of October, 2024 at 10'O clock** in the forenoon the day fixed for final disposal, it will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and the seal of this Court on this **27th day of August, 2024.**

**Seal Sd/-**

**District Judge-03 (East District) Karkardooma Courts, Delhi.**

**Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of The Code of Civil Procedure)**

**In The Court of Sh. Ramesh Kumar-II, District Judge, Shahdara District, Room No. 302, 3rd Floor, Karkardooma Courts, Delhi-110032.**

**Suit No. CS-481/2022**

**Atikur Rehman and Anr. ....(Plaintiff)**

**Against**

**Satveer and Anr. .....(Defendant)**

**To**

**Sh. Satveer Singh** S/o Charan Singh, At Present:- R/o A-44, Gali No.1, North Chhajjupur, Shahdara, Delhi-110032.

**Previously At:** 5-34, West Jyoti Nagar, Shahdara, Delhi-110032.

**Permanent Address:** Near Kanya Pathshala, Thana Bhaurakalan, Mohammadpur Madan, Distt. Muzaffarnagar, UP. Pin-251301.

**(The Defendant above named)**

Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **15th day of October, 2024** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and the seal of the court, this **22nd day of August, 2024.**

**Seal Sd/-**

**District Judge (Shahdara District) Karkardooma Court, Delhi.**

**In The Court of Sh. Gaurav Sharma, Administrative Civil Judge-Cum-Commercial Civil Judge-Cum-Addl. Rant Controller (Shahdara), Court No. 53, 2nd Floor, Karkardooma Courts, Delhi.**

For Succession Certificate Under Section 372 of The Indian Succession Act, 1925.

**Petition No. Succession Court-21/2024.**

**Rohit**

**Vs**

**The State & Ors.**

**Sh. Rohit Kumar Gupta,** S/o Late Sh. Mahender Kumar Gupta, R/o 2305, Bihar Colony, Shahdara, North East, Delhi-110032.

**.....Petitioners**

**V/s**

**The State of NCT of Delhi,** Through Sub Divisional Magistrate, Concerned, Bunkar Colony, Nand Nagri, Near Gagan Cinema, Delhi-110093. **.....Respondents**

**To,**

Whereas in the above noted petition the applicant/petitioner has applied for succession certificate before the Hon'ble Court Under Section 372 of the Indian Succession Act, 1925 in respect of debts & securities in the name of Late Sh. Manendra Kumar Gupta, the deceased.

Whereas in terms of previous Order dated **05.09.2024,** all concerned to file their objection if any.

Given under my hand and the seal of the Court on this **30th day August, 2024.**

**Seal Sd/-**

**ACJ-CUM-CCJ-CUM-ARC (Shahdara), Karkardooma Courts, Delhi.**

**Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of The Code of Civil Procedure)**

**The Court of Sh. Ayush Sharma, Civil Judge, (East), Room No. 102, New Building, Karkardooma Courts, Delhi-110032.**

**Case No.:- Civ. Suit No.-978/2023**

**Poonam Goel ...(Plaintiff)**

**V/s**

**Brijesh Bansal .....(Defendant)**

**To,**

**Brijesh Bansal** S/o Late Sh. Shyam Sundar Lal Bansal, Off-Shop No.15-A, Ground Floor, A-Block, Jagat Puri, Delhi-110051.

Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case before the **15th day of October, 2024** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and the seal of the court, this on **23rd day of August, 2024.**

**Seal Sd/-**

**Civil Judge, (East), New Building, Karkardooma Courts, Delhi.**

**Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of The Code of Civil Procedure)**

**In The Court of Sh. Shivaji Anand, Addl. District Judge-1+MACT, (North-West) Room No. 211, 2nd Floor, Rohini Courts, Delhi.**

**MACT Case No.468/2023**

**Pankaj ......Plaintiff**

**Versus**

**Sher Ram & Ors. ......Defendant**

**To,**

**Respondent No.2.**

**Tip Top Food Tech India Pvt. Ltd.,** Through its Proprietor,

**Office At:** D-352, Ground Floor, 80, JJ Colony, Raghubir Nagar, Tagore Garden, New Delhi.

Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **07th day of September, 2024 at 10:00 am** the day fixed for the hearing/final disposal, the case will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and seal of the court.

**Seal Sd/-**

**Addl. District Judge+MACT, North-West, Rohini Courts, Delhi.**

**Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of The Code of Civil Procedure)**

**In The Court of Sh. Shivaji Anand, Addl. District Judge-1+MACT, (North-West) Room No. 211, 2nd Floor, Rohini Courts, Delhi.**

**MACT Case No.469/2023**

**Ruby ......Petitioner**

**Versus**

**Sher Ram & Ors. ......Respondnet**

**To,**

**Respondent No.2.**

**Tip Top Food Tech India Pvt. Ltd.,** Through its Proprietor,

**Office At:** D-352, Ground Floor, 80, JJ Colony, Raghubir Nagar, Tagore Garden, New Delhi.

Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **07th day of September, 2024 at 10:00 am** the day fixed for the hearing/final disposal, the case will be heard and determined ex-parte.

Given under my hand and seal of the court.

**Seal Sd/-**

**Addl. District Judge+MACT, North-West, Rohini Courts, Delhi.**

# वीर अर्जुन

अर्जुनस्य प्रतिज्ञे द्वै, न दैन्यं, न पलायनम् ।

नई दिल्ली, मंगलवार, 3 सितम्बर, 2024


## करोड़ों में बनी शिवाजी प्रतिमा 8 माह में गिरी

महाराष्ट्र के मालवन में समुद्र तट पर 8 महीने पहले लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा सोमवार दोपहर अचानक भरभराकर गिर गई। छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा के धराशाही होने की घटना सिर्फ इसलिए दुखद नहीं है कि यह प्रतिमा हमारे एक महानायक की महान स्मृतियों से जुड़ी थी और इसमें भारतीय नौ सेना की साख भी जुड़ी हुई थी बल्कि यह इसलिए भी गंभीर चिंता का विषय है कि हमारे सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की कलई खुल गई। गौर कीजिए इस प्रतिमा का निर्माण करोड़ों रुपए की लागत से किया गया और इसी 4 दिसम्बर को नौसेना दिवस पर इसका अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था। इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिवाजी से माफी मांगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा– मैं इस घटना पर सिर झुकाकर माफी मांगता हूं। हमारे लिए शिवाजी आराध्य देव हैं। उन्होंने यह बयान शुक्रवार को राज्य के पालघर जिले में वधावन बंदरगाह परियोजना के शिलान्यास समारोह के दौरान दिया। इससे पहले राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी कहा था कि वो इस घटना के लिए माफी मांगने को तैयार हैं। वहीं राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार भी इस घटना के लिए माफी मांग चुके हैं। पीएम मोदी की ओर से माफी मांगने के बावजूद विपक्ष के हमले जारी हैं। विपक्ष कह रहा है कि भ्रष्टाचार की वजह से मूर्ति गिरी है, इसलिए सीएम शिंदे और दोनों डिप्टी सीएम को हटाएं। जल्द ही विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा और उनके सहयोगियों की पहले से ही हालत पतली है। जैसे कि लोकसभा के चुनाव परिणामों ने दर्शा दिया। पत्रकारों से बात करते हुए जयंत पाटिल ने कहा, केवल आठ महीने पहले बनाई गई मूर्ति गिर गई है। यह मूर्ति नहीं गिरी है। महाराष्ट्र का गौरव गिरा है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि तेज हवा चल रही थी इसलिए मूर्ति गिरी। अगर ऐसा होता तो दो या तीन पेड़ गिर जाते, वहीं लगे नारियल के पेड़ों से लटके नारियल भी गिर जाते पर ऐसा कुछ नहीं हुआ, केवल मूर्ति ही क्यों गिरी? इसका मतलब है कि मूर्ति का काम सही तरीके से नहीं हुआ। मूर्ति का काम कम अनुभव वाले व्यक्ति को दिया गया था जिसे दो फुट की मूर्ति बनाने का अनुभव है, उसे 35 फुट की मूर्ति बनाने का काम दिया गया। कहा तो यह भी जा रहा है कि करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार हुआ है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फर्णांडीस ने विपक्ष पर इस मामले को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया था। इस पर प्रेस कांफ्रेस में शरद पवार ने कहा, इसमें राजनीति कहां है? शिवाजी महाराज के शासनकाल के दौरान जब एक लड़की के साथ बलात्कार हुआ तो शिवाजी ने व्यक्ति के हाथ और पैर कटवा दिए थे। उन्होंने लोगों के सामने अपराध को लेकर इतना सख्त रुख अपनाया था लेकिन आज भ्रष्टाचार हुआ है। वो भी शिवाजी महाराज की प्रतिमा बनाने के फैसले को उन्होंने कहा जहां-जहां प्रधानमंत्री खुद गए हैं वहां-वहां प्रतिमा गिरी हैं। इससे पता चलता है कि भ्रष्टाचार किस हद तक पहुंच गया है। मूर्ति बनाने में जल्दबाजी की गई इसमें जितना समय लगना चाहिए था उसमें इसलिए जल्दबाजी की गई ताकि विधानसभा चुनाव में इसका राजनीतिक लाभ मिल सके। राजनीतिक लाभ तो दूर की बात अब तो नुकसान का आंकलन करना चाहिए।

## हरियाणा चुनाव की कमान संघ के हाथ

आगामी अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा को हैट्रिक दिलवाने के लिए सूत्रों का दावा है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) ने कमान संभाल ली है। संघ के सभी सांप्रदायिक संगठन पूरी ताकत के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ खड़े होंगे। चुनाव में टिकट वितरण से लेकर रणनीति तैयार करने जैसे सभी मामलों में संघ से राय-मशविरा किया जा रहा है। भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए संघ का जोर मत प्रतिशत बढ़ाने और 60 फीसदी सीटों पर प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त हासिल करने पर है। इसके लिए संघ ने भाजपा हाईकमान को 70 फीसदी सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया जाना चाहिए का सुझाव दिया है। संघ के सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा में पाया गया कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी, अंदरूनी कलह, अति आत्मविश्वास को बेहतर तालमेल की कमी के कारण पार्टी आधी से अधिक बूथों पर प्रतिद्वंद्वियों से पीछे रह गई थी। जिन बूथों पर पार्टी उम्मीदवार पीछे रहे, वहां लचर प्रबंधन और कार्यकर्ताओं की उदासीनता सबसे बड़ा कारण रहा। संघ ने तय किया है कि सभी बूथों पर भाजपा के साथ संघ के कार्यकर्ता भी सक्रिय होंगे। मतदान से पहले हर हाल में एक-एक परिवार से संपर्क किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में पार्टी 19,812 बूथों में से 10,072 बूथों पर पीछे रह गई। भाजपा का लक्ष्य विधान चुनावों में 11000 बूथों पर बढ़त हासिल करने का है। इसके लिए संपर्क अभियान में संघ के सभी अनुषांगिक संगठन हिस्सा लेंगे। उधर हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एक प्री-पोर्टल सर्वे आया है। इस सर्वे के अनुसार 90 विधानसभा सीटों वाले प्रदेश में भाजपा के साथ बड़ा खेला हो सकता है। हरियाणा को लेकर लोक पोल ने प्री-पोल सर्वे किया है। इस प्री-पोल सर्वे में किसे कितनी सीटें मिलने वाली हैं। इसका अनुमान प्रस्तुत किया गया है। यह प्री पोल सर्वे 30 अगस्त 2024 को नवभारत टाइम्स में प्रकाशित किया गया है। इस ओपिनियन पोल का साइज 67,500 है। यानि इसमें हरियाणा के 67,500 लोगों से राय ली गई है। लोक पोल सर्वे के मुताबिक हरियाणा में इस बार कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर वापसी करेगी। कांग्रेस को इस चनाव में 58-65 सीटें मिलने का अनुमान है। इस चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 46-48 फीसदी हो सकता है। वहीं भाजपा की बात करें तो सर्वे के अनुसार उसे 20-29 सीटें हासिल हो सकती हैं और इसका वोट शेयर 35-37 फीसदी रह सकता है। इस सर्वे के अनुसार तीन से पांच सीटें अन्य के खाते में भी जा सकती हैं। हरियाणा में मुख्य फाइट कांग्रेस और भाजपा में रहेगी। जेजेपी और जैसे क्षेत्रीय दलों का असर न के बराबर रहेगा। लोक-पोल ने 26 जुलाई से 24 अगस्त, 2024 के बीच यह सर्वे किया है, जिसका सैंपल साइज 67,500 का पोर्टेबल डिवाइस पर लोगों से फेस टू फेस इंटरव्यू किए गए थे। इन सर्वे की माने तो जाट, सिख और जाटव बड़े स्तर पर कांग्रेस के समर्थन में जाएंगे। एंटी-इंकवैंशी फैक्टर का असर भी भाजपा पर पड़ा है।

**—अनिल नरेन्द्र**

इस सम्पादकीय और पूर्व के अन्य संपादकीय देखने के लिए अपने इंटरनेट/ब्राउजर की एड्रेस बार में टाइप करें http://anilnarendrablog.blogspot.com

# ऐसा क्या गलत कह दिया कंगना रनौत ने?



डॉ. बचन सिंह सिकरवार

**निस्वार्थ भाव से राष्ट्र हित की राजनीति करने को कोई क्यों आगे आएगा? जहां राष्ट्रहित की कीमत पर असत्य बोलकर सत्ता पाई जाती है, ऐसा देश कब तक अपनी स्वतंत्रता, सम्प्रभुता अक्षुण्ण रख पाएगा? देश के राजनीतिक दल इस सत्य तथ्य पर कब ध्यान देंगे? ऐसा कब तक होता रहेगा? यह प्रश्न विचारणीय और अनुत्तरित बना हुआ है।**

गत दिनों हिमाचल प्रदेश की मण्डी संसदी क्षेत्र से सांसद एवं प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा एक साक्षात्कार में कथित किसान आन्दोलन, उनके नेताओं की करतूतों और उनके असल इरादों के बारे में जो कुछ खुलकर कहा, उसमें कुछ भी असत्य और अतिश्योक्ति नहीं है। अब इसे लेकर पंजाब और हरियाणा के किसान और सियासी पार्टियों के नेताओं न सिर्फ जीभर कर उन्हें कोस रहे हैं, बल्कि उनके खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने और जान से मारने से धमकियाँ तक दे रहे हैं। यहाँ तक कि कुछ बलात्कार का डर भी दिखा रहे हैं, फिर भी देशभर में सियासी पार्टियों से लेकर मानवाधिकार तथा अभिव्यक्ति स्वतंत्रता के पक्षधरों के संगठनों तक ने उनके बयानों की आलोचन/निंदा/मजम्मत तक नहीं की है। अब उनकी फिल्म 'इमरजेन्सी' को न चलने देने की धमकी भी दे रहे हैं और पंजाब में कंगना रनौत को प्रतिबन्धित करने की माँग कर रहे हैं। क्या देश में सच बोलना अपराध/गुनाह है? क्या कंगना रनौत नक्सली, खालिस्तानी, अलगाववादी इस्लामिक दहशतगर्दों से भी गई गुजारी है, जिनकी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों को लेकर ये लोग न केवल गला फाड़ कर चीखते-चिल्लाते हैं, वरन् आधी रात को सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटाखटाते भी उनके लिए न्याय की गुहार लगाते आए हैं। यहाँ तक कि उनकी अपनी पार्टी भाजपा ने भी सियासी नफा-नुकसान और चुनावी माहौल देखते हुए उनके बयान से असहमति जताते हुए किनारा कर लिया। उसने यही रवैया अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपूर शर्मा के साथ अपनाया था, जिन्होंने टी.वी.बहस में धार्मिक पुस्तक का उल्लेख करते हुए पूर्णत: सही वक्तव्य दिया, फिर भी अल्पसंख्यक समुदाय की नाराजगी को देखते उनके कथन से स्वयं को दूर कर लिया और उन्हें प्रवक्ता पद से हटा दिया।

वास्तविकता यह है कि भले ही कंगना रनौत राजनीति का ककहरा भी न जानती हो, पर एक सच्ची-अच्छी देशभक्त और क्षत्राणी होने के नाते देशहित में उन्हें जो सही लगता, वह बेबाकी से कहती आयी हैं और अब भी कहा है। अगर कंगना रनौत परिपक्व राजनेता होतीं, तो नुपूर शर्मा पर अपनी पार्टी के रुख/नीति-रीति को जानते हुए सच्चाई व्यक्त करने से हर हाल में बचतीं। वैसे उन्हें चण्डीगढ़ हवाई अड्डे पर केन्द्रीय सुरक्षा बल की महिला सुरक्षा कर्मी द्वारा की चाटा मारने की घटना से सबक ले लेना चाहिए था, जिसके खिलाफ सरकार द्वारा स्थानान्तरण के सिवाय कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है। उस समय भी पार्टी ने उनका साथ नहीं दिया था, जब कि वह महिला सुरक्षा कर्मी उस महिला आन्दोलनकारी की बेटी है, जो किसान आन्दोलन के दौरान अन्य महिलाओं के साथ खुलेआम जोरशोर से छाती पीटते हुए हाय-हाय मोदी मर जा तू कहते हुए नारे लगा रही थी। उस समय भी अपनी भावनाओं पर नियंत्रण न रखते हुए कंगना रनौत ने कहा था कि ये सभी कुछ रुपए लेकर आन्दोलन स्थल पर नारे लगाने आती हैं। वैसे तो देश में सच का साथ देने वाले अब विरले ही हैं, लेकिन अलगाववादियों, आतंकवादियों, इस्लामिक कट्टरपंथियों, भ्रष्टाचारियों, जातिवादियों की खुलकर हिमायत करने वाले और उनके लिए कुछ भी कर गुजारने वालों की गणना करना मुश्किल है, यही अपने देश का दुर्भाग्य है। अपने को सबसे अलग और कट्टरवादी राष्ट्रवादी कहने वाली पार्टी भी का सच का साथ न देना, खेदजनक है। उदाहरण के लिए जम्मू-कश्मीर में इस्लामिक कट्टपंथी और वहाँ की क्षेत्रीय पार्टियाँ जो कुछ करती और कहती आयी हैं, वह किसी भी छुपा नहीं है। फिर भी उनकी असलियत और उनके इरादे बताने-जताने का कितनों में साहस है? ऐसा ही कुछ स्थिति पंजाब की है। जहाँ 18वीं लोकसभा के चुनाव में दो खालिस्तान समर्थक निर्वाचित हुए हैं। इस विचारधारा के लोग इस सूबे में क्या -क्या करते रहते हैं, यह भी सब जानते हुए भी लोग अनजान होने का ढोंग करते आए हैं। देशभर में कौन मतान्तरण करा रहा और किस मकसद से कराये जा रहे हैं, फिर भी थोक वोट बैंक के लालच में सियासी पार्टियाँ अपनी जुबान खोलने को तैयार नहीं हैं। न्यायालय से सजा पाये महाभ्रष्टाचारियों और जातिवादियों की खुलकर हिमायत ही नहीं करते, उन्हें महिमामण्डित भी किया जाता है, पर उनके विरुद्ध बोलने से लोगों को डर लगता है। अपनी स्पष्टवादिता के कारण कंगना रनौत ऐसे में इन लोगों को कैसे बर्दाश्त होती? तभी तो अब खालिस्तान समर्थक पूर्व आईपीएस तथा संगरूर से शिरोमणि अकाली दल (अमृतसर) के पूर्व सांसद रहे सिमरनजीत सिंह ने सारी मर्यादा लांघते हुए कहा कि कंगना को तो रेप का बहुत एक्सपिरियेंस/अनुभव है, जैसा निन्दनीय बयान दिया है। यह उनकी राष्ट्रवादियों को लेकर नफरत को दिखाता है। वैसे इस शख्स और उन जैसों से भय कोई भले ही कुछ न बोले, वे क्या हैं, यह सारा देश जानता है। अब राज्य महिला आयोग ने उनके बयान की भर्त्सना करते हुए उनसे जवाब माँगा है। वैसे कुछ ऐसी ही नफरत काँग्रेस के वरिष्ठ नेता और जातिवादी नफरत से भरे उदितराज ने यह कहकर व्यक्त की, उन्हें कंगना के रेप के अनुभव के बारे में तो नहीं पता, पर उनका फिल्मी कैरियर संदिग्ध रहा है। इससे पहले लोकसभा के चुनाव के समय काँग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत कंगना रनौत पर अपनी घृणा यह कह प्रकट कर चुकी है-उनका मण्डी में क्या भाव चल रहा है, कोई बतायेगा?इसे लेकर उनकी काफी भर्त्सना भी हुई थी। इधर कंगना रनौत को लेकर जनसंचार माध्यमों विशेषकर टी.वी.चैनलों के प्रस्तोता का रवैया भी सियासी पार्टियों जैसा ही है, जिसे किसी भी स्थिति सही नहीं माना जा सकता। उधर हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कंगना को लेकर इन सभी के बयानों की निदा की हे। हरियाणा के जे.जे.पी. के नेता दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि कंगना रनौता सांसद जरूर बन गई हैं, पर कलाकर की मानसिकता से बाहर नहीं आ पायी है। सही है, यदि आ गई होती, तो क्या इतना कठोर सच बोलने की हिम्मत दिखा पाती?

फिलहाल, कंगना रनौत प्रकरण राजनीतिक विश्लेषक मिन्हाज मर्चेण्ट यह कहना उचित प्रतीत होता है। उन्होंने लिखा है- भाजपा अपनी ही छाया से घबराने लगी है। पूरे देश ने देखा कि किसान आन्दोलन की आड़ में क्या कुछ नहीं हुआ। हिंसक प्रदर्शन से लेकर खालिस्तान समर्थक और विदेशी शक्तियों के दखल के संकेत एकदम साफ थे। ऐसे में कंगना रनौत का बयान तथ्यों पर आधारित था। पार्टी असहमति से किनारा करना काँग्रेस की संस्कृति रही, जिसे भाजपा भी अपनाती जा रही है। कंगना रनौत के सिर्फ आलोचक/निन्दक ही नहीं हैं, बल्कि बहुत सारे लोग प्रशंसक भी हैं, इनमें से एक जगदीश भाटिया का कथन है- कंगना रनौत रास्ते बनाना जानती है। फिल्मों में भी और राजनीति में भी। उन्होंने अपने बल पर अपने लिए रास्ते बनाए हैं और जो रास्ते बनाना जानते हैं, वे जीवन में कभी विफल नहीं होते। दरअसल, कृषि कानून विरोधी आन्दोलन को लेकर कंगना रनौत का बयान भी उस दिन आया, जिस दिन भाजपा ने जम्मू-कश्मीर की विधानसभा के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी, पर भारी विरोधी के बाद तत्काल उसे वापस लेना पड़ा था। तब भाजपा ने मौके की नजाकता देखते हुए उससे सही न मानते हुए, उन्हें हर तरह की चुप रहने की हिदायत दे दी। जहाँ तक कंगना रनौत के बयान की बात है, तो वह पूर्णत:सत्य तथ्यों पर आधारित था। उक्त आन्दोलन में लाशें लटक रही थीं, दुष्कर्म हो रहे थे। कृषि कानूनों को वापस ले लिया गया, अन्यथा उपद्रवियों की कुछ वैसी ही योजना थी, जैसा उन्होंने बांग्लादेश में किया। ''यह सच है, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने तब बहुत धैर्य और सूझबूझ से काम लिया था और उसे रोकने के लिए चाकचौबन्द बन्दोबस्त किये थे। फिर भी उन्होंने अराजकता फैलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

उस आन्दोलन के समय पंजाब के दलित युवक लखबीर सिंह की हथेली काटकर उसके शव को बैरिकेड पर टांग दिया गया था। यह भी तथ्य है कि अपने पिता के साथ उस आन्दोलन में शामिल होने पश्चिम बंगाल से आयी युवती के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई थी। उसी समय हरियाणा के एक युवक मुकेश को जीवित जला कर मार डाला था। आन्दोलन में सम्मिलित कुछ वाहनों पर खालिस्तान लिखा हुआ था। 26 जनवरी, 2021 को ट्रैक्टर परेड के बहाने दिल्ली के लाल किले पर धावा बोलकर हिंसा की थी। इस घटना से पहले राकेश टिकैत ने धमकी दी थी कि अगर ट्रैक्टर रोके गए तो बक्कल उतार दिये जाएँगे। अब हाल में राकेश टिकैत ने कहा कि ट्रैक्टर परेड वाले दिन लाल किले के बजाय संसद की ओर कूच कर जाते, तो उसी दिन देश का हाल बांग्लादेश जैसा हो गया होता। क्या उनका यह कथन कंगना रनौत के कथन की पुष्टि नहीं करता? वैसे यह भी किसी से छुपा नहीं है कि कृषि कानून विरोधी आन्दोलन में किसानों के मध्य पेशेवर आन्दोलनकारी भी सक्रिय थे। इसी वजह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें आन्दोलनजीवी कहा था। फिलहाल, कंगना रनौत के साथ उनकी खुद की पार्टी और दूसरे सत्ता लोलुप राजनीतिक दलों द्वारा जो अनुचित, निन्दनीय बयानबाजी और सुलूक किया जा रहा है, अक्षम्य है। इससे निस्वार्थ भाव से राष्ट्र हित की राजनीति करने को कोई क्यों आगे आएगा? जहाँ राष्ट्रहित की कीमत पर असत्य बोलकर सत्ता पायी जाती है, ऐसा देश कब तक अपनी स्वतंत्रता, सम्प्रभुता अक्षुण्ण रख पाएगा? देश के राजनीतिक दल इस सत्य तथ्य पर कब ध्यान देंगे? ऐसा कब तक होता रहेगा? यह प्रश्न विचारणीय और अनुत्तरित बना हुआ है।

# शर्मनाक है नारी शोषण में पक्षपात



तनवीर जाफ़री


**उत्तरांचल, मणिपुर राजस्थान, मध्य प्रदेश कहां नहीं हो रहा है बलात्कार? परन्तु क्या मीडिया तो क्या सरकारी तंत्र व विशेष विचारधारा के लोग इन सबको केवल ग़ैर भाजपा शासित राज्यों में ही ऐसे अपराध नज़र आते हैं?**

बंगाल की राजधानी महानगर कोलकता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में रात की ड्यूटी अंजाम दे रही एक जूनियर डॉक्टर के साथ 9 अगस्त को हुआ बलात्कार तथा बलात्कार के बाद उसी जूनियर डॉक्टर की बेरहमी से की गयी हत्या का मामला इन दिनों देश के सबसे ज्वलंत मुद्दे के रूप में मीडिया में छाया हुआ है। इस बलात्कार व हत्या के मामले में कलकत्ता उच्चन्यायालय के आदेश पर सीबीआई जांच भी शुरू हो चुकी है। उस समययह मामला और भी हाई प्रोफ़ाइल हो गया जबकि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गत दिनों पीटीआई को दिए अपने साक्षात्कार में इसी कांड के सम्बन्ध में यह कह दिया कि मैं बहुत निराश और भयभीत हूं। बेटियों के ख़िलाफ़ अपराध बर्दाश्त नहीं। राष्ट्रपति ने कहा, बस अब बहुत हुआ। इसके अतिरिक्त भी राष्ट्रपति महोदया ने इसी विषय पर और भी बहुत सी बातें कर हमारे समाज की बेटियों और बहनों के साथ हो रहे इस तरह के अत्याचारों पर गहन चिंता ज़ाहिर की। उन्होंने पूरे समाज का आवाह्न किया कि सब मिलकर इस विकृति का सामना करें ताकि इसे शुरुआत में ही ख़त्म किया जा सके।

राष्ट्रपति महोदया द्वारा कोलकता रेप व हत्याकांड का ज़िक्र अपने इंटरव्यू में करने के बाद यह चर्चा भी सुनाई देने लगी है कि क्या बंगाल में इसी शर्मनाक काण्ड की आड़ में निर्वाचित सरकार को अपदस्थ कर वहां राष्ट्रपति शासन भी लगाया जा सकता है? इससे पहले भी बंगाल में संदेश खाली की कुछ महिलाओं ने कथित तौर पर यह आरोप लगाया था कि मुख्य मंत्री ममता बनर्जी के क़रीबी तृणमूल नेताओं द्वारा प्रशासन का डर दिखाते हुए उन लोगों पर अत्याचार किया गया। उनकी ज़मीन छीन कर उस पर क़ब्ज़ा कर लिया गया। विरोध करने पर हमले किये गये। ज़मीन लीज़ पर लेकर पैसे भी नहीं दिये गये, पैसे देने का वादा करने के बावजूद पैसे मार लिये गये और शारीरिक शोषण भी किया गया, आदि आदि। हालांकि इसी मामले में तृणमूल नेताओं पर बलात्कार का आरोप लगाने वाली तीन महिलाओं में से दो ने केस वापस भी ले लिया था। तृणमूल कांग्रेस ने 'स्टिंग ऑपरेशन' के एक वीडियो में दावा किया था कि बीजेपी के स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे काग़ज़ पर दस्तख़त करवाए थे और बाद में तृणमूल नेताओं के विरुद्ध बलात्कार व यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करवाने में इन काग़ज़ों का प्रयोग किया गया था। इस साज़िश के पर्दाफ़ाश होने के बाद यह मामला जितनी तेज़ी से मीडिया में उछाला गया था उतनी ही तेज़ी से यह दबा भी दिया गया। संदेशखाली की घटना के बाद भी बंगाल में राष्ट्रपति शासन की चर्चा सुनाई देने लगी थी।

बलात्कार हत्या जैसे घृणित अपराध निश्चित रूप से कहीं भी हों इसकी घोर भर्त्सना की जानी चाहिये। शासन व प्रशासन व विधायिका को मिलकर ऐसे उपाय ढूंढने चाहिये जिससे अपराधियों के हौसले पस्त हों और वे ऐसे अपराधों की जुरअत हीन कर सकें। साथ ही समाज को अपने बच्चों को भी शिक्षित करना चाहिये। परन्तु अफ़सोस तो इस बात का है कि हमारे देश में बलात्कार व हत्या जैसे घिनौने अपराध को लेकर भी 'राजनीति की हांडी ' चढ़ा दी जाती है। राज्य में सरकार किस दल की है, यह देखकर बलात्कार का विरोध किया जाता है। और इससे भी शर्मनाक यह कि बलात्कार पीड़िता का धर्म व उसकी जाति देखकर भी मामले का विरोध व समर्थन निर्धारित किया जाता है। आरोपी/अपराधी के रसूख़ के अनुसार भी उसके साथ बर्ताव किया जाता है। यहाँ तक कि यदि बलात्कार व हत्या का अपराधी बड़ी संख्या में अपने अनुयायी रखता है तो उस पर तो शासन की विशेष कृपा बरसते देखी जा सकती है। ख़ासकर चुनावी बेला में तो ऐसे सफ़ेदपोश अपराधियों को विशेष पेरोल तक दे दी जाती है।

याद कीजिये गुजरात में 2002 में हुए साम्प्रदायिक दंगों के दौरान बिलक़ीस बानो व उसकी मां के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था तथा उसी समय उनके सामने उन्हीं के परिवार के सात सदस्यों की हत्या भी कर दी गयी थी। इस लोमहर्षक जुर्म में महाराष्ट्र उच्च न्यायालय द्वारा 11 अपराधियों को आजीवन कारावास की सज़ा दी गयी थी। परन्तु मई 2022 में गुजरात सरकार ने अच्छे चरित्र के आधार पर दोषियों की सज़ा में छूट देते हुये स्वतंत्रता दिवस के दिन इनको रिहा कर दिया था। एक तरफ़ तो भारत सहित पूरे विश्व में गुजरात सरकार के इस क़दम की घोर आलोचना हुई थी। तो दूसरी तरफ़ इन हत्यारे बलात्कारियों को मंच पर सुशोभित किया जाने लगा था। इन्हें फूल माला पहनाकर इन हत्यारे बलात्कारियों का स्वागत किया जा रहा था। इसी आलोचना के दौरान एक विश्व हिन्दू परिषद्के पक्षकार विद्वान लेखक ने इन हत्यारे बलात्कारियों का पक्ष लेते हुये अपने आलेख को इस आशय के शीर्षक से सजाया था कि - आख़िर हिन्दुओं को भी तो जीने का अधिकार है? यह तो भला हो सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयन का जिन्होंने इस मामले में संज्ञान लेते हुये - कहा कि मई 2022 में गुजरात सरकार ने दोषियों की सज़ा में छूट देकर तथ्यों की उपेक्षा की थी। और इसी टिप्पणी के साथ उन्होंने सभी दोषियों को दो हफ़्ते के भीतर जेल प्रशासन के पास हाज़िर होने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने उसी समय यह भी कहा था कि गुजरात सरकार के पास सज़ा में छूट देने और इस बारे में कोई फ़ैसला लेने का अधिकार नहीं है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह अपराधी पुन: जेल जा सके थे और इन हत्यारे बलात्कारियों के हमदर्दों को अपनी मुंह की खानी पड़ी थी। इसी तरह जनवरी 2018 के कठुआ, जम्मू के 8 वर्ष की मासूम असिफ़ा बानो के सामूहिक बलात्कार व उसकी हत्या के समय भी बलात्कार समर्थक इन बेशर्मों चेहरा बेनक़ाब हुआ था। इस घृणित अपराध का साज़िशकर्ता एक रिटायर्ड राजस्व अधिकारी था जोकि उस समय एक स्थानीय मंदिर का पुजारी भी था जहाँ कई दिनों तक उस बच्ची के साथ बलात्कार किया जाता रहा। इस घटना को भी धार्मिक रंग देते हुये स्वयं को हिन्दू हितैषी कहने वाले लोग बलात्कारियों के पक्ष में केवल खड़े ही नहीं हुये बल्कि उनके समर्थन में जुलूस निकाले, प्रदर्शन किये और हाथों में तिरंगा लेकर सड़कों पर उतरे। मणिपुर में महिलाओं के साथ क्या कुछ नहीं हुआ। पूरा विश्व उस घिनौनी ख़बर से हिल गया था जबकि सैकड़ों की भीड़ ने वर्ग विशेष की लड़कियों से नग्न परेड कराई और उनके साथ सामूहिक बलात्कार किये गये। ऐसे अनेक घटनायें मणिपुर में घटीं। उत्तरांचल, मणिपुर राजस्थान, मध्य प्रदेश कहाँ नहीं हो रहा है बलात्कार? परन्तु क्या मीडिया तो क्या सरकारी तंत्र व विशेष विचारधारा के लोग इन सबको केवल ग़ैर भाजपा शासित राज्यों में ही ऐसे अपराध नज़र आते हैं? यदि बलात्कारियों व हत्यारों को दलगत अथवा धर्म व जाति के चश्मे से देखा जाने लगा यानी नारी शोषण में भी पक्षपात किया जाने लगा फिर हमारे देश के लिये इससे निंदनीय व शर्मनाक और क्या हो सकता है ?



## त्योहारी सीजन में कारोबार को मिलेगी संजीवनी

माह अगस्त 2024 में जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ पर पहुँचने और अर्थव्यवस्था में सुदृढ़ीकरण के संकेत के साथ देश में 6 सितम्बर से तीज के पर्व से त्योहारी सीजन का आगाज़ होने जा रहा है। इसी के साथ आगामी दिनों में एक के बाद एक त्योहार आने है। उम्मीद की जा रही है इस बार बाजार में गणेश चतुर्थी, नवरात्र, दशहरा, दीपावली सहित और भी बहुत महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार आएंगे जिनमें जमकर खरीददारी की सम्भावना है। त्योहारों पर जिस तरह से विभिन्न प्रकार की चीजों की बिकी से बाजार गुलज़ार हो रहा है उससे साफ अंदाजा लगा सकते हैं कि आने वाले सभी त्योहारों पर खरीदारी के लिए ग्राहक मन बना चुके हैं। लोग खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंच रहे हैं। दुकानें ग्राहकों से गुलजार होने लगी है। बाजारों में चहल पहल व भीड़-भाड़ देखने को मिल रही है। ऑनलाइन शॉपिंग की तरफ लोगों का रुझान बढ़ा हुआ है। दुकानदारों का कहना है कि बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ रही है और आने वाले दिनों में कारोबार बढ़ने की उम्मीद है। त्योहारी सीजन से इलेक्ट्रॉनिक, कपड़ा, ऑटो मोबाइल, सराफा बाजार में ग्राहकों का रुझान बढ़ा है। देशभर में पर्यटन क्षेत्र फिर से पटरी पर लौटने लगा है। पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की बढ़ती संख्या से न केवल इन स्थलों की रौनक बड़ रही है बल्कि अच्छा कारोबार होने से कारोबारियों के चेहरों पर चमक देखने को मिल रही है। पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। अच्छा कारोबार होने से सभी कारोबारियों को आर्थिक लाभ मिलेगा। इस त्योहारी सीजन में एक दर्जन बड़े त्योहार और व्रत आते है जिसमें देशवासी उमंग और उत्साह के साथ शामिल होकर अपनी खुशियों का इजहार करते है। यह त्योहारी सीजन हालाँकि महंगाई की मार से उपभोक्ताओं को राहतभरा नहीं है। त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ ही बाजार और ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट्स पर ऑफर्स की सम्भावना है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देश में तीस करोड़ से ज्यादा लोग ऑनलाइन भुगतान करते है। दुकानदार और ऑनलाइन कम्पनियाँ जहां इन त्योहारों में आकर्षक ऑफर तथा डिस्काउंट की पेशकश कर ग्राहकों को रिझाने का प्रयास करते हैं, वहीं ग्राहक भी इन आकर्षक ऑफरों का लाभ उठाकर जमकर खरीदारी करते हैं। सरकारी बैंकों सहित कई कम्पनियाँ और निर्माता उपभोक्ताओं को लुभावनी छूट से भी लाभान्वित कर रहे है। त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए ये सेल शुरू होने जा रही है। दुकानदारों ने भी आकर्षित ढंग से दुकानों को सजाना शुरू कर दिया है, ताकि अच्छा व्यापार हो सके। खुदरा व्यापारी ऑनलाइन सेल का विरोध कर रहे है और अपने व्यापार के चौपट होने की दुहाई दे रहे है मगर उपभोक्ता ऑनलाइन व्यापार से खुश नजर आ रहे है। उन्हें बाजार की धकमपेल से छुटकारा मिल रहा है। ऑनलाइन सेल में सामान सस्ता जरूर मिल रहा है मगर उपभोक्ता को सावधानी रखनी पड़ेगी क्योंकि ठगी करने वाले गिरोह भी सक्रीय हो गए है।

**—बाल मुकुन्द ओझा**
**मालवीय नगर, जयपुर।**

# अलगाववादियों का चुनाव लड़ना वैचारिक परिवर्तन का संकेत : उमर

श्रीनगर, (भाषा)। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि अलगाववादी नेताओं का मुख्यधारा के दलों में शामिल होने और जम्मू-कश्मीर में चुनाव लड़ने का फैसला अलगाववादी खेमे में वैचारिक बदलाव का संकेत है। अब्दुल्ला ने गांदरबल जिले के कंगन इलाके में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, इससे पहले जब भी चुनाव होते थे, वे (अलगाववादी) बहिष्कार का मुद्दा उठाते थे। आज वे चुनाव लड़ रहे हैं... यह दर्शाता है कि वैचारिक परिवर्तन हुआ है।



नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला मीडिया को संबोधित करते हुए। (छाया : एएनआई)

पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रह चुके उमर ने कहा कि अलगाववादियों के चुनाव लड़ने से नेशनल कांफ्रेंस के इस रुख की पुष्टि हुयी है कि हिंसा से किसी मुद्दे का समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, हमने हमेशा यह कहा है कि हम जो भी हासिल कर सकते हैं, लोकतांत्रिक तरीकों से हासिल करेंगे। अगर उनमें (अलगाववादियों में) लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा हो गई है तो यह हमारे लिए एक उपलब्धि है.... भले ही वे किसी भी राजनीतिक दल में शामिल हों। यह पूछे जाने पर कि क्या अलगाववादी नेता सैयद सलीम गिलानी का पीडीपी में शामिल होना 2002 के चुनावों में पीडीपी (पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी) को अलगाववादियों के समर्थन का सबूत है, अब्दुल्ला ने कहा, यदि आप मुझसे इस सवाल का जवाब दिलवाकर दरार पैदा करना चाहते हैं, तो मैं इसका जवाब नहीं दूंगा।

जम्मू-कश्मीर में भाजपा के चुनाव प्रभारी के तौर पर राम माधव की नियुक्ति के संबंध में सत्यपाल मलिक के बयान का जिक्र करते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि पूर्व राज्यपाल के केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी के साथ बहुत करीबी संबंध थे। उन्होंने कहा, उन्हें बेहतर पता होगा, उन्हें भाजपा ने यहां भेजा था और 2019 में जो कुछ भी हुआ वह उनकी देख-रेख में हुआ। यह पूछे जाने पर कि क्या माधव को पीडीपी के साथ गठबंधन करने के लिए जम्मू-कश्मीर भेजा गया है, उमर ने कहा कि केवल भाजपा ही इस पर कुछ कह सकती है। उन्होंने कहा, हालांकि, इसमें कोई दो राय नहीं है कि माधव के पीडीपी के साथ सबसे अच्छे संबंध हैं।

# प्रदर्शनकारी किसानों की शिकायतों के निवारण के लिए समिति गठित

नई दिल्ली, (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों की शिकायतों के सौहार्दपूर्ण निवारण के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति नवाब सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को एक समिति का गठन किया। न्यायालय ने कहा कि किसानों के प्रदर्शन के मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने समिति को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के अंदर वह अपनी पहली बैठक बुलाए।

उसने समिति से यह भी कहा कि आंदोलनकारी किसानों से संपर्क साधे और उनसे तत्काल पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू सीमा से ट्रैक्टर और ट्रॉली आदि हटाने को कहा जाए ताकि आम यात्रियों को राहत मिले। पीठ ने कहा कि पंजाब और हरियाणा की सरकारें समिति को सुझाव देने के लिए स्वतंत्र होंगी।

समिति में सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी पी एस संधू, देवेंद्र शर्मा, प्रोफेसर रंजीत सिंह घुमन्न और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्री डॉ सुखपाल सिंह शामिल हैं।

उच्चाधिकार प्राप्त समिति को विचार-विमर्श के लिए मुद्दे तैयार करने की सलाह देते हुए पीठ ने समिति के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि जब भी आवश्यकता हो, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी आर कंबोज को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में आमंत्रित किया जाए और उनकी विशेषज्ञ राय ली जाए। पीठ ने प्रदर्शनकारी किसानों को आगाह किया कि वे राजनीतिक दलों से एक सुरक्षित दूरी बनाकर रखें और ऐसी मांगों पर अड़े न रहें जो व्यवहार्य नहीं हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि किसानों के मुद्दों का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए और समिति को उन पर चरणबद्ध तरीके से विचार करना चाहिए।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि किसानों को उनका शांतिपूर्ण आंदोलन वैकल्पिक स्थानों पर ले जाने की आजादी होगी। अदालत हरियाणा उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। आदेश में सरकार से अंबाला के पास शंभू सीमा पर लगाए गए अवरोधकों को एक सप्ताह में हटाने को कहा गया था जहां प्रदर्शनकारी किसानों ने 13 फरवरी से डेरा डाल रखा है। हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला-नई दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोधक लगा दिए थे, जब संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने घोषणा की थी कि किसान अपनी मांगों के समर्थन में दिल्ली तक मार्च करेंगे, जिसमें उनकी उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग भी शामिल है।

# जम्मू में सैन्य शिविर पर संदिग्ध आतंकवादी हमले में सेना का जवान गंभीर रूप से घायल

जम्मू, (भाषा)। जम्मू में सोमवार को एक सैन्य शिविर की संतरी चौकी पर संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में सेना का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावरों का पता लगाने और उनका खात्मा करने के लिए व्यापक तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रक्षा विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सुबह करीब 10 बजकर 50 मिनट पर जम्मू के बाहरी इलाके में स्थित सुंजवान सैन्य स्टेशन पर कुछ राउंड गोलीबारी हुई। घटना में एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रवक्ता ने संतरी चौकी पर गोलीबारी करने वाले हमलावरों के बारे में विस्तृत जानकारी दिए बगैर बताया कि हमलावारों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया गया है और इस संबंध में आगे जानकारी दी जाएगी। इससे पहले अधिकारियों ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी में सबसे बड़े सुरक्षा शिविरों में से एक की सुरक्षा में तैनात सेना की एक चौकी पर संदिग्ध आतंकवादियों ने कुछ राउंड गोलियां चलाईं, जिसके बाद कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई और फरार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने सेना के साथ मिलकर तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने कहा कि तलाश अभियान जारी है लेकिन आतंकवादियों से अब तक सामना नहीं हुआ है। इससे पहले फरवरी 2018 में आतंकवादियों ने सुंजवान सैन्य शिविर पर हमला किया था।

# सूचना प्रसारण मंत्रालय ने आईसी-814 सीरीज पर विवाद के बाद नेटफ्लिक्स के कंटेंट प्रमुख को तलब किया

नई दिल्ली, (भाषा)। सरकार ने वेबसीरीज आईसी-814 द कंधार हाइजैक में अपहर्ताओं के चित्रण को लेकर उठे विवाद के बाद ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के कंटेंट प्रमुख को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने नेटफ्लिक्स इंडिया के कंटेंट प्रमुख को मंगलवार को बुलाया है और वेबसीरीज के कथित विवादास्पद पहलुओं पर स्पष्टीकरण देने को कहा है। काठमांडू से दिल्ली की उड़ान भरने वाले इंडियन एयरलाइन्स के विमान के अपहर्ताओं के चित्रण से विवाद खड़ा हो गया है और कई दर्शकों ने इस पर आपत्ति जताई है। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि आईसी-814 के अपहर्ता खूंखार आतंकवादी थे जिन्होंने अपनी मुस्लिम पहचान बदलने के लिए दूसरे नाम रख रखे थे। मालवीय ने एक्स पर लिखा, फिल्मकार अनुभव सिन्हा ने उनके गैर-मुस्लिम नामों को तवज्जो देकर अपनी आपराधिक मंशा को वैधता प्रदान की है। उन्होंने कहा, कुछ दशक बाद लोग सोचेंगे कि हिंदुओं ने आईसी-814 का अपहरण किया था। मालवीय ने कहा, पाकिस्तानी आतंकवादियों, जो सभी मुसलमान थे, के अपराधों को छिपाने के वामपंथी एजेंडे ने काम किया। यह सिनेमा की ताकत है।

**In the Court of**
**Sh. Ajay Kumar Malik, JSCC-cum-ASCJ-cum-Guardian Judge, Court No. 209, District Court Complex, Dwarka, New Delhi.**
**(Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**CS/750/2022**
**Union Ban of India** ......Petitioner
**Vs**
**Ganesh Singh** .....Respondents
**To,**
**Ganesh Singh** S/o Sh. Ravinder Singh At-Gali No. 12, A-57, Ranaji Enclave, Najafgarh, Delhi-110043.
Whereas you are intentionally avoiding services of summons. It is hereby notified that if you shall not defend the case on the day of **08.10.2024 at 10.00 A.M.** i.e. the day fixed in the matter, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court on this **16th August, 2024.**
**Seal** **Sd/-**
**JSCC-cum-ASCJ-cum-Guardian Judge, Disctrict Court Complex, Dwarka, New Delhi.**

**In The Court of**
**Sh. Arun Sukhija, Judge Family Court-02 (West), Tis Hazari Courts, Delhi.**
**Summons Notice for service (O.V. R 20)**
**Notice**
**GP-83/2024**
**Next Date: 04.12.2024**
**Simmi Arora & Ors.** .....Petitioner
**Vs**
**The State & Ors.** .....Respondent
**To,**
**The State & Ors.**
Whereas (Petitioner) Smt. Simmi Arora W/o Late Sh. Gulshan Kumar Arora R/o K-120, First Floor, Krishna Park Extension, Tilak Nagar West, Delhi-110018 has instituted the above suit U/s 8 of Hindu Minority & Guardianship Act. You are hereby summoned to appear in this court in person or by a pleader on **04.12.2024 at 10.00 A.M** to answer the same, failing which the suit will be disposed of Ex-Parte.
Given under my hand and the seal of the court on **17.08.2024.**
**Seal** **Sd/-**
**Judge, Family Court-02, West, Tis Hazari Courts, Delhi.**

**Proclamation Requiring Attendence of Defendnat (Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**In the court of**
**Sh. Deepak Kumar-II, Sr. Civil Judge Rent Controller Room No. 207, District Court Dwarka, Dwarka, New Delhi.**
**CS/1035/2020**
**Sudesh And Anr.** .....Plaintiff
**V/S**
**Ashish And Ors.** .....Defendant
**To,**
**1. Ashish** S/o Suresh Singh R/o Plot No. 4-A, Dichaon Enclave, Najafgarh, New Delhi-110043.
**2. Pratima** W/o Ashish R/o Plot No. 4-A, Dichaon Enclave, Najafgarh, New Delhi-110043.
Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **14th October 2024 at 10.00 A.M.** the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the Court, this day of **21th August, 2024.**
**Seal** **Sd/-**
**Sr. Civil Judge Rent Controller, District Court Dwarka, Dwarka, New Delhi.**

**In The Court of**
**Sh. Ankit Mittal, Civil Judge-01, Room No. 208, South West District Court Dwarka, Dwarka, New Delhi.**
**(Order 5 Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**CSSCJ/1510/2023**
**Khanna Hospital** .....Plaintiff
**Versus**
**Raman Sharma** .....Defendant
**To,**
**Defendant**
**Sh. Raman Sharma,** RZ-A-114, Gali No. 21, Sita Puri Part-1, Dabri, South West Delhi-110045.
**The Defendant above named**
Whereas plaintiff has instituted the above application, against you for Suit For Recovery of Money, Pendent Lite And Future Interest @ 24% PA/-, you are hereby summoned to appear in this court in person or by a pleader on the next date of hearing **26.09.2024 at 10:00 O'clock,** to answer the same, failing which the suit/application will be disposed of ex-parte.
Given under my hand and the seal of the Court **24.08.2024**
**Seal** **Sd/-**
**Civil Judge-01, South West District Court Dwarka, Dwarka, New Delhi.**

**Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order V, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**In The court of**
**Sh. Satyabrata Panda, District Judge-04, Court Room No. 33, Patiala House Court, New Delhi.**
**Case No. PC 26/2023**
**Case Title: Sunita Chauhan Versus State And Anr.**
**To,**
**2. Smt. Rajlakshmi Mishra,** Wife of Late Sh. Mohan Kumar Mishra,
**3. Ms. Akansha Mohan** D/o Late Sh. Mohan Kumar Mishra
**Both at:** Resident of GH-4/243, Meera Apts., Paschim Vihar, New Delhi-110063.
Whereas above named Plaintiff has instituted a suit against you. You are hereby summoned to appear before this court in person or by pleader on **11.09.2024 at 10:00 AM** to answer the same.
Take notice that, in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court, this **22nd day of August, 2024.**
**Seal** **Sd/-**
**District Judge-04, Patiala House Court, New Delhi.**

**In The court of**
**Sh. Siddhant Sihag, ACJ/CCJ/ARC/NDD Court No. 1, Room No. 03, Main Building, Patiala House Courts, New Delhi.**
**Petition No. 69/2024**
**Rakesh K. Vohra And Ors.**
**Vs.**
**State**
(Petitioner)
For Succession Certificate Under Indian Succession Act, 1925
**To,**
**All concerned,**
Whereas in the above noted petition, the applicant/petitioner has applied for Succession Certificate to the Hon'ble Court Under Section 372 of the Indian Succession Act, 1925 in respect of the debt and securities **any person having a claim against or an interest in the Estate of the deceased Tarun Kumar Vohra S/o Late Balbir Vohra Died on Dated 07/06/2024 At Safdarjung Hospital New Delhi. Are required to send particulars thereof in writing to the undersigned Court,** to be standing in the name of deceased.
Whereas the **23.11.2024 at 10'o** clock in the forenoon has been fixed for hearing and the application notice is hereby given to all concerned.
Given under my hand and the seal of the court on this **27.08.2024.**
**Seal** **Sd/-**
**Ld. ACJ/CCJ/ARC/NDD, Patiala House Courts, New Delhi.**

**Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order V, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**In The court of**
**Sh. Satyabrata Panda, District Judge-04, Court Room No. 33, Patiala House Court, New Delhi.**
**Case No. PC 25/2023**
**Case Title: Sunita Chauhan Versus State And Anr.**
**To,**
**2. Smt. Rajlakshmi Mishra,** Wife of Late Sh. Mohan Kumar Mishra,
**3. Ms. Akansha Mohan** D/o Late Sh. Mohan Kumar Mishra
**Both at:** Resident of GH-4/243, Meera Apts., Paschim Vihar, New Delhi-110063.
Whereas above named Plaintiff has instituted a suit against you. You are hereby summoned to appear before this court in person or by pleader on **11.09.2024 at 10:00 AM** to answer the same.
Take notice that, in default of your appearance on that day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the Court, this **22nd day of August, 2024.**
**Seal** **Sd/-**
**District Judge-04, Patiala House Court, New Delhi.**

**In the Court of**
**Sh. Aman Pratap Singh, District Judge- 01, Court No. 615, 6th Floor, South-West District, Dwarka Courts, New Delhi.**
**Notice For Publication (Order 5, Rule 20 of The CPC)**
**CS No. 931/2023**
**Madhu Gupta** .....Plaintiff
**Vs**
**Vikas Sharma & Ors.** ......Defendants
**To,**
**1. Sh. Kishore Kumar Khattar** S/o Lt. Sh Sewa Ram Khattar R/o RZ-103, T-Extn. Uttam Nagar, New Delhi.
**2. Sh. Rahul Gupta**
**3. Sh. Sanjay Kumar** S/o Sh. Satpal.
**4. Smt. Bimla Devi** W/o Sh. Naresh Kumar
**5. Smt. Shiv Kumari** W/o Sh. Prayag Dutt
**6. Sh. Sumit Kumar** S/o Devi Singh
**All Defendenti 2 to 6 R/o** RZ-56, Gali No. 2, Dwarka Puri, Vijay Enclave, New Delhi-110045.
Whereas Plaintiff has instituted that above For Declaration, Possession, Recovery of Damages, Future Damages And Permanent Injunction against the defendants. You are hereby summoned to appear in this Court in person or by a pleader on the **21st day of November 2024, at 10:00 O' clock,** to answer the same, failing which the Suit will be disposed of ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this **23rd August, 2024.**
**Seal** **Sd/-**
**District Judge-01, South-West District, Dwarka Courts, New Delhi.**

## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.

अल्पकालीन ई.—निविदा सूचनाः—निम्नलिखित कार्य हेतु ई—टैण्डरिंग माध्यम से निविदाएं निर्धारित तिथि समय दोपहर 12.00 तक आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन 15.00 बजे ई—पोर्टल पर खोली जायेंगी। निविदा में यदि कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई—टैण्डर वैब साईट www.etender.up.nic.in एवं www.pvvnl.org पर उपलब्ध कराई जायेगी। विस्तार से सभी जानकारी हेतु उक्त साईट पर लॉग ऑन करें। निविदा शुल्क रु.—3000+अनुमन्य कर (अप्रतिदेय), धरोहर राशि अं.रू.—91000/— निविदा खोले जाने की निर्धारित तिथि 19.09.2024, ई.नि.सं.—24/2024—25—वि.वि.ख.—द्वि.हापुड़ के क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण में बाधक विद्युत लाईन शिफ्टिंग इत्यादि कार्य। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, हापुड़ पत्रांकः 320/02.09.2024

**Himachal Pradesh**
**Public Works Department**
**Invitation For Bids (IFB)**
The Executive Engineer, B&R Division, HPPWD Nahan, District Sirmaur, H.P. on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites the item/percentage rates bids, in electronic tendering system from the eligible class of Contractors registered with HPPWD for the works detailed in the table. **Sr. No. 1, Name of Work:** Construction of Third Floor (Hall) over New Block in Dr. YS Parmar Govt. PG College Nahan (SH:- C/o Third Floor Hall). **Estimated Cost (Rs.):** 16,74,598.04/- only, **Earnest Money (Rs.):** 34,000/- only, **Sr. No. 2, Name of Work:** Construction of Toilet Block at Govt. Sen. Sec. School Mattar Tehsil Nahan Distt. Sirmour (SH:- Construction of Toilets for Boys & Girls). **Estimated Cost (Rs.):** 10,89,239/- only, **Earnest Money (Rs.):** 22,000/- only,
Starting Date for Downloading Bid: - 05.09.2024
Deadline for Submission of Bid: - 16.09.2024 up to 10:00 AM
**ExecutiveEngineer**
**HPPWD (B&R) Division Nahan**
**Tel/Fax: 01702-222260**
**RO No. 1843/2024-2025** **E-mail: ee-nah-hp@nic.in**
**On behalf of Governor of Himachal Pradesh**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राम प्रसाद पुत्रः** सुरजा राम, **पताः** डी— 1/40 शर्मा कॉलोनी, बुद्ध विहार फेस—2 रोहिणी दिल्ली, ने **Case FIR No. 81/19 U/s 33 Delhi EX ACT थानाः बुद्ध विहार दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम प्रसाद,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राम प्रसाद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. 81/19 U/s 33 Delhi EX ACT थानाः बुद्ध विहार दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस के उक्त अभियुक्त **राम प्रसाद,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.10.2024** को या इससे पहल हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
जेएमएफसी—04 कमरा नं. 112
रोहिणी कोर्ट दिल्ली
**DP/11478/RD/2024**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दानिश पुत्र अच्छन निवासी ई-416, गली नं. 01, जनता मज़दूर कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **682/2021, अन्तर्गत धारा 356/379/411/34 आईपीसी, थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दानिश** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दानिश** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **682/2021, अन्तर्गत धारा 356/379/411/34 आईपीसी, थाना कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दानिश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.10.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
**सुश्री सयेशा चड्ढा**
महानगर दंडाधिकारी-08
कमरा नं. 272, द्वितीय तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
**DP/11519/N/2024**
**(Court Matter)**

## उत्तर रेलवे

**रेल कोच नवीनीकरण, सोनीपत**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई—निविदा करते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 257996 |
| 2 | कार्य का नाम और कार्य स्थान | ''एलएचबी व्हील डिस्क सेट पर एडी करंट ऐरे (ईसीए) तकनीक द्वारा सतह दोष का पता लगाना आरसीएनके/एसएनपी।'' |
| 3 | अनुमानित लागत | रुपये 1998380.80 जीएसटी @ 18%सहित |
| 4 | बयाना राशि | रू. 40000.00/— |
| 5 | निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| 6 | कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से चौबीस महीने |
| 7 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 25/09/2024 खुलने का समय 15:00 बजे |
| 8 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |
| 9 | यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। | |

पत्र सं. 257996 दिनांक 02/09/2024 2730/2024
**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

## सार्वजनिक सूचना

मैं जो कि उरविन्द्र सिंह पुत्र श्री जीत सिंह निवासी मकान नं. 11, मॉडल टाउन एक्सटेंशन, बत्रा कॉलोनी, सोनीपत हरियाणा—131001 बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र जसकरन सिंह व इसकी पत्नी मनप्रीत कौर दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इन दोनों को अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में ये दोनों किसी के साथ कोई लेन—देन करते हैं व कोई ऊंच—नीच कार्य करते हैं तो उसके यह दोनों जिम्मेवार होंगे। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

न्यायालय सिविल जज (सी. डी.) महोदय बुलन्दशहर
(इजराय सं. 35 सन 2002)
मूलवाद सं. 759 सन 1999
दयाल सिंह पुत्र अमीचंद निवासी ग्राम भैंसरौली नासिरपुर पर. व तह. शिकारपुर जिला बुलन्दशहर
......प्रार्थी
बनाम
1. मुरारी सिंह मृतक
2. श्रीमती पुष्पादेवी पत्नी मुरारी सिंह मृतक निवासीगण ग्राम बकौरा जिला बुलन्दशहर हाल निवासी दो मंजिला बिल्डिंग ओ.सी.एफ नगर शाहजहांपुर जिला शाहजहांपुर
1/1 वीरेन्द्र सिंह उम्र 43 वर्ष
1/2 जसवीर सिंह उम्र 40 वर्ष
1/3 रविन्द्र सिंह उम्र 38 वर्ष
1/4 शेर सिंह उम्र 33 वर्ष
पुत्रगण स्व. मुरारी सिंह समस्त निवासीगण क्वार्टर नं. 1/9/31 डबल स्टोरी फैक्ट्री स्टेट तहसील सदर जिला शाहजहांपुर
.....विपक्षीगण
चूंकि ऊपर नामांकित दयाल सिंह पुत्र अमीचंद ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतः एवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2024 ई. 9 के 20 के दिवस को बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुशिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2024 ई. माह अगस्त के 28 दिवस को निकाली गयी है।
मुद्रा हस्ता./—
न्यायालय सिविल जज (सी.डी.) महोदय बुलन्दशहर

**In The Court of**
**Sh. Rakesh Pandit, District Judge-04 (Comm Court), South-West District, Court No. 509, 5th Floor, Dwarka Courts, New Delhi.**
**Publication Notice: Defendant**
**(Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**Suit No.: CS (Comm)/484/2023**
**Union Bank of India** ....Plaintiff
**Vs**
**Rajni Sharma** .....Defendant
**To,**
Ms. Rajni Sharma (Prop. of M/s Shri Krishna General Store) At: RZ-M-41, Near Roshanpura, Najafgarh, Near Shiv Mandir, Delhi-110043.
Whereas Plaintiff has instituted that above **Commercial Suit for Recovery** against the defendant. You are hereby summoned to appear in this Court in person or by a pleader on **30.09.2024 at 10:00 AM**, to answer the same, failing which the Suit will be disposed of Ex-parte.
Given under my hand and the seal of the Court, **this 24th Day of August, 2024.**
**Note:** Defendant is informed to file written statement alongwith statement of trueth and Affidavit of Admission and denial of Documents within a period of 30 days from the date of receipt of summons with advance copy to the plaintiff.
**Seal** **Sd/-**
**District Judge-04 (Comm Court), South-West District, Dwarka Courts, New Delhi.**

## PUBLIC NOTICE

"Be it known that my clients Shri. Ramesh Chand S/o Shri. Jagdish Chander age about 53 years. Aadhar No-16968 8583 0439), R/o H. No-148. Gali No-7. Sainik Vihar, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-59., have disowned and debarred their son namely Shri. Deepak Chand and/along with his wife Smt. Naina from all their moveable and immoveable properties and have cancelled all their Relations with them in future as they are continuously harassing, torturing, abusing and quarreling with my clients and are completely out of their control. If anyone deals with them shall be doing at his/her own costs and risks and my clients shall not held any responsible of any of their acts and deeds.
**Advocate (Juber Ahmad)**
R/129, Mohan Garden, New Delhi-59

**वीर अर्जुन**
**वर्गीकृत विज्ञापन**
**Change of Name**

It is for general information that I, Ayush Singh son of Manish Singh, resident of H. No. 15, Street No. 8A/1 (13), A Block, Kaushik Enclave, Burari, Delhi- 110084 declare that name of mine have been wrongly written as Raj in my LIC Policy Number 123337464. The actual name of mine is Ayush Singh which may be amended accordingly.
**C-35509**

**Proclamation Requiring Attendence of Defendant (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)**
**In The Court of**
**Sh. Ajay Kumar Jain, District Judge (Commercial Court)-03, Room No. 20, 4th floor, Block-I, South East District, Saket Court Complex, New Delhi.**
**Case No. CS (Comm)/1080/23**
**TCM Sports Management Pvt. Ltd.** .....Plaintiff
**Versus**
**Q Three Ventures Pvt. Ltd.** .....Defendant
**To,**
**D1: Q Three Ventures Pvt. Ltd.** 27th Main, Sector -1, Hsr Layout, Sector 2, Pwd Quarters, Opposite Hsr Police Station, Bengaluru, Karnataka-562123
**Also At:** Mr. Karthik Shivan 511 Embassy Prestine #502, 6th Main Road, Village Bellandur, Iblur Village, Bellandur
**Also At:** Godown No. C2/5, Sagar Complex, Opposite Mini Punjab, Nashik Bypass Road, Owali Village, Bhiwandi, Thane-421302.
**Also At:** Survey No. 71, Ravuthanahalli Main Road, Near RTO Road, Dasanapura Hobli, Bengaluru, Karnataka-562123.
**Also At:** Sector No. 84, Rajendra Kumar Yadav Village, Kherki Dhaula, Tehshil, Manesar, Gurugram, Haryana-122004.
Whereas you are intentionally evading service of summons it is hereby notified that if you shall not defend the case on the **15.10.2024** he day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and the seal of the court, this **22.08.2024.**
**Seal** **Sd/-**
**District Judge (Commercial Court)-03, Block-1, South East District, Saket Court Complex, New Delhi.**

**वैधानिक सूचना:** पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# देश के विकास में सहकारी क्षेत्र का योगदान अद्वितीय है: राष्ट्रपति

पुणे, (भाषा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक समारोह के संबोधित करते हुये कहा कि देश के विकास में सहकारी क्षेत्र का योगदान अतुलनीय है।

पश्चिम महाराष्ट्र के शहर वारणानगर में श्री वारणा महिला सहकारी समूह के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, व्यापार और उद्यमिता ने आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, लेकिन देश के विकास में सहकारी क्षेत्र की भूमिका अतुलनीय है। मुर्मू ने कहा कि सहकारिता समाज में निहित शक्ति का बेहतर उपयोग करने का सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा, सहकारिता के सिद्धांत संविधान में परिकल्पित न्याय, एकता और भाईचारे की भावना के अनुरूप हैं। जब अलग-अलग वर्गों और विचारधाराओं के लोग सहकार के लिए एकजुट होते हैं, तो उन्हें सामाजिक



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू श्री वारणा महिला सहकारी समूह के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेती हुईं। (एएनआई)

विविधता का लाभ मिलता है। मुर्मू ने कहा कि देश के आर्थिक विकास में सहकारी समितियों ने अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा अमूल और लिज्जत पापड़ जैसे घरेलू ब्रांड ऐसी सहकारी समितियों के ही उदाहरण हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सहकारी समूहों ने भारत को विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी सहकारी समितियां लगभग सभी राज्यों में दूध और दूध उत्पादों का उत्पादन और वितरण करती हैं। उन्होंने ने कहा कि सहकारी संस्थाएं केवल दूध ही नहीं, बल्कि उर्वरक, कपास, हथकरघा, आवास, खाद्य तेल और चीनी जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।मुर्मू ने कहा, "लेकिन तेजी से बदलते इस समय में उन्हें खुद को बदलने की जरूरत है। उन्हें जितना संभव हो सके प्रौद्योगिकी का उपयोग करना चाहिए और प्रबंधन को और अधिक पेशेवर बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई सहकारी समितियां पूंजी व संसाधनों की कमी, शासन व प्रबंधन एवं कम भागीदारी जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं और अधिक से अधिक युवाओं को सहकारिता से जोड़ना इस दिशा में महत्वपूर्ण हो सकता है।राष्ट्रपति ने कहा कि युवा, प्रशासन और प्रबंधन में प्रौद्योगिकी को शामिल करके उन संस्थाओं का कायाकल्प कर सकते हैं। उन्होंने सहकारी संस्थाओं को जैविक खेती, भंडारण क्षमता निर्माण और इको-टूरिज्म (पर्यटन) जैसे नए क्षेत्रों में अवसर तलाशने की सलाह दीं।उन्होंने कहा कि किसी भी उद्यम की सफलता का असली राज उसका आम लोगों के साथ जुड़ाव है और सहकारी समितियों की सफलता के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था और पारदर्शिता महत्वपूर्ण है। मुर्मू ने कहा कि सहकारी समितियों में किसी के एकाधिकार की जगह वास्तविक सहकार होना चाहिए।

## राष्ट्रपति ने कोल्हापुर में महालक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना की

कोल्हापुर, (भाषा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर शहर में देवी महालक्ष्मी के प्रसिद्ध मंदिर में पूजा-अर्चना की और उसके बाद राज्य की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना हुईं।मुर्मू के कोल्हापुर पहुंचने पर महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने उनका स्वागत किया। जिले के अधिकारियों ने कहा, राष्ट्रपति मुर्मू महालक्ष्मी मंदिर पहुंचीं और देवी से आशीर्वाद लिया।

## केंद्र हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश से बात करे: आरएसएस

पलक्कड़ (केरल), (भाषा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के राष्ट्रीय समन्वय सम्मेलन ने नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश सरकार के साथ बातचीत करने का आग्रह किया है।आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सोमवार को यहां संपन्न हुए तीन दिवसीय सम्मेलन समन्वय बैठक में बांग्लादेश की स्थिति को बहुत संवेदनशील मुद्दा बताया गया।

उन्होंने कहा कि समन्वय बैठक के दौरान विभिन्न संगठनों ने बांग्लादेश की स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। आंबेकर ने कहा, बेशक, यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों को लेकर हर कोई चिंतित है। उन्होंने कहा कि विभिन्न संगठनों ने अपने प्रतिनिधियों और बयानों के माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि वह बांग्लादेश सरकार के साथ मिलकर काम करे, ताकि वहां हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर भारत आने के बाद बांग्लादेश में कई हिंदू मंदिरों, मकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया।

## कतर बैंक से धोखाधड़ी के आरोपी केरल निवासी से संबद्ध लोगों के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

नई दिल्ली, (विप्र)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल के एक व्यक्ति द्वारा कतर स्थित बैंक के साथ कथित तौर पर 61 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी किए जाने के मामले में छापेमारी की। एजेंसी ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी के बयान अनुसार, आरोपी इस्माइल चक्रथ से संबद्ध लोगों के आवासीय परिसरों पर 28 अगस्त को छापेमारी की गई। राज्य में तीन स्थानों पर छापेमारी की गई। चक्रथ पर कतर की राजधानी दोहा में यूनाइटेड बैंक लिमिटेड को धोखा देकर अर्जित कर्ज को भारत भेजने का संदेह है। धन शोधन का यह मामला केरल पुलिस की अपराध शाखा और आर्थिक अपराध शाखा (कन्नूर तथा कासरगोड जिले) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के संबंध में शुरू की गई जांच के बाद सामने आया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि केरल के थुवक्कुन्नु का निवासी चक्रथ दोहा में ग्रांट मार्ट ट्रेडिंग नामक कंपनी चलाता था।

## बुच को सेवानिवृत्ति के बाद कोई वेतन भुगतान नहीं किया गया: आईसीआईसीआई बैंक

नई दिल्ली, (भाषा)। निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक ने मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की तरफ से सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच पर लगाए गए आरोपों पर सोमवार को कहा कि उसने अक्टूबर, 2013 में बुच की सेवानिवृत्ति के बाद से उन्हें कोई भी वेतन या ईएसओपी नहीं दिया है।

इससे पहले कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) का सदस्य बनने वालीं बुच ने वेतन और अन्य पारिश्रमिक के तौर पर आईसीआईसीआई बैंक से 16.8 करोड़ रुपये हासिल किए थे।कांग्रेस ने कहा है कि सेबी चेयरमैन को 2017 से आईसीआईसीआई समूह की तरफ से 16.8 करोड़ रुपये मिले हैं, जो उन्हें बाजार नियामक से मिली आय का 5.09 गुना है।इस आरोप पर बैंक ने बयान में कहा, आईसीआईसीआई बैंक या इसकी समूह कंपनियों ने माधबी पुरी बुच को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद उनके सेवानिवृत्ति लाभों के सिवाय कोई वेतन या कोई ईएसओपी (कर्मचारी शेयर विकल्प योजना) नहीं दिया गया है। यह ध्यान देने योग्य है कि उन्होंने 31 अक्टूबर, 2013 से प्रभावी सेवानिवृत्ति का विकल्प चुना था। आईसीआईसीआई समूह में अपने कार्यकाल के दौरान बुच को बैंक की नीतियों के अनुरूप वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ, बोनस और ईएसओपी के रूप में पारिश्रमिक मिला।बैंक ने कहा, हमारे नियमों के तहत ईएसओपी आवंटित किए जाने की तारीख से अगले कुछ वर्षों में मिलते हैं। बुच को ईएसओपी आवंटन किए जाते समय लागू नियमों के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों समेत बैंक कर्मचारियों के पास विकल्प था कि वे अधिकृत होने की तारीख से 10 साल की अवधि तक कभी भी अपने ईएसओपी का उपयोग कर सकते हैं।

## केन्स साणंद में लगाएगी सेमीकंडक्टर संयंत्र

नई दिल्ली, (विप्र)। सरकार ने गुजरात के साणंद में 63 लाख चिप प्रतिदिन उत्पादन क्षमता वाली सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के केन्स के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। इसके लिए 3,307 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों की घोषणा करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत में एक सेमीकंडक्टर परिदृश्य स्थापित हो रहा है।मंत्री ने कहा, आज मंत्रिमंडल ने केन्स संयंत्र को मंजूरी दे दी है, जिसकी प्रतिदिन 63 लाख चिप का विनिर्माण करने की क्षमता है। यह संयंत्र 46 एकड़ में बनेगा। यह एक बड़ा संयंत्र है और उत्पादन का बड़ा हिस्सा केन्स इंडस्ट्रीज को जाएगा। इसकी बुकिंग पहले ही हो चुकी है। यह संयंत्र बिजली क्षेत्र से संबंधित चिप की भी आपूर्ति करेगा। कंपनी ने इस परियोजना के लिए गुजरात के साणंद में पहले ही जमीन का अधिग्रहण कर लिया है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस इकाई के लिए प्रस्तावित निवेश करीब 3,307 करोड़ रुपये है।

## कांग्रेस ने सेबी प्रमुख के खिलाफ हितों के टकराव के नए आरोप लगाए

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधवी बुच के खिलाफ हितों के टकराव के नए आरोप लगाते हुए सोमवार को दावा किया कि इस बाजार नियामक की पूर्णकालिक सदस्य होते हुए भी वह आईसीआईसीआई बैंक से नियमित वेतन ले रही थीं और यह कुल राशि 16.80 करोड़ रुपये के करीब है।

पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) के प्रमुख के रूप में बुच की नियुक्ति के मामले में स्पष्टीकरण देने की भी मांग की। यहां कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि बुच 5 अप्रैल, 2017 से 4 अक्टूबर, 2021 तक सेबी की पूर्णकालिक सदस्य थीं और 2 मार्च, 2022 से इसकी अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा, माधबी पुरी बुच सेबी की पूर्णकालिक सदस्य होते हुए रेगुलर इनकम आईसीआईसीआई बैंक से ले रही थीं, जो कि 16.80 करोड़ रुपए था। वह आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, ईएसओपी और ईएसओपी का टीडीएस भी बैंक से ले रही थीं। उन्होंने कहा, यह सीधे-सीधे सेबी के सेक्शन-54 का उल्लंघन है। इसलिए अगर माधवी पुरी बुच में थोड़ी भी शर्म होगी तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। खेड़ा ने कहा कि यही नहीं, सेबी अध्यक्ष के हितों के टकराव के और भी कई मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि 2021-2023 के बीच, वर्तमान सेबी अध्यक्ष को ईएसओपी पर टीडीएस भी प्राप्त हुआ था, जिसका भुगतान आईसीआईसीआई बैंक द्वारा 1.10 करोड़ रुपये किया गया था। उन्होंने कहा कि टीडीएस की राशि वेतन के तहत ली जाती है और यह एक बार फिर सेबी की आचार संहिता का उल्लंघन है।

## सीसीईए ने मुंबई-इंदौर रेल लाइन को दी मंजूरी

नई दिल्ली, (विप्र)। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने दो प्रमुख वाणिज्यिक केंद्रों मुंबई तथा इंदौर के बीच सबसे छोटी रेल संपर्क सुविधा प्रदान करने वाली 309 किलोमीटर की नई लाइन परियोजना को सोमवार को मंजूरी दे दी।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी देते हुए कहा कि परियोजना की कुल लागत 18,036 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह 2028-29 तक पूरी होगी।इस परियोजना के निर्माण के दौरान करीब 102 कार्यदिवस का प्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होगा। इन दिनों को वैष्णव ने मानव दिवस करार दिया। आधिकारिक बयान में बाद में कहा गया, यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है जो एकीकृत योजना के जरिये संभव हो पाया है। यह लोगों, वस्तुओं तथा सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्क प्रदान करेगी।इस परियोजना के तहत महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश के छह जिले आएंगे। इससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 309 किलोमीटर की वृद्धि होगी। यह देश के पश्चिमीदक्षिण-पश्चिमी हिस्सों और मध्य भारत के बीच एक छोटा मार्ग प्रदान करके क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगी। इससे श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर सहित उज्जैन-इंदौर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटनाधार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। यह परियोजना जेएनपीए के प्रवेश द्वार बंदरगाह और अन्य राज्य बंदरगाहों से पीथमपुर वाहन केंद्र (जिसमें 90 बड़ी इकाइयां और 700 लघु तथा मझोले उद्योग हैं) को सीधी संपर्क सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही मध्य प्रदेश के बाजरा उत्पादक जिलों और महाराष्ट्र के प्याज उत्पादक जिलों को भी सीधी संपर्क प्रदान करेगी जिससे देश के उत्तरी तथा दक्षिणी हिस्सों में वितरण की सुविधा उपलब्ध होगी। बयान में कहा गया, यह कृषि उत्पादों, उर्वरक, कंटेनर, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट, पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट (पीओएल) जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए यह एक आवश्यक मार्ग है।

## कांग्रेस सत्ता में आई तो राहुल प्रधानमंत्री बनने के शत प्रतिशत हकदार: सिंघवी

नई दिल्ली, (भाषा)। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य अभिषेक सिंघवी ने सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की "गंभीरतौ और मुद्दों के प्रति समर्पण की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार बनने पर राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के लिए शत प्रतिशत हकदार होंगे।

सिंघवी ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में यह भी कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की संजीदगी से सभी लोग परिचित हो गए हैं और लोगों को यह विश्वास हो गया है कि उनकी करनी और कथनी में फर्क नहीं है।उन्होंने कहा, "जो लोग राहुल गांधी का मजाक बनाते थे, वो आज किस तरह से सहमे हुए हैं। राहुल गांधी दोहरी बात नहीं करते, वह मुद्दों पर बात करते हैं। वह संजीदा हैं। आज हर तबके तक उनकी गंभीरता पहुंच गई है, सबने सही पहचान कर ली है। उनके मुताबिक लोगों को विश्वास हो गया है कि राहुल गांधी जो कहते हैं वो करते हैं जो कि देश के प्रधानंत्री के संदर्भ में बिल्कुल उलट बात है।राहुल गांधी की प्रतिष्ठा और गंभीरता पर सिंघवी ने कहा कि यह सब राहुल गांधी का कमाया हुआ है और अगर कांग्रेस सत्ता में आती है तो क्या कोई उन्हें अनदेखा कर सकता है?यह पूछे जाने पर कि क्या राहुल गांधी भविष्य के प्रधानमंत्री हैं तो उन्होंने कहा, कांग्रेस जब भी सत्ता में आती है तो 100 फीसदी।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात करते हुए कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादर।

## हरियाणा सीटों के बंटवारे को लेकर भाजपा से चर्चा है जारी: आरपीआई

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनडीए में शामिल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की नॉर्थ इंडिया अध्यक्ष मंजू छिब्बर और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली ने हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी हरियाणा में 8 से 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन के तहत सीटों के बंटवारे पर चर्चा जारी है और अगर भाजपा के साथ सीटों पर सहमति नहीं बनती है, तो रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) 8 से 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और बाकी के 80 सीटों पर बीजेपी का उम्मीदवार का




मीडिया को सम्बोधित करती हुईं रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की नॉर्थ इंडिया अध्यक्ष मंजू छिब्बर व अन्य।

समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि अगर सहमति बनती है तो पार्टी 2 सीटों मुलाना और नीलोखेड़ी पर चुनाव लड़ेगी।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया (आठवले) की नॉर्थ इंडिया अध्यक्ष मंजू छिब्बर ने कहा, हम हरियाणा में 8 से 10 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अगर हमें बीजेपी 02 सीट भी नहीं देती है तो हम 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेंगे और पूरे दम खम से लड़ेंगे लड़ेंगे। भाजपा के साथ हमारा गठबंधन मजबूत है, और सीटों के बंटवारे पर सकारात्मक चर्चा चल रही है। यदि किसी कारणवश सीटों पर सहमति नहीं बनती, तो भी हम भाजपा के खिलाफ कोई प्रचार नहीं करेंगे। हमारा उद्देश्य केवल जनहित के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना और प्रदेश की जनता की सेवा करना है। एडवोकेट रवि कुंडली ने भी स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी या उनके नेता भाजपा के खिलाफ कोई प्रचार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन के नियमों को निभाने का पूरा प्रयास किया जाएगा, ताकि एनडीए की एकता और ताकत बनी रहे। एडवोकेट रवि कुंडली ने यह भी बताया कि उनकी पार्टी की प्राथमिकता चुनावी मुद्दों पर केंद्रित रहेगी। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जनहित के मुद्दे प्रमुख होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी का उद्देश्य राजनीति के माध्यम से जनता की सेवा करना है और वे भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने का काम निरंतर करते रहेंगे।

## आपराधिक कृत्यों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो लेकिन इसे सांप्रदायिक रंग नहीं देना चाहिए : नकवी

नई दिल्ली, (वीअ)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि किसी भी आपराधिक कृत्य के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जानी चाहिए लेकिन इसे सांप्रदायिक रंग नहीं दिया जाए।उन्होंने भाजपा शासित हरियाणा और महाराष्ट्र में मुस्लिम व्यक्तियों को निशाना बनाने संबंधी भीड़ द्वारा हिंसा की दो घटनाओं के मद्देनजर यह टिप्पणी की।इन घटनाओं पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, नकवी ने कहा कि आपराधिक कृत्यों को सांप्रदायिक रंग देने के पैरोकार लोग देश में सौहार्द और भाईचारे को इरादतन तार-तार करने की कोशिश कर रहे हैं।पूर्व अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने कहा कि हिंदुत्व का भय और इस्लामोफोबिया की दहशत पैदा करने की साइबर साजिश देश में अराजकता फैलाने का षडयंत्र है। उन्होंने कहा कि समाज की सुरक्षा व सौहार्द को सर्वोच्च महत्व देते हुए, किसी भी आपराधिक कृत्य के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जानी चाहिए लेकिन किसी को भी आपराधिक कृत्य को सांप्रदायिक रंग देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## हरियाणा में पीट-पीट कर युवक की हत्या क्रूरता की पराकाष्ठा: मौलाना मदनी

नई दिल्ली, (वीअ)। जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम समूह) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने हरियाणा में एक युवक की कथित तौर पर पीट-पीट कर हत्या को क्रूरता की पराकाष्ठा बताते हुए सोमवार को भीड़ हिंसा के खिलाफ सख्त कानून बनाने की अपील की।

जमीयत प्रमुख ने यह भी कहा कि भीड़ हिंसा मुसलमानों की समस्या नहीं है, बल्कि एक राजनीतिक समस्या है और इसका राजनीतिक रूप से ही समाधान संभव है। संगठन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, बुजुर्ग मुस्लिम नेता ने सभी राजनीतिक दलों, खासकर अपने आपको धर्मनिरपेक्ष कहने वाले दलों से खुल कर सामने आने को कहा और उनसे भीड़ हिंसा के खिलाफ कानून बनाने के लिए ̆2392ीदम उठाने का आग्रह किया। हरियाणा के चरखी दादरी में, 27 अगस्त को कथित तौर पर गोरक्षकों ने पश्चिम बंगाल से आए एक मुस्लिम प्रवासी साबिर मलिक की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। उस पर यह संदेह जताते हुए हमला किया गया कि उसने बीफ खाया था। इस हमले में एक व्यक्ति घायल भी हुआ था। घटना को क्रूरता की पराकाष्ठता बताते हुये मदनी ने कहा कि ऐसा लगता है कि तथाकथित गौ रक्षकों के भेष में दुष्ट तत्वों का एक गिरोह है जिसे हिंसा और दरिंदगी की खुली छूट मिली हुई है।उन्होंने यह भी कहा कि दुखद है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बावजूद भीड़ हिंसा की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। मदनी ने कहा, इसका स्पष्ट अर्थ यह भी हो सकता है कि जो लोग ऐसा कर रहे हैं उनको राजनीतिक संरक्षण और समर्थन प्राप्त है। इसलिए उनके हौसले बुलंद हैं।

## मणिपुर भाजपा विधायक ने अमित शाह से राज्य से केंद्रीय बलों को हटाने का अनुरोध किया

इंफाल, (भाषा)। मणिपुर के भाजपा विधायक राजकुमार इमो सिंह ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अनुरोध किया कि जातीय संघर्ष प्रभावित राज्य में शांति बहाल करने के प्रयास के तहत केंद्रीय बलों को हटाकर राज्य सुरक्षा कर्मियों को जिम्मेदारी संभालने दिया जाए।

शाह को लिखे पत्र में सिंह ने तर्क दिया कि मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी के बावजूद शांति नहीं आई है। भाजपा विधायक सिंह, मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद भी हैं।उन्होंने कहा, मणिपुर में लगभग 60,000 केंद्रीय बलों की मौजूदगी शांति स्थापित नहीं कर पा रही है, इसलिए बेहतर है कि ऐसे बलों को हटा दिया जाए जो ज्यादातर मूकदर्शक के रूप में मौजूद रहते हैं। उन्होंने इस बात को माना कि राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग की कमी के कारण हाल में असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को वापस बुलाने की कार्वाई की गयी। सिंह ने कहा, हम असम राइफल्स की कुछ इकाइयों को हटाने की कार्वाई से प्रसन्न हैं, जो राज्य सरकार और जनता के साथ सहयोग नहीं कर रही थीं, लेकिन यदि इन और अन्य केंद्रीय बलों की उपस्थिति हिंसा को नहीं रोक सकती है, तो बेहतर है कि उन्हें हटा दिया जाए और राज्य बलों को कार्यभार संभालने और शांति लाने दिया जाए। सिंह ने प्रस्ताव रखा कि केन्द्र सरकार एकीकृत कमान प्राधिकरण को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार को हस्तांतरित करे।उन्होंने हिंसा को रोकने में वर्तमान व्यवस्था को अप्रभावी बताते हुए इसकी आलोचना की तथा तर्क दिया कि इस समय एकीकृत कमान को निर्वाचित सरकार को हस्तांतरित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## सीबीआई के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के 82 मामले लंबित: सीवीसी

नई दिल्ली, (विप्र)। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2023 तक केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्वाई के 82 मामले लंबित हैं। इसमें कहा गया है, सीबीआई अधिकारियों के खिलाफ मामलों का लंबित रहना देश की प्रमुख जांच एजेंसी की प्रतिष्ठा और छवि को दर्शाता है। सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2023 तक सीबीआई के समूह-ए अधिकारियों के खिलाफ 54 और समूह-बी और सी के अधिकारियों के खिलाफ 28 मामले विभिन्न चरणों में लंबित थे।केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के समूह-ए अधिकारियों के खिलाफ कुल लंबित विभागीय कार्वाई के मामलों में से 25 चार साल से अधिक समय से लंबित थे, चार मामले तीन से चार साल पुराने हैं और 16 मामले एक से तीन साल पुराने हैं, जबकि नौ मामले एक साल से कम समय से लंबित हैं।

## जम्मू-कश्मीर चुनाव: कांग्रेस ने छह उम्मीदवारों की सूची जारी की

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को छह उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की, जिसमें जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जेकेपीसीसी) प्रमुख तारिक हमीद कर्रा को सेंट्रल शालटेंग सीट से मैदान में उतारा गया है। यह सूची कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की यहां हुई बैठक के तुरंत बाद जारी की गई जिसमें चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। पार्टी यह चुनाव नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन में लड़ रही है।

जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख कर्रा के अलावा, पार्टी ने रियासी से मुमताज खान,



केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में भाग लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी। (एएनआई)

माता वैष्णो देवी से भूपेन्द्र जामवाल, राजौरी (एसटी) से इफ्तिखार अहमद, थन्नामंडी (एसटी) से शब्बीर अहमद खान और सुरनकोट (एसटी) से मोहम्मद शाहनवाज चौधरी को मैदान में उतारा है। इन निर्वाचन क्षेत्रों में तीन चरण के विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान होगा। पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवारों की कुल संख्या अब 15 है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी, प्रभारी महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल, कर्रा, जम्मू-कश्मीर स्क्रीनिंग कमेटी के प्रमुख सुखजिंदर सिंह रंधावा, सलमान खुर्शीद सहित अन्य नेता यहां अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय में बैठक में शामिल हुए। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने सीट बंटवारे के फार्मूले को अंतिम रूप दे दिया है और वे क्रमशः 51 और 32 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।माकपा और जम्मू-कश्मीर नेशनल पैंथर्स पार्टी (जेकेएनपीपी) को एक-एक सीट आवंटित की गई है।

# पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी कुमार नितेश ने पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीता

पेरिस, (भाषा)। भारत के कुमार नितेश ने सोमवार को यहां पुरुष एकल एसएल3 बैडमिंटन फाइनल में कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराकर पैरालंपिक में पहली बार स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के 29 साल के नितेश ने अपने मजबूत डिफेंस और सही शॉट चयन की मदद से तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता बेथेल को एक घंटे और 20 मिनट चले मुकाबले में 21-14 18-21 23-21 से हराया। नितेश ने मैच के बाद कहा, मुझे अब भी कुछ अहसास नहीं हो रहा। शायद जब मैं पोडियम पर जाऊंगा और राष्ट्रगान बजेगा तो इस भावना का सामना कर पाऊंगा। एसएल3 वर्ग के खिलाड़ियों के शरीर के निचले हिस्से में अधिक गंभीर विकार होता है और वह आधी चौड़ाई वाले कोर्ट पर खेलते हैं।



कुमार नितेश

## लोकसभा अध्यक्ष ने बधाई दी

नई दिल्ली(वीअ)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पैरालिंपिक में पुरुष एकल (एसएल3) में स्वर्ण पदक जीतने पर नितेश कुमार को हार्दिक बधाई दी। आपकी जीत भारत के खेल के इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है जो बैडमिंटन कोर्ट की सीमाओं से परे जाकर आशा, साहस और मानवीय इच्छाशक्ति का प्रतीक है। आपकी सफलता अनगिनत व्यक्तियों को अपने जुनून के आगे बढ़ने और बाधाओं को तोड़ने के लिए प्रेरित करेगी।

जब नितेश 15 वर्ष के थे तब उन्होंने 2009 में विशाखापत्तनम में एक रेल दुर्घटना में अपना बायां पैर खो दिया था लेकिन वह इस सदमे से उबर गए और पैरा बैडमिंटन को अपनाया।

## तुलसीमति ने रजत, मनीषा ने कांस्य पदक जीता

पेरिस, (भाषा)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों तुलसीमति मुरुगेसन और मनीषा रामदास ने सोमवार को यहां पैरालंपिक की महिला एकल एसयू5 स्पर्धा में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीता। बाइस साल की शीर्ष वरीय तुलसीमति को फाइनल में चीन की गत चैंपियन यैंग किउ शिया के खिलाफ 17-21 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरी वरीय मनीषा ने डेनमार्क की तीसरी वरीय कैथरीन रोसेनग्रेन को 21-12 21-8 से हराकर कांस्य पदक जीता। एसयू5 वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए है जिनके ऊपरी अंगों में विकार है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने अवनि लेखरा को बधाई दी

नई दिल्ली, (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालम्पिक खेलों में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनी निशानेबाज अवनि लेखरा को बधाई दी। अवनि ने पेरिस पैरालम्पिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) वर्ग में रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। मोदी ने अवनि से फोन पर बात करते हुए कहा कि वह अच्छा खेल रही है और उन्हें भविष्य के लिये शुभकामना भी दी। अवनि ने कहा कि उन्होंने शांतचित्त होकर खेला और दबाव नहीं लिया जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था। अवनि ने तीन साल पहले तोक्यो पैरालम्पिक में भी स्वर्ण पदक जीता था।

नितेश की यह जीत सिर्फ निजी उपलब्धि नहीं है बल्कि इस जीत के साथ एसएल3 वर्ग का स्वर्ण पदक भारत के पास बरकरार रहा। तोक्यो में तीन साल पहले जब पैरा बैडमिंटन ने पदार्पण किया था तो प्रमोद भगत ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। आईआईटी मंडी से स्नातक नितेश ने इससे पहले बेथेल के खिलाफ सभी नौ मैच गंवाए थे और उन्होंने सोमवार को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाड़ी के खिलाफ पहली जीत दर्ज की। उन्होंने कहा, मैंने इस तरह से नहीं सोचा था। मेरे दिमाग में विचार आ रहे थे कि मैं कैसे जीतूंगा। लेकिन मैं यह नहीं सोच रहा था कि जीतने के बाद मैं क्या करूंगा। फाइनल मुकाबला धीरज और कौशल का परीक्षण था जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने बहुत ही कठिन रैलियां खेली। शुरुआती गेम में लगभग तीन मिनट की 122 शॉट की रैली भी थी। नितेश ने अपने रिवर्स हिट, ड्रॉप शॉट और नेट पर शानदार खेल से बेथेल को पूरे मैच में परेशान किया। शुरुआती गेम में नितेश एक समय 6-9 से पीछे थे लेकिन अपने मजबूत डिफेंस की बदौलत वापसी करने में सफल रहे और ब्रेक के समय 11-9 से आगे थे। उन्होंने इसके बाद 18-14 की बढ़त बनाई और बेथेल के शॉट बाहर मारने पर गेम जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी दूसरे गेम में 14-12 से आगे था और सीधे गेम में जीत दर्ज कर सकता था लेकिन बेथेल ने वापसी करते हुए मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खीच दिया। तीसरे और निर्णायक गेम दोनों खिलाड़ियों के बीच प्रत्येक अंक के लिए कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों खिलाड़ी 8-8 के स्कोर से 19-19 तक पहुंचे।

## कथुनिया ने दूसरी बार रजत पदक जीता

पेरिस, (भाषा)। भारत के योगेश कथुनिया ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सोमवार को यहां रजत पदक जीता। कथुनिया ने इससे पहले तोक्यो पैरालंपिक में भी इस स्पर्धा का रजत पदक जीता था। इस 27 साल के खिलाड़ी ने अपने पहले प्रयास में मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 42.22 मीटर की दूरी तय की। ब्राजील के क्लॉडनी बतिस्ता डॉस सैंटोस ने अपने पांचवें प्रयास में 46.86 मीटर की दूरी के साथ इन खेलों का नया रिकॉर्ड कायम करते हुए पैरालंपिक में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की। यूनान के कंस्टेंटिनो तजौनिस ने 41.32 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। चार खिलाड़ियों की इस स्पर्धा में स्लोवाकिया के डुसान लैक्जको 41.20 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ अंतिम स्थान पर रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएच स्पोर्ट्स यू 17 टूर्नामेंट: ग्लोबल अकादमी सीसीयूए दोनों टीमों को दो-दो अंक



नई दिल्ली, (खेस)। अभय का अर्धशतक, 52 रन, सिब्रिन 36 और ग्लोबल अकादमी के गेंदबाज हर्षित चौधरी, 3/12, पार्थ शर्मा, 2/23, ने भारी बारिश के कारण ग्लोबल अकादमी बनाम सीसीयूए अकादमी के बीच ओपनिंग समारोह मैच 18वें हरि चंद मेमोरियल एस एच स्पोर्ट्स यू 17 क्रिकेट टूर्नामेंट में दो दो अंक प्राप्त किए। वर्षा के कारण मैच ड्रा घोषित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मोहन चतुर्वेदी पूर्व भारतीय विकेट कीपर दिल्ली रणजी ट्रॉफी बल्लेबाज अध्यक्ष चयनकर्ता जूनियर पुरुष क्रिकेट चयन समिति डीडीसीए और श्री अनिल कुमार पासी सदस्य डीडीसीए लीग टूर्नामेंट कमेटी राजेन्द्र आर्य का उद्घाटन किया। संक्षिप्त स्कोर सीसीयूए 126/6 30 ओवर में अभय 52 सिब्रिन 36 हर्षित चौधरी 3/12 पार्थ शर्मा 2/23 परिणाम दोनों ने दो-दो' अंक साझा किए। टूर्नामेंट में दोनों टीमों के कप्तान श्री मोहन चतुर्वेदी श्री अनिल पासी के साथ टॉस करते हुए।

### तीरंदाजी: शीतल देवी और राकेश कुमार की जोड़ी सेमीफाइनल में

पेरिस, (भाषा)। शीतल देवी और राकेश कुमार की भारतीय जोड़ी ने सोमवार को यहां पेरिस पैरालंपिक की मिश्रित टीम कंपाउंड ओपन तीरंदाजी स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाई। शीतल और राकेश ने क्वार्टर फाइनल में तियोडोरा ऑडी आयुदिया फेरेलिन और केन स्वेगुमिलांग की इंडोनेशिया की जोड़ी को आसानी से 154-143 से हराया। मिश्रित कंपाउंड ओपन वर्ग में शीतल और राकेश की शीर्ष वरीय जोड़ी ने सेमीफाइनल तक के सफर के दौरान शानदार फॉर्म दिखाई। सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना फातिमेह हेमाती और हादी नोरी की ईरान की जोड़ी से होगा। ईरान की जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में जेन कार्ला गोगेल और रेइनाल्डो वैगनर चाराओ फरेरा की ब्राजील की जोड़ी को 153-151 से हराया। सत्रह साल की शीतल का जन्म 2007 में फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ जन्मजात विकार के साथ हुआ था जिसके कारण उसके अंग अविकसित रह जाते हैं।

### हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला अंतर क्षेत्रीय चैंपियनशिप में जीते

लखनऊ, (भाषा)। पूर्व क्षेत्र और उत्तर क्षेत्र ने सोमवार को यहां हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अंतर क्षेत्रीय चैंपियनशिप में अपने-अपने मुकाबले जीते। पूर्व क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को 3-1 से हराया जबकि उत्तर क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र को 6-2 से शिकस्त दी। रांची में चल रही महिला प्रतियोगिता में पूर्व क्षेत्र ने रोशनी एइंड के गोल से उत्तर क्षेत्र को 1-0 से हराया। पश्चिम क्षेत्र ने दक्षिण क्षेत्र को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से रौंदा।

### सप्तक तलवार संयुक्त छठे स्थान पर रहे

जकार्ता, (भाषा)। भारतीय खिलाड़ी सप्तक तलवार पांच लाख डॉलर इनामी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के आखिरी दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे। सप्तक ने चार दौर में 69-67-68-68 के कार्ड के साथ कुल 12 अंडर 272 का स्कोर किया और एशियाई टूर पर पहली बार शीर्ष 10 में रहे। टूर्नामेंट में भाग ले रहे अन्य भारतीयों में खलिन जोशी (68) और भारतीय-अमेरिकी मानव शाह (68) एक समान सात अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर रहे। वीर अहलावत (72) छह अंडर के स्कोर के साथ 33वें, गगनजीत भुल्लर (68) पांच अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 34वें जबकि एसएसपी चौरसिया (70) चार अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 44वें स्थान पर रहे।

### शुभंकर ब्रिटिश मास्टर्स में 18वें स्थान पर

बेलफ्राइ (ब्रिटेन), (भाषा)। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स में चार अंडर 68 के स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहे और उन्होंने लगातार दूसरी बार शीर्ष 20 में जगह बनाई है। इससे पहले वह इसी सप्ताह डेनिश ओपन में संयुक्त 14वें स्थान पर रहे थे। डेनमार्क के निकलस नोरगार्ड ने दो शॉट से खिताब जीता। अब वह रेस टू दुबई रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है।

### दीक्षा आयरिश 38वें स्थान पर रही

डबलिन (आयरलैंड), (भाषा)। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर महिला आयरिश ओपन के चौथे दौर में पार 73 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर रही। दीक्षा ने चौथे दौर में चार बोगी किये और इतने ही बर्डी लगाये। उनका का कुल स्कोर चार अंडर 288 रहा। टूर्नामेंट में भाग ले रही तीन अन्य भारतीय त्वेसा मलिक संधू, प्रणवी उर्स और रिद्धिमा दिलावरी कट में जगह बनाने से चूक गयी थी। चोट से वापसी कर रही इंग्लैंड की एनाबेल डिमॉक ने प्लेऑफ में फ्रांस की पॉलीन रूसिन-बूचार्ड को हराकर लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) पर पांच साल में अपना पहला खिताब जीता।

## प्रियांश के आदर्श हैं कोहली, आरसीबी के लिए खेलना चाहते है

नई दिल्ली, (भाषा)। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में शानदार प्रदर्शन कर रहे प्रियांश आर्य अपने आदर्श दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की तरह 18 नंबर की जर्सी पहनते हैं और उन्हें उम्मीद है कि एक दिन आईपीएल में उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की ओर से खेलेंगे। मौजूदा टूर्नामेंट में एक ही ओवर में छह छक्के जड़ने वाले पहले खिलाड़ी बने प्रियांश ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग की बड़ी नीलामी में उनके चुने जाने की संभावना को फिलहाल अधिक तवज्जो नहीं दे रहे। प्रियांश नौ पारियों में दो शतक की मदद से 602 रन बनाकर टीम के सबसे सफल बल्लेबाज है। उन्होंने 75.25 के औसत के अलावा 198.0 के शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए है। प्रियांश ने पीटीआई वीडियो को दिए साक्षात्कार में कहा, विराट कोहली मेरे पसंदीदा क्रिकेटर है, मैं आरसीबी के लिए खेलना चाहता हूं। मेरी पसंदीदा टीम आरसीबी है और मुझे विराट कोहली बहुत पसंद है, मुझे उनकी आक्रामकता पसंद है। मुझे भी आक्रामक क्रिकेट खेलना पसंद है। वह मेरे आदर्श हैं। लगातार छह छक्कों के बारे में उन्होंने कहा, मेरे मन में यह बात थी कि अगर कोई बाएं हाथ का स्पिनर गेंदबाजी करने आएगा तो मैं उसे निशाना बनाऊंगा। चौथे छक्के के बाद मुझे विश्वास होने लगा कि मैं छह छक्के मार सकता हूं और ऐसा करूंगा।

आयुष (बडोनी) ने मेरा समर्थन किया और मुझे ऐसा करने के लिए कहा। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स की ओर से खेलने वाले प्रियांश भारत में राज्य टी20 लीग के एक सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते है और उनकी नजरें डीपीएल ट्रॉफी पर टिकी है। उन्होंने कप्तान आयुष बडोनी की उनके नेतृत्व कौशल के लिए प्रशंसा की और कहा कि वह हमेशा सभी को मैदान पर उतरकर अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए कहते है।

## नितिन, एंसी सोजन को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार मिला

बेंगलुरु, (भाषा)। सेना की लंबी कूद की अनुभवी खिलाड़ी एंसी सोजन ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप के समापन दिन 6.71 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए स्वर्ण पदक के साथ सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट का पुरस्कार अपने नाम किया। तेईस साल की यह खिलाड़ी दिग्गज अंजू बॉबी जॉर्ज के 2002 में बनाए गए 6.74 मीटर के मीट रिकॉर्ड को तोड़ने से मामूली अंतर से चूक गईं। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, मेरा 6.71 मीटर का स्वर्ण जीतने वाला प्रदर्शन 2025 सत्र की तैयारी के लिए एक अच्छा मानदंड होगा। तमिलनाडु के नितिन इस आयोजन के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने गये। उन्होंने 200 मीटर दौड़ को 20.66 सेकेंड के मीट रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। एशियाई खेलों की पदक विजेता विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ के लंबे समय से चले आ रहे मीट रिकॉर्ड को अपने नाम किया। उन्होंने 56.23 सेकेंड में अपनी दौड़ पूरी कर दिग्गज पीटी उषा द्वारा 1985 में कायम मीट रिकॉर्ड में सुधार किया। उषा का रिकॉर्ड 56.80 सेकेंड का था। सेना की टीम 137 अंक के साथ पुरुष वर्ग की चैम्पियन बनी जबकि रेलवे (201 अंक) ने महिला टीम का खिताब जीता।

## पाकिस्तान की बल्लेबाजी लड़खड़ाई, बारिश ने बांग्लादेश को इंतजार लंबा कराया

रावलपिंडी (पाकिस्तान), (एपी) युवा तेज गेंदबाजों हसन महमूद और नाहिद राणा ने आपस में नौ विकेट साझा कर के सोमवार को दूसरे टेस्ट के चौथे दिन पाकिस्तान की दूसरी पारी को 172 रन पर समेट दिया, जिससे बांग्लादेश के पास दो मैचों की श्रृंखला में सूपड़ा साफ करन का मौका है।

खराब रोशनी और फिर बारिश के कारण दिन के आखिरी सत्र में सिर्फ एक ओवर का खेल हो गया। बांग्लादेश ने जीत के लिए 185 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात ओवरों में बिना किसी नुकसान के 42 रन बना लिये थे। मैच के आखिरी दिन अब टीम को जीत के लिए 143 रन की जरूरत है और उसके सभी विकेट बचे हुए है।

बांग्लादेश की टीम अगर इस मैच को जीतने या ड्रॉ कराने में सफल रही तो यह टेस्ट श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ उसकी पहली जबकि विदेशी सरजमीं द्विपक्षीय श्रृंखला में दूसरी जीत होगी। टीम इससे पहले 2009 में वेस्टइंडीज में टेस्ट श्रृंखला अपने नाम करने में सफल रही थी।

पाकिस्तान के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला के पहले मैच को 10 विकेट से जीतने वाले बांग्लादेश के लिए सोमवार को 21 साल के राणा ने शीर्ष क्रम को झकझोरा जबकि 24 साल के महमूद ने मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों को चलता कर टीम के लिए अच्छा मौका बनाया है। पहली पारी में 12 रन की बढ़त हासिल करने वाली पाकिस्तान की टीम चाय के विश्राम से पहले 172 रन पर आउट हो गयी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन और शदमन इस्लाम ने आक्रामक शुरुआत दिलायी। जाकिर ने इस दौरान अपनी 23 गेंद में 31 रन की नाबाद पारी में खुर्म शहजाद के खिलाफ दो छक्के जड़े। शदमन नौ रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। दिन के दूसरे सत्र में सलमान अली आगा (47) और मोहम्मद रिजवान (43) ने सातवें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर मैच में पाकिस्तान की वापसी कराने की कोशिश की। महमूद ने हालांकि शानदार लय में चल रहे रिजवान को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। महमूद ने अगली गेंद पर मोहम्मद अली को चलता किया लेकिन हैट्रिक पूरा करने से चूक गये।

सलमान ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ 36 रन जोड़कर पाकिस्तान को संघर्ष करने लायक लक्ष्य तक पहुंचाया।

## नये कोच मार्केज की देखरेख में भारतीय टीम की नजरें बेहतर शुरुआत पर

हैदराबाद, (भाषा)। विश्व कप क्वालीफायर में निराशा को पीछे छोड़ते हुए भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम मंगलवार को यहां इंटरकांटिनेंटल कप के पहले मैच में जब मॉरीशस के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश नए मुख्य कोच मोनोलो मार्केज के नेतृत्व में दमदार आगाज करने की होगी। भारतीय पुरुष टीम 16 साल में पहली बार तेलंगाना की राजधानी पहुंची है। यह शहर तीन से नौ सितंबर तक इंटरकांटिनेंटल कप के लिए मॉरीशस और सीरिया की मेजबानी करेगा।

मार्केज ने इस टूर्नामेंट को एएफसी एशियन कप क्वालीफायर जैसे भविष्य के बड़े टूर्नामेंटों की तैयारियों के लिए ड्रेस रिहर्सल करार दिया है।

मार्केज का मानना है कि वह सत्र के शुरू होने के बाद टीम की गुणवत्ता का बेहतर आकलन कर पायेंगे।

सेन के इस कोच ने कहा, सितंबर, अक्टूबर और नवंबर में इस तरह के मैचों को खेलने का मुख्य लक्ष्य मार्च में खेले जाने वाले एशियाई कप क्वालीफायर जैसे अहम आयोजन के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा, फीफा के मौजूदा सत्र का पहला विंडो हमारे लिए थोड़ा मुश्किल है क्योंकि हम अब भी सत्र पूर्व वाली स्थिति में है। कुछ क्लबों ने डूरंड कप में अपनी रिजर्व टीम के साथ भाग लिया। हम सभी खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के बारे में ठीक से नहीं जानते है। फीफा के अगले विंडो में हालांकि ऐसा नहीं होगा क्योंकि उस समय आईएसएल का आयोजन हो रहा होगा। इंटरकांटिनेंटल कप के मैच यहां के जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाएंगे।भारतीय टीम का दीर्घकालिक लक्ष्य 2027 एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालिफिकेशन हासिल करना है जिसका आगाज अगले साल मार्च में होगा।

मार्केज ने आगामी तीन अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के महत्व पर जोर दिया है ताकि एएफसी एशियाई कप के लिए दिसंबर में होने वाले ड्रॉ में भारतीय टीम को पॉट एक में जगह मिल पाये।

मार्केज के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि उन्हें टूर्नामेंट से पहले खिलाड़ियों के साथ सिर्फ दो अभ्यास सत्र करने का मौका मिला है।

## आईएसएल मेरे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक: छेत्री

मुंबई, (भाषा)। बेंगलुरू एफसी के कप्तान सुनील छेत्री ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2024-25 सत्र की शुरुआत से पहले इस फुटबॉल लीग को उन सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक बताया जिनमें वह खेले। छेत्री ने स्वीकार किया कि 2014 में उन्होंने यह अनुमान नहीं लगाया था कि आईएसएल इतनी प्रगति करेगा और असंख्य युवा प्रतिभाएं देगा तथा नए क्लबों के आने के साथ यह टूर्नामेंट बड़ा होता जा रहा है। छेत्री ने कहा, यह शानदार रहा है। 10 साल पहले अगर मेरे से पूछा जाता कि आईएसएल कहां पहुंचेगा या भारतीय फुटबॉल में इसका क्या स्थान होगा तो शायद मैं यह अनुमान नहीं लगा पाता कि हम कहां होंगे। यह आठ क्लबों की दो महीने लंबी लीग से लेकर अब पूरे साल चलने वाली लीग तक शानदार तरीके से विकसित हुई है जिसमें कई प्रतिभाएं सामने आई है। उन्होंने कहा, यह मेरे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में से एक बन गई है। मैं एक भारतीय फुटबॉल प्रशंसक हूं इसलिए मुझे उम्मीद है कि भविष्य में यह तेजी से बढ़ेगी और मुझे उम्मीद है कि आने वाले 10 साल पिछले 10 वर्षों की तुलना में कहीं बेहतर होंगे। आईएसएल 2024-25 सत्र की शुरुआत 13 सितंबर को विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान सुपर जाइंट के बीच मुकाबले से होगी। छेत्री की अगुवाई वाली बेंगलुरू एफसी 14 सितंबर को बेंगलुरू के श्री कांतीरवा स्टेडियम में ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

## अब रजत पदक की बाधा को पार कर स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं: कथुनिया

पेरिस, (भाषा)। पैरालंपिक खेलों में लगातार दूसरी बार रजत पदक जीतने वाले भारत के चक्का फेंक खिलाड़ी योगेश कथुनिया अपने प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं है क्योंकि उन्हें लगता है कि वह कई प्रमुख टूर्नामेंटों में दूसरे स्थान की बाधा को पार नहीं कर पा रहे है। हरियाणा के 27 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों के एफ56 चक्का फेंक स्पर्धा में 42.22 मीटर के सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सोमवार को यहां रजत पदक जीता। कथुनिया अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने अगले बड़े टूर्नामेंट में अपने पदक का रंग बेहतर करने का वादा किया। कथुनिया ने मैच के बाद यहां कहा, प्रतियोगिता ठीक रही, मुझे रजत पदक मिला। मैं अब पदक का रंग बदलने के लिए कड़ी मेहनत करूंगा। उन्होंने कहा, पिछले कुछ समय से मैं केवल रजत जीत रहा हूं, चाहे वह तोक्यो (पैरालंपिक) हो या आज, विश्व चैंपियनशिप या एशियाई खेल..हर जगह मैं रजत जीत रहा हूं। गाड़ी अटक गई है। मुझे लगता है कि मुझे और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। अब मुझे स्वर्ण पदक चाहिये।तोक्यो पैरालंपिक से कथुनिया ने बड़े आयोजनों में लगातार पांचवीं बार रजत पदक जीता है। उन्होंने 2023, 2024 विश्व चैंपियनशिप के साथ-साथ पिछले साल एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीते थे। पैरालंपिक के साथ उन्होंने 2023, 2024 विश्व चैंपियनशिप और पिछले साल एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीते थे।

कथुनिया नौ साल की उम्र में गुइलेन-बैरी सिंड्रोम से ग्रसित हो गये थे। यह एक दुर्लभ बीमारी है जिसमें शरीर के अंगों में सुन्नता, झनझनाहट के साथ मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है और बाद में यह पक्षाघात (पैरालिसिस) का कारण बनता है।

## जोरेको ने स्पेशल ओलंपिक भारत फेडरेशन के साथ मिलकर दिव्यांग बच्चों के लिए किया राष्ट्रीय बॉलिंग टूर्नामेंट का आयोजन

नई दिल्ली, (खेस)। भारत का प्रीमियम गेमिंग एरिना ज़ोरेको, स्पेशल ओलंपिक भारत फेडरेशन के साथ मिलकर दिव्यांग बच्चों के लिए राष्ट्रीय बॉलिंग टूर्नामेंट आयोजन करने जा रहा है, जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। यह टूर्नामेंट ज़ोरेको के राजौरी गार्डन परिसर पर 2 से 4 सितंबर, 2024 तक आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देश भर से प्रतिभागी आएंगे और सबसे ज़्यादा स्कोर करने वाले को विजेता घोषित किया जाएगा। 3 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 55 खिलाड़ी खेलेंगे।



ज़ोरेको के कंसल्टिंग सीएमओ अनवीश अग्रवाल कहते है, उत्पेशल ओलंपिक भारत के साथ मिलकर राष्ट्रीय बॉलिंग टूर्नामेंट की मेजबानी करना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। दिव्यांगजनों के लिए सार्थक तरीके से योगदान देने में सक्षम होना हमारे लिए काफी मायने रखता है। एक ऐसा सुलभ स्थान प्रदान करना जहां सभी बच्चे आकर विश्व स्तरीय खेलों को खेल सकें और स्वादिष्ट भोजन और पेय पदार्थों का आनंद ले सकें। स्पेशल ओलंपिक भारत के कार्यकारी निदेशक डी.के. महेंद्रू कहते हैं, हमारे लिए दिव्यांग बच्चों को सीखने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने हेतु क्लासरूम से परे जाना जरूरी है। इसमें समुदाय को शामिल करना, उनके सामाजिक विकास और विकलांग लोगों को अधिक व्यापक स्वीकृति के लिए भी महत्वपूर्ण है। हम ज़ोरेको के साथ साझेदारी करके खुश हैं कि हमारा राष्ट्रीय बॉलिंग टूर्नामेंट सभी के लिए खेला और आनंद लिया जा सके।ड ज़ोरेको ने इस साल की शुरुआत में इन प्रतिभागियों के लिए बॉलिंग द स्टेट चैंपियनशिप की मेजबानी भी की और इस साल नवंबर में इन्हीं के लिए अंतरराष्ट्रीय बॉलिंग टूर्नामेंट की मेजबानी करने की तैयारी में है। स्पेशल ओलंपिक भारत फेडरेशन और ज़ोरेको की यह पहल सुलभता और समावेशन के महत्व को दर्शाती है।

## आठ फरवरी को एसए20 के तीसरे सत्र का फाइनल

जोहानिसबर्ग, (भाषा)। बेतवे एसए20 लीग के तीसरे सत्र का फाइनल वांडरर्स स्टेडियम पर आठ फरवरी को खेला जायेगा जबकि पहला मैच नौ जनवरी को दो बार के चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप और मुंबई इंडियंस केपटाउन के बीच सेंट जॉर्जेस पार्क पर होगा। आयोजकों ने सोमवार को यहां लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ और सभी छह टीमों के खिलाड़ियों की मौजूदगी में तीसरे सत्र के कार्यक्रम की घोषणा की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार पिछले सत्र की उपविजेता डरबन सुपर जाइंट्स का सामना 10 जनवरी को डरबन के किंग्समीड स्टेडियम पर प्रिटोरिया कैपिटल्स से होगा। न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन पहली बार डरबन टीम के लिये खेलेंगे जबकि कैपिटल्स के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया चोट के कारण दूसरे सत्र से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे है।

## गठिया से जूझ रही है साइना नेहवाल, साल के आखिर तक संन्यास पर करेंगी फैसला

नई दिल्ली, (भाषा)। भारत की चोटी की बैडमिंटन खिलाड़ी और पूर्व ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने खुलासा किया है कि वह गठिया से जूझ रही है और उन्हें इस साल के अंत तक इस खेल में अपने भविष्य के बारे में फैसला करना होगा क्योंकि इस बीमारी के कारण उनके लिए सामान्य दिनों की तरह अभ्यास करना मुश्किल हो गया है।

विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 34 वर्षीय नेहवाल ने लंदन ओलंपिक 2012 में कांस्य पदक जीता था। तीन बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली नेहवाल ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थी। राष्ट्रमंडल खेल 2010 और 2018 की स्वर्ण पदक विजेता ने कहा कि वह अब इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकती है कि उनका करियर अपने अंतिम चरण में है। दिग्गज निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक में भारतीय दल के नेता गगन नारंग के हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट में नेहवाल ने कहा, मेरे घुटने की स्थिति अच्छी नहीं है। मुझे गठिया है। मेरा कार्टिलेज खराब हो गया है। ऐसे में आठ-नौ घंटे तक खेल से जुड़े रहना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में आप दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को कैसे चुनौती देंगे। मुझे किसी न किसी स्तर पर इसे स्वीकार करना होगा क्योंकि शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए दो घंटे का अभ्यास पर्याप्त नहीं है।

नेहवाल ने कहा कि वह अभी इस बात पर विचार कर रही है कि संन्यास लेने का उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि आखिरकार उन्हें फैसला लेना होगा। वह भारतीय जनता पार्टी की सदस्य भी है। उन्होंने अंतिम टूर्नामेंट एक साल से भी अधिक समय पहले सिंगापुर ओपन के रूप में खेला था जिसमें वह शुरुआती दौर में हार कर बाहर हो गई थी।

## भारत-सिंगापुर संबंध और प्रगाढ़ होने की ओर अग्रसर : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, (विप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सिंगापुर यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन के तहत साझेदारी के लिए चिह्नित नए महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर आधारित, दोनों देशों के बीच संबंध और भी बड़े स्तर पर पहुंचने वाले है। मोदी सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के आमंत्रण पर चार-पांच सितंबर को सिंगापुर की यात्रा पर जाएंगे। इससे पहले उनका तीन-चार सितंबर को ब्रुनेई का दौरा करने का कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य सभी मौजूदा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने यहां प्रेस वार्ता में कहा कि भारत और ब्रुनेई रक्षा क्षेत्र में एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी करीब छह साल बाद सिंगापुर की यात्रा करने वाले है।

मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में सिंगापुर की यात्रा की थी। मजूमदार ने कहा कि सिंगापुर ने प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में उनकी यात्रा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब सिंगापुर में नए नेता ने सत्ता संभाली है और यह हमारे जीवंत द्विपक्षीय संबंधों के अगले चरण के लिए मंच तैयार करने का उपयुक्त समय है।


जयदीप मजूमदार

सचिव (पूर्व) ने कहा कि भारत-सिंगापुर संबंध मजबूत हुए है और दोनों देशों के बीच एक गतिशील रणनीतिक साझेदारी है, जिसमें साझा इतिहास और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल है, जो दोनों देशों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा, हमारे व्यापार और निवेश में लगातार वृद्धि देखी गई है, हमारे बीच मजबूत रक्षा सहयोग है और सांस्कृतिक तथा शिक्षा क्षेत्र में आदान-प्रदान बढ़ रहा है। हमने भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज ढांचे के तहत अपनी साझेदारी के नए क्षेत्रों की पहचान की है। हाल में आयोजित दूसरे भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भारत के चार मंत्रियों ने भाग लिया था। उन्होंने कहा कि गोलमेज सम्मेलन के दौरान दोनों पक्षों के मंत्रियों ने नए महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा की, जिन्हें हम सहयोग के भविष्य के क्षेत्रों के रूप में चिह्नित कर सकते है। मजूमदार ने कहा, डिजिटलीकरण, सतत कौशल, स्वास्थ्य, उन्नत विनिर्माण और कनेक्टिविटी में सहयोग के कई नए, भविष्य के क्षेत्रों की पहचान की गई। प्रधानमंत्री की आगामी यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान होने की संभावना है। सिंगापुर दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) में भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और यह देश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का एक प्रमुख स्रोत है। मजूमदार ने कहा कि सिंगापुर दुनिया भर में भारत का छठा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और पिछले वित्त वर्ष के दौरान यह 11.77 अरब अमरीकी डॉलर मूल्य का एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत था। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि यह यात्रा (सिंगापुर की) सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगी। विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) ने कहा, भारत-सिंगापुर संबंध पिछले 10-15 वर्षों की तुलना में और भी अधिक तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम खाद्य सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर समेत द्विपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने के अगले स्तर पर पहुंच गए हैं।

## रूस ने ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल से कीव पर हमले किए : यूक्रेनी वायु सेना

कीव, (एपी)। यूक्रेन की वायु सेना ने सोमवार को सुबह बताया कि रूस ने कीव और संभवतः अन्य शहरों को निशाना बनाकर ड्रोन, क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल से बड़े पैमाने पर हमले किए हैं। सोमवार को तड़के यूक्रेन की राजधानी कई विस्फोटों से दहल उठी, जिससे निवासियों को बम रोधी आश्रयों में शरण लेनी पड़ी। कीव के मेयर विताली क्लित्स्को ने कहा कि कीव के होलोसिव्स्की और सोलोमिंस्की जिले में आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। उन्होंने बताया कि शेवशेनकिव्स्की जिले में मलबे के नीचे दबने से एक व्यक्ति के जख्मी होने की सूचना है। हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्रेई यरमाक ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा, हर चीज का जवाब मिलेगा। दुश्मन को इसका एहसास होगा।

वायु सेना के अनुसार, रूस ने कीव को निशाना बनाकर कई क्रूज मिसाइल के साथ बैलिस्टिक मिसाइल दागीं और कुछ ड्रोन हमले भी किए। कीव के नगर सैन्य प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा कि यूक्रेन की राजधानी और इसके उपनगरों को निशाना बनाकर 10 से अधिक क्रूज मिसाइलों, करीब 10 बैलिस्टिक मिसाइलों और एक ड्रोन से हमला किया गया, जिसे यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने नष्ट कर दिया।

यूक्रेन के मीडिया के अनुसार, देश के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में भी धमाका हुआ। खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने पुष्टि की कि तड़के खारकीव के इंडस्ट्रियल्नी जिले पर हमला किया गया। उन्होंने कहा कि हमले के कारण एक आवासीय इमारत और कई अन्य इमारतों में आग लग गई।

यह हमला ऐसे वक्त हुआ है जब एक दिन पहले ही कई रूसी क्षेत्रों को निशाना बनाकर दागे गए यूक्रेन के 158 ड्रोन को रूस की सेना द्वारा मार गिराए जाने तथा नष्ट किए जाने की सूचना मिली थी। करीब ढाई साल पहले शुरू जंग में यूक्रेन की ओर से अब तक के सबसे बड़े हमलों में से एक है। कुछ सप्ताह पहले यूक्रेन के सुरक्षा बलों ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र पर कब्जा कर लिया था, जिन्हें मॉस्को की सेना अब तक पीछे नहीं धकेल पाई है और रूस ने इसका उचित जवाब देने का संकल्प लिया है।

## संक्षिप्त

### दक्षिण अफ्रीका में दस लाख हनुमान चालीसा बांटेगा हिंदू संगठन

जोहानिसबर्ग, (भाषा)। दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने अगले पांच साल में हनुमान चालीसा की छोटे आकार की दस लाख मुफ्त प्रतियां बांटने की शुरुआत की है। हनुमान चालीसा की यह प्रति जेब में रखी जा सकती है और इसे दुनियाभर में सबसे छोटी प्रति माना जा रहा है। शनिवार को यहां विष्णु मंदिर में दान उत्सव के दौरान इसके वितरण की शुरुआत हुई। एसए हिंदूज नामक संगठन की संस्थापक पंडित लूसी सिगाबन ने कहा, हमने आध्यात्मिक विकास, सामुदायिक सेवा और सांस्कृतिक संरक्षण का उत्सव मनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के एक दर्जन से अधिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में हनुमान चालीसा की इस प्रति के प्रकाशक शेरेनो प्रिंटर्स के मालिक निरन सिंह को सम्मानित भी किया गया।

### अमेरिका के हवाई में एक व्यक्ति ने पड़ोसी के घर पर गोली चलाकर तीन लोगों की हत्या की

होनोलूलू, (एपी)। अमेरिका के हवाई में शनिवार की रात पड़ोसियों के बीच विवाद के कारण हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। हमलावर को भी एक स्थानीय व्यक्ति ने गोली मार दी, जिसे गैर इरादतन हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। होनोलूलू पुलिस जासूस लेफ्टिनेंट दीना थोएम्स ने बताया कि, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 58 वर्षीय एक व्यक्ति ने फ्रंट-एंड लोडर मशीन का उपयोग करके कारों को टक्कर मारते हुए उस घर में प्रवेश किया जहां एक पारिवारिक समारोह हो रहा था। थोएम्स के अनुसार उस व्यक्ति ने घर पर जमा हुए लोगों पर गोलियां चलानी शुरू कर दी, जिससे वैनाणई की रहने वाली तीन महिलाओं की मौत हो गई। वैनाणई, होनोलूलू शहर के पश्चिम में करीब 48 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। उन्होंने एक पत्रकार वार्ता में बताया कि, उसी समय घर में रहने वाले 42 वर्षीय व्यक्ति ने उस संदिग्ध को गोली मार दी। पुलिस प्रवक्ता ने स्थानीय निवासी को गिरफ्तार किए जाने के कारण के बारे में पूछने पर तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। थोएम्स ने बताया कि मरने वाली महिलाओं की उम्र 34, 36 और 29 साल थी। उन्होंने बताया कि 31 वर्षीय एक पुरुष और 52 वर्षीय एक महिला को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। थोमेम्स ने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति की पहचान नहीं हो पाई है। उसके पास फ्रंट-एंड लोडर मशीन में अज्ञात ईंधन से भरे चार ड्रम थे। पुलिस प्रमुख जो लोगन ने पत्रकार वार्ता में कहा कि यह गोलीबारी इस क्षेत्र में पिछले कुछ सप्ताहों में हुई कई गोलीबारी की घटनाओं में से सबसे नई घटना है, जिसके कारण पुलिस ने बंदूक हिंसा से लड़ने के लिए कदम उठाने का संकल्प लिया है।

## इंदौर के पांच सितारा होटल में अमेरिकी नागरिक का शव बरामद

इंदौर, (भाषा)। मध्यप्रदेश के इंदौर में पांच सितारा श्रेणी के एक होटल के कमरे से सोमवार को एक अमेरिका के एक नागरिक का शव बरामद किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि शहर के विजय नगर क्षेत्र के एक होटल के कमरे में विलियम माइकल रेनॉल्ड्स (36) का शव मिला। उन्होंने बताया कि रेनॉल्ड्स अमेरिका के शिकागो शहर का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि पांच सितारा होटल के कर्मचारियों के मुताबिक एक व्यक्ति के रेनॉल्ड्स से मिलने आने पर अमेरिकी नागरिक ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने कहा, जब होटल के कर्मचारियों ने कमरे का दरवाजा खोला, तो रेनॉल्ड्स मृत हालत में मिला। इस कमरे में संघर्ष के कोई निशान नहीं मिले है।

## भारत के पत्रकार संगठनों ने हांगकांग में पूर्व संपादकों को दोषी ठहराए जाने की निंदा की

नई दिल्ली, (भाषा)। भारत में पत्रकार संगठनों ने हांगकांग की एक अदालत द्वारा पूर्व संपादकों पैट्रिक लैम और चुंग पुई-कुएन को राजद्रोह के एक मामले में दोषी ठहराए जाने की निंदा की है और मीडियाकर्मियों के खिलाफ सरकार विरोधी आरोपों का इस्तेमाल बंद करने की मांग की है।

फॉरिन करस्पॉंडेंट क्लब ऑफ साउथ एशिया, प्रेस एसोसिएशन, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, इंडियन वुमन प्रेस कोर और लॉ एंड सोसाइटी एलायंस ने एक बयान में कहा कि दोषी ठहराए जाने का फैसला प्रेस की स्वतंत्रता के लिए ताबूत में कील के समान है, जिसकी गारंटी हांगकांग के मूल कानून के तहत दी गई है, जो स्पष्ट रूप से भाषण, प्रेस और प्रकाशन की स्वतंत्रता की रक्षा करता है।

बयान में कहा गया, हम हांगकांग के अधिकारियों से आग्रह करते है कि वे मीडिया को उनकी आलोचनात्मक रिपोर्टिंग के लिए सताना बंद करें...। बयान में कहा गया कि लोकतंत्र समर्थक विचारों और रिपोर्ट के लिए दो पूर्व संपादकों को दोषी ठहराना और समाचार संस्थान स्टैंड न्यूज की संपत्तियों को जब्त करके, जिसके कारण इसे बंद करना पड़ा, अधिकारियों ने हांगकांग में स्वतंत्र पत्रकारिता को नष्ट करने के अपने इरादों को प्रदर्शित किया है। पत्रकार संगठनों ने कहा कि 1997 में हांगकांग को ब्रिटेन से चीन को सौंपे जाने के बाद किसी पत्रकार या संपादक को सुनाई गई यह पहली सजा है। दिसंबर 2021 में बंद हो चुका स्टैंड न्यूज हांगकांग सरकार की खुले तौर पर आलोचना करने के लिए जाना जाता था। सरकार ने हांगकांग में 2019 में बड़े पैमाने पर लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनों के बाद कार्रवाई की थी।

## बांग्लादेश में भारतीय वीजा आवेदन केंद्रों ने तत्काल चिकित्सा और छात्र वीजा के लिए सीमित स्लॉट खोले

ढाका, (भाषा)। बांग्लादेश के प्रमुख शहरों में भारतीय वीजा आवेदन केंद्रों ने तत्काल चिकित्सा और छात्र वीजा की आवश्यकता वाले बांग्लादेशी नागरिकों के लिए सीमित आवेदन स्लॉट की पेशकश शुरू कर दी है। ये सेवाएं ढाका, चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना में प्रदान की जा रही है। बांग्लादेश में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने एक बयान में कहा, इसके अलावा, इन पांच केंद्रों ने उन अत्यावश्यक मामलों के लिए सीमित आवेदन स्लॉट भी खोले हैं, जहां बांग्लादेशी छात्रों और श्रमिकों को तीसरे देश की यात्रा करने की आवश्यकता होती है और जिनके लिए उन्होंने पहले से ही भारत में विदेशी दूतावासों के साथ वीजा के लिये समय ले रखा है। बयान में कहा गया है, ये सेवाएं तब तक सीमित रहेंगी जब तक कि आईवीएसी अपना सामान्य परिचालन फिर से शुरू नहीं कर देता। बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली के खिलाफ छात्रों द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शन जुलाई के मध्य में शुरू हुआ और अंततः पांच अगस्त को शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से हटा दिया गया। जुलाई के मध्य से लेकर अब तक विरोध प्रदर्शनों के कारण 600 से अधिक लोग मारे जा चुके है।

## इजराइल में आम हड़ताल के कारण करीब पूरे देश में प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे

यरूशलम, (एपी)। गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को मुक्त कराने में विफल रहने के विरोध में इजराइल में सोमवार को आम हड़ताल के आह्वान के कारण करीब पूरे देश में बंद और अन्य तरह का व्यवधान दिखा जिसमें इसका मुख्य अंतरराष्ट्रीय हवाई हड्डा भी शामिल है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में इस आह्वान को नजरअंदाज किया गया जो गहरे राजनीतिक मतभेदों को दर्शाता है।

हड़ताल के कारण प्रमुख बाजार और प्रतिष्ठान बंद रहे। गाजा में रविवार की देर रात छह बंधकों के मृत पाए जाने के बाद इजराइल के हजारों लोग शोक और आक्रोश के बीच सड़कों पर उतर गए। पीड़ित परिवारों और अधिकतर लोगों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को दोषी ठहराया और कहा कि लगभग 11 महीने पुराने युद्ध को समाप्त करने के लिए हमास के साथ समझौते के माध्यम से उन्हें जिंदा वापस लाया जा सकता था। लेकिन अन्य लोग हमास पर लगातार सैन्य दबाव बनाए रखने की नेतन्याहू की रणनीति का समर्थन करते हैं। हमास की ओर से सात अक्टूबर को इजराइल पर हमले के बाद युद्ध शुरू हो गया था। इजराइल के सबसे बड़े व्यापार संघ हिस्ताद्रुत ने सोमवार को आम हड़ताल का आह्वान किया था, जो युद्ध की शुरुआत के बाद पहली हड़ताल है। इसका उद्देश्य बैंकिंग, स्वास्थ्य सेवा और देश के मुख्य हवाई अड्डे सहित अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को बंद करना या बाधित करना है।

अधिकारियों ने बताया कि यमन के हूती विद्रोहियों के संदिग्ध हमले में सोमवार को लाल सागर में एक जहाज को निशाना बनाया गया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार परिचालन केंद्र (यूकेएमटीओ) ने बताया कि दो मिसाइल या रॉकेट जहाज से टकराये तथा तीसरा विस्फोट जहाज के निकट हुआ।

## जर्मनी की धुर दक्षिणपंथी पार्टी ने अपना पहला राज्य चुनाव जीता

बर्लिन, (एपी)। जर्मनी में एक धुर दक्षिणपंथी पार्टी ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद देश में पहली बार एक पूर्वी राज्य के चुनाव में जीत दर्ज की है और एक अन्य राज्य के चुनाव में उसके मुख्यधारा की कंजरवेटिव पार्टी के बाद दूसरे स्थान पर रहने की संभावना है। चुनाव में एक प्रख्यात वामपंथी नेता द्वारा स्थापित नई पार्टी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि चांसलर ओलाफ स्कोल्ज की सरकार में शामिल दलों के लिए नतीजे बेहद निराशाजनक रहे हैं।

सरकारी टेलीविजन चैनल एआरडी और जेडडीएफ ने चुनाव पूर्व सर्वेक्षण (एक्जिट पोल) और आंशिक गणना के आधार पर अनुमान जताया कि धुर दक्षिणपंथी ऑल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) थुरिंगिया में 32-33 प्रतिशत वोट जीत रही है, जो मुख्य राष्ट्रीय विपक्षी पार्टी मध्यमार्गी-दक्षिणपंथी क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) से 24 फीसदी अधिक है। अनुमानों के मुताबिक, पड़ोसी राज्य सैक्सोनी में सीडीयू को 31.5-31.8 प्रतिशत और एएफडी को 30.8-31.4 प्रतिशत वोट मिल रहे। सीडीयू 1990 से राज्य का नेतृत्व कर रही है।

राष्ट्रीय गठबंधन सरकार में शामिल ग्रीन्स पार्टी के एक नेता ओमिद नूरीपुर ने कहा, 1949 के बाद एक धुर दक्षिणपंथी पार्टी राज्य की संसद में मजबूत ताकत के रूप में उभरी है और इससे कई लोगों में गहरी चिंता एवं आशंका पैदा हुई है। अन्य पार्टियों का कहना है कि वे गठबंधन में शामिल होकर एफडी को सत्ता में नहीं लाएंगी।

एफडी की वरिष्ठ नेता एलिस वीडेल ने एआरडी से कहा, यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक सफलता है। उन्होंने चुनावी नतीजों को स्कोल्ज की गठबंधन सरकार के लिए खतरे की घंटी करार दिया।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि पर भारत से बातचीत फिर शुरू करने की इच्छुक

ढाका, (भाषा)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में जल संसाधन मामलों की सलाहकार सैयदा रिजवाना हसन ने कहा है कि सरकार तीस्ता जल बंटवारा संधि पर भारत के साथ बातचीत फिर से शुरू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि ऊपरी तटवर्ती और निचले तटवर्ती देशों को जल बंटवारे पर अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों का पालन करना चाहिए।

ढाका में पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में हसन ने भरोसा जताया कि भारत के साथ तीस्ता संधि एवं अन्य जल बंटवारा संधियों पर विवाद को बातचीत के जरिए सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा लिया जाएगा लेकिन उन्होंने सुझाव दिया कि अगर किसी समझौते पर नहीं पहुंचा जा सका तो बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय वैधानिक दस्तावेजों और सिद्धांतों पर विचार कर सकता है। उन्होंने रविवार को एक साक्षात्कार में पीटीआई-भाषा से कहा, मैंने (बांग्लादेश को) सभी संबंधित पक्षकारों से तीस्ता जल बंटवारा मुद्दे पर चर्चा की है। चर्चा में हम इसी नतीजे पर पहुंचे कि तीस्ता संधि के संबंध में हमें प्रक्रिया और संवाद को फिर से शुरू करने की आवश्यकता है। हमें गंगा संधि पर भी काम करना है जिसकी मियाद दो साल में पूरी होने वाली है।

उन्होंने कहा, दोनों पक्ष सहमत है और तीस्ता जल-बंटवारा संधि का मसौदा तैयार है।


सैयदा रिजवाना हसन

लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के विरोध के कारण समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो पाया। तथ्य यही है कि हम समझौते को अंतिम रूप नहीं दे पाए। इसलिए हम समझौते के मसौदे के साथ उस बिंदु से शुरुआत करेंगे और भारत से आगे आकर वार्ता प्रक्रिया को पुनः आरंभ करने का आग्रह करेंगे।

भारत और बांग्लादेश तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2011 में ढाका यात्रा के दौरान तीस्ता जल बंटवारा संधि पर हस्ताक्षर करने वाले थे लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य में पानी की कमी का हवाला देते हुए इस पर सहमति देने से इनकार कर दिया।

सैयदा ने कहा, हम सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने का प्रयास करेंगे। चूंकि यह एक अंतरराष्ट्रीय जल मुद्दा है, इसलिए यह अन्य देशों के कानूनी अधिकार के विचार से भी संबंधित है। अतः कितना पानी उपलब्ध है और क्या यह पर्याप्त है, यह हमारे लिए स्पष्ट नहीं है। यहां तक कि अगर बहुत कम पानी उपलब्ध है, तो अंतरराष्ट्रीय साझाकरण मानदंडों के कारण बांग्लादेश को नदी से जल का प्रवाह जारी रहना चाहिए।

हसन ने उल्लेख किया कि अगर ऊपरी तटवर्ती और निचले तटवर्ती दोनों देश कुछ अंतरराष्ट्रीय कानूनी सिद्धांतों का पालन करें तो अंतरराष्ट्रीय जल बंटवारे के मुद्दे को बेहतर ढंग से निपटाया जा सकता है। बांग्लादेश की प्रसिद्ध पर्यावरणविद ने कहा, बांग्लादेश जल बंटवारे के संबंध में अंतरराष्ट्रीय वैधानिक सिद्धांतों और दस्तावेजों का समर्थन करने पर विचार कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसमें शामिल होने के संदर्भ में मेरा यही मतलब है। बांग्लादेश के जल, वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग की 56 वर्षीय सलाहकार ने कहा कि अंतरिम सरकार ने अब तक भारत के साथ जल बंटवारा मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने के बारे में चर्चा नहीं की है।

## फिलीपीन में बाढ़ और भूस्खलन से नौ लोगों की मौत

मनीला, (एपी)। उत्तरी फिलीपीन में तूफान के कारण भूस्खलन और भारी बारिश हुई, जिससे सोमवार तक कई इलाकों में बाढ़ आ गई और कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। इसको देखते हुए अधिकारियों ने स्कूलों को बंद कर दिया तथा सरकारी कामकाज भी स्थगित करना पड़ा।

मौसम ब्यूरो के अनुसार, उष्णकटिबंधीय तूफान यागी सोमवार दोपहर तक मनीला के दक्षिण-पूर्व में क्यूजोन प्रांत के इनफांटा शहर से 115 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था, यह 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टकराया और इसकी रफ्तार 90 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई। स्थानीय रूप से एनटेंग नाम से जाना जाने वाला यह तूफान लूजोन के मुख्य उत्तरी द्वीप के पूर्वी तट के पास 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है।

आपदा न्यूनीकरण अधिकारी एनरिलिटो बर्नार्डो जूनियर ने बताया कि सोमवार को राजधानी के पश्चिम में रिजाल प्रांत के एंटिपोलो शहर में पहाड़ी पर स्थित दो छोटी झुग्गियां भूस्खलन की चपेट में आ गई, जिससे एक गर्भवती महिला समेत कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि चार अन्य ग्रामीण उफनते नालों में डूब गए।

राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता कर्नल जीन फजार्डो ने बिना विस्तृत जानकारी दिए पत्रकारों को बताया कि मध्य फिलीपीन में तूफान के कारण हुए भूस्खलन में दो और लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पूर्वी कैमरिन्स सुर प्रांत के नागा शहर में खराब मौसम में दो स्थानीय लोगों की मौत हो गई। यहां कई क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घुसा है। प्राधिकारी इस बात की पुष्टि करने में जुटे है कि ये मौतें मौसम से संबंधित थी या नहीं। इसमें एक व्यक्ति की मौत करंट लगने से हुई है।

## 66 प्रतिशत मौतें असुरक्षित सड़क उपयोगकर्ताओं की होती हैं : रिपोर्ट

नई दिल्ली, (एजेंसी)। विश्व स्वास्थ्य संगठन को ताजा रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया में सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों में 66 प्रतिशत मौतें पैदल यात्रियों, दोपहिया मोटर वाहन चालकों और साइकिल चालकों की होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया में सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों में 66 प्रतिशत मौतें पैदल यात्रियों, दोपहिया मोटर वाहन चालकों और साइकिल चालकों की होती हैं। जबकि भारत में सबसे ज्यादा घातक दुर्घटनाएं दोपहिया और तिपहिया वाहन चालकों की होती हैं।


डब्ल्यूएचओ साउथ-ईस्ट एशिया रीजनल स्टेटस रिपोर्ट ऑन रोड सेफ्टी को सुरक्षा 2024, चोट रोकथाम और सुरक्षा संवर्धन पर 15वां विश्व सम्मेलन, 2024 में भाग लेते हुए अधिकारी। (छाया : एएनआई)

डब्ल्यूएचओ साउथ-ईस्ट एशिया रीजनल स्टेटस रिपोर्ट ऑन रोड सेफ्टी को सुरक्षा 2024, चोट रोकथाम और सुरक्षा संवर्धन पर 15वां विश्व सम्मेलन, 2024 के दौरान लॉन्च किया गया था। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, वैश्विक स्तर पर, सड़क यातायात से होने वाली मौतों में से 30 प्रतिशत मौतें पावर्ड टू-व्हीलर और थ्री-व्हीलर के उपयोगकर्ताओं से संबंधित हैं।

चार पहिया वाहनों में सवार लोगों की मृत्यु 25 प्रतिशत होती है और पैदल चलने वालों की मृत्यु 21 प्रतिशत होती है। साइकिल सवारों की मृत्यु 5 प्रतिशत होती है। शेष 20 प्रतिशत में बड़े वाहनों, भारी मालवाहक वाहनों और अन्य या अज्ञात उपयोगकर्ता प्रकार के यात्री शामिल हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है, डब्ल्यूएचओ के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में, सड़क यातायात से होने वाली मौतों का हिस्सा दोपहिया और तीन पहिया वाहनों के उपयोगकर्ताओं के लिए 46 प्रतिशत, 12 प्रतिशत चार पहिया वाहनों के उपयोगकर्ताओं के लिए, 17 प्रतिशत पैदल यात्रियों के लिए, 3 प्रतिशत साइकिल चालकों के लिए और 22 प्रतिशत अन्य लोगों के लिए है। इसी तरह से भारत में, सड़क यातायात से होने वाली कुल मौतों में से 66 प्रतिशत मौतें असुरक्षित सड़क उपयोगकर्ताओं (पैदल यात्री, मोटर चालित दोपहिया वाहन उपयोगकर्ता और साइकिल चालक) के कारण होती हैं। इसमें कहा गया है, उभारत (45.1 प्रतिशत), मालदीव (100 प्रतिशत), म्यांमार (47 प्रतिशत) और थाईलैंड (51.4 प्रतिशत) में सभी सड़क उपयोगकर्ता श्रेणियों में दो और तीन पहियों वाले वाहनों के चालक या सवार सबसे ज्यादा अनुपात बनाते हैं। डब्ल्यूएचओ ने उल्लेख किया कि दक्षिण एशिया क्षेत्र में कोई भी देश अपने अनुमानित सड़क यातायात मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाया था।

## चीन की नाराजगी के बाद प्रशांत क्षेत्र के नेताओं ने ताइवान का उल्लेख हटाया

नुकु अलोफा (टोंगा), (एपी)। दक्षिण प्रशांत क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने के चीन के प्रयासों से मची हलचल ने क्षेत्र के सबसे महत्वपूर्ण कूटनीतिक शिखर सम्मेलन को प्रभावित कर दिया है। प्रशांत द्वीप के एक नेता ने बीजिंग के कहने पर, बैठक के समापन वक्तव्य से ताइवान की भागीदारी की पुष्टि को हटाने का स्पष्ट उल्लेख किया है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के अलावा 18 द्वीपीय राष्ट्रों के समूह द पैसिफिक आइलैंड फोरम ने शुक्रवार को अपनी सप्ताह भर की वार्षिक बैठक के बाद नेताओं के बीच हुए समझौतों को रेखांकित करते हुए एक सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें शुरू में स्वशासित ताइवान की स्थिति को पुनः पुष्टि की गई, जिसे चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है। लेकिन शनिवार को इसे हटा दिया गया। टोंगा के नुकु आलोफा में शिखर सम्मेलन में अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि बयान में परिवर्तन क्यों हुआ। लेकिन रविवार देर शाम एक समाचार संस्था द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में प्रशांत क्षेत्र के एक नेता चीन के प्रशांत क्षेत्र के विशेष दूत कियान बो को आश्वासन देते हुए दिखाई दे रहे है कि ताइवान का संदर्भ हटा दिया जाएगा। कियान ने पत्रकारों से अपनी टिप्पणी में इसकी मांग की थी। यह दस्तावेज विवादित क्षेत्र में चीन की भूमिका के बारे में एक तनावपूर्ण, बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्रीय बहस को उजागर करता है।

## फिलीपीन: संदिग्ध साइबर अपराध के खिलाफ छापेमारी कर 160 से अधिक लोग हिरासत में लिए गए

मनीला, (एपी)। फिलीपीन प्राधिकारियों ने मध्य प्रांत में एक संदिग्ध अवैध ऑनलाइन गेमिंग और साइबरस्कैम परिसर पर कार्रवाई करते हुए 160 से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया जो इंटरनेट आधारित अपराध को अंजाम दे रहे थे। अधिकारियों ने रविवार को जानकारी में बताया कि हिरासत में लिए गए अधिकांश लोग चीन और इंडोनेशिया के नागरिक हैं।

शनिवार को 100 से अधिक सरकारी एजेंट ने लापु-लापु शहर में एक रिजॉर्ट पर छापेमारी की। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने जुलाई में व्यापक स्तर में ऑनलाइन गेमिंग के संचालन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए थे जो अधिकांश चीन नागरिकों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। इसके बाद से ही इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। मार्कोस ने कहा कि बड़े पैमाने पर संचालित अवैध ऑनलाइन गेमिंग ने फिलीपीन के कानूनों की अनदेखी की गई और नियमों का उल्लंघन किया। इसके अलावा, यहां वित्तीय घोटाले, मानव तस्करी, यातना, अपहरण और हत्या सहित अन्य अपराधों को भी अंजाम दिया गया।

प्रेसिडेंशियल एंटी-ऑर्गेनाइज्ड क्राइम कमीशन के अनुसार, टूरिस्ट गार्डन रिजॉर्ट में इंडोनेशिया के लोगों को ऑनलाइन गेमिंग केंद्र में जबरन काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। मनीला स्थित इंडोनेशिया के दूतावास द्वारा अपने देश के आठ लोगों को बचाने के अनुरोध किए जाने के बाद रिजॉर्ट में छापेमारी की गई।

कमीशन ने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि कम से कम 162 विदेशी नागरिक परिसर के भीतर मिले जो कि साइबर अपराध से जुड़े तीन अलग-अलग गिरोह के लिए काम कर रहे थे। फिलीपीन अधिकारियों के अनुसार, ये गिरोह ऑनलाइन माध्यम से मोहपाश में फंसाकर, गेमिंग और निवेश के माध्यम से लोगों को ठगते थे। इसने बताया कि चीन के 83, इंडोनेशिया के 70, म्यांमा के छह, ताइवान के दो और मलेशिया के एक नागरिक को हिरासत में लिया गया है जिन्हें आव्रजन ब्यूरो द्वारा जांच और संभावित निर्वासन के लिए मनीला ले जाया जाएगा।

# शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला कायम

## सेंसेक्स, निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई, (भाषा)। विदेशी कोषों के प्रवाह और अमेरिकी बाजारों में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। मानक सूचकांक सेंसेक्स 194 अंक बढ़ा जबकि निफ्टी में 43 अंक की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स लगातार 10वें सत्र में बढ़कर नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 194.07 अंक यानी 0.24 प्रतिशत उछलकर 82,559.84 अंक के नए मुकाम को हासिल किया। दिन में कारोबार के दौरान एक समय यह 359.51 अंक बढ़कर 82,725.28 के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.80 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,278.70 अंक के नए उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान इसने 25,333.65 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ। इस तरह निफ्टी लगातार 13वें दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक, एनएसई निफ्टी की वर्ष 1996 में शुरुआत होने के बाद से लगातार तेजी का यह सबसे लंबा दौर है। रिकॉर्ड तोड़ तेजी के इस दौर में सेंसेक्स कुल 2,135.16 अंक यानी 2.65 प्रतिशत चढ़ा है, जबकि निफ्टी ने करीब।,140 अंक यानी 4.72 प्रतिशत की छलांग लगाई है। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद बढ़ने और घरेलू स्तर पर विदेशी पूंजी के प्रवाह से शेयर बाजारों में तेजी का दौर देखा जा रहा है।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, ईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस सर्वाधिक बढ़त हासिल करने में सफल रहीं। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के खुदरा शोध प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, निफ्टी ने लगातार 13वें सत्र में अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा जो पिछले कई दशक का सबसे लंबा दौर है। हालांकि, व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 0.47 प्रतिशत और मिडकैप में 0.03 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की सकारात्मक दायरे में बंद हुए जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग में नुकसान रहा। यूरोप के अधिकांश बाजार नकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 5,318.14 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की।

## दो हजार के 97.96 प्रतिशत नोट वापस आए

### 7,261 करोड़ मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास

मुंबई, (भाषा)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि 2000 रुपये मूल्य के 97.96 प्रतिशत नोट बैंकों के पास वापस आ गये हैं। अब भी 7,261 करोड़ रुपये के नोट लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उस समय चलन में 2000 रुपये के बैंक नोट का कुल मूल्य कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। इस साल 30 अगस्त को कारोबार समाप्ति पर यह घटकर 7,261 करोड़ पर आ गया। आरबीआई ने बयान में कहा, इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.96 प्रतिशत बैंक नोट बैंकों के पास वापस आ गये हैं। दो हजार रुपये के बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा सात अक्टूबर, 2023 तक देश में सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी।

इस मूल्य के बैंक नोट को बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। नौ अक्टूबर, 2023 से आरबीआई के निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में राशि जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में 2000 रुपये के नोट भेज सकते हैं।

## 'किया इंडिया' ने 'किया लीज' में विस्तार किया, 'किया सब्सक्राइब प्लान' की पेशकश की

नई दिल्ली, (वीअ)। देश में सबसे तेजी से ग्रोथ करने वाले प्रीमियम कार निर्माता कंपनियों में से एक, किया इंडिया ने आज नए लचीले ओनरशिप प्लान 'किया सब्सक्राइब' को लॉन्च करने की घोषणा की है। कंपनी ने अपने लचीले स्वामित्व कार्यक्रमों का विस्तार करने के लिए एएलडी ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग किया की लीजिंग और सब्सक्रिप्शन सेवाओं का विस्तार भारत के 14 प्रमुख शहरों में करेगा। इन शहरों में दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, गुड़गांव, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, इंदौर, बैंगलोर, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और जयपुर शामिल हैं।

लंबी अवधि की योजनाओं वाली किया लीज़ प्रोग्राम की सफलता के बाद कंपनी ने 'किया सब्सक्राइब' नाम से एक कम समय वाला लीज़ विकल्प पेश किया है, जो वेतनभोगी और खुद का रोजगार करने वाले लोगों के लिए आदर्श है। यह प्रोग्राम ऐसे लोगों के लिए है जो 12 से 36 महीने की अवधि के साथ दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के बिना वाहन उपयोग की सुविधा चाहते हैं।

लचीला ओनरशिप प्रोग्राम, किया लीज़ 3 महीने पहले शुरू किया गया था। 'किया लीज़' को ऐसे बी2बी ग्राहकों, कॉरपोरेट्स और एमएसएमई के लिए तैयार किया गया है जिनको 24 से 60 महीने के लिए गाडियां चाहिए। इस प्रोग्राम में अलग-अलग माइलेज विकल्प भी हैं। किया इंडिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड मार्केटिंग, श्री हरदीप सिंह बरार ने कहा, हमारे लचीले ओनरशिप प्रोग्राम 'किया लीज' के पहले चरण को ग्राहकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है, क्योंकि इसे भारत में उभरती जरूरतों को पूरा करने और कार ओनरशिप के अनुभव में बड़ा बदलाव लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## जीएसटी परिषद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर कराधान की स्थिति रिपोर्ट पर करेगी विचार

नई दिल्ली, (भाषा)। जीएसटी परिषद अगले सप्ताह होने वाली बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान के मामले में स्थिति रिपोर्ट पर विचार कर सकती है। इसके अलावा फर्जी माल एवं सेवा कर पंजीकरण के खिलाफ जारी अभियान की प्रगति पर भी विचार किये जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

परिषद जीएसटी कानून में संशोधनों को प्रभावी बनाने के लिए अधिसूचनाओं को भी मंजूरी देगी। ये वित्त अधिनियम, 2024 का हिस्सा थे। केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। इसकी 54वीं बैठक नौ सितंबर को होगी। इसमें दो मंत्री समूहों (जीओएम) की रिपोर्ट पर भी चर्चा होगी। इसमें एक दरों को युक्तिसंगत बनाने और दूसरा रियल एस्टेट से जुड़ा है।

ऑनलाइन गेमिंग के संबंध में केंद्र और राज्य कर अधिकारी जीएसटी परिषद के समक्ष स्थिति रिपोर्ट पेश करेंगे। रिपोर्ट में एक अक्टूबर, 2023 से पहले और बाद में ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र से होने वाले जीएसटी राजस्व संग्रह का ब्योरा शामिल होगा। ऑनलाइन गेमिंग मंच और कसीनो पर एक अक्टूबर, 2023 से प्रवेश स्तर के दांव पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया। इससे पहले, कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां यह तर्क देते हुए 28 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान नहीं कर रही थीं कि कौशल आधारित और किस्मत आधारित खेलों के लिए कर की दरें अलग-अलग थीं। जीएसटी परिषद ने अगस्त, 2023 में अपनी बैठक में स्पष्ट किया था कि ऑनलाइन गेमिंग मंचों को 28 प्रतिशत कर का भुगतान करना होगा। बाद में कराधान प्रावधान को स्पष्ट करने के लिए केंद्रीय जीएसटी कानून में संशोधन किया गया था। विदेशी गेमिंग मंचों को भी जीएसटी अधिकारियों के पास पंजीकरण करना और करों का भुगतान करना अनिवार्य किया गया। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो सरकार वैसी साइट को ब्लॉक कर देगी।

परिषद ने तब निर्णय लिया था कि इसके क्रियान्वयन के छह महीने बाद ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर कराधान की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों ने कहा कि परिषद क्षेत्र पर कराधान की स्थिति पर विचार-विमर्श करेगी और कर दरों में किसी प्रकार के बदलाव की संभावना नहीं है। इसके अलावा, परिषद को फर्जी पंजीकरण के खिलाफ चल रहे अभियान, इसकी सफलता और ऐसी संस्थाओं के खिलाफ की गई कार्वाई के बारे में भी अवगत कराये जाने की संभावना है। संदिग्ध जीएसटी चोरी की कुल राशि भी परिषद के समक्ष रखी जाएगी। सोलह अगस्त, 2024 से 15 अक्टूबर, 2024 तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य संदिग्धानकली जीएसटीआईएन का पता लगाना और इन नकली बिल जारी करने वालों को व्यवस्था से हटाने के लिए अपेक्षित सत्यापन और आगे की उपचारात्मक कार्रवाई करना है।

## एचडीएफसी बैंक व जेएलआर इंडिया ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

मुंबई, (वीअ)। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक और जेएलआर इंडिया ने ऑटो फाइनेंसिंग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बैंक अब जेएलआर का पसंदीदा वाहन फाइनेंसर होगा, इससे उपभोक्ताओं को विशेष फाइनेंसिंग योजनाएं, विशेष ऑफर/इवेंट और प्राथमिकता वाली सेवाएं/सगाई जैसे कई लाभ मिलेंगे।

इसका उद्देश्य दोनों प्रमुख ब्रांडों की संयुक्त क्षमता का लाभ उठाकर ग्राहकों को निर्बाध फाइनेंसिंग विकल्प और आधुनिक लक्जरी कार खरीदने का अनुभव प्रदान करना है। जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा और एचडीएफसी बैंक के रिटेल एसेट्स के ग्रुप हेड अरविंद वोहरा ने जेएलआर मॉडल की पूरी रेंज के लिए पेशकशों को शामिल करने वाले इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे, जिनमें अखिलेश कुमार रॉय - बिजनेस हेड, ऑटो लोन और इन्वेंट्री फाइनेंस एचडीएफसी बैंक शामिल थे। ये सेवाएँ जेएलआर के सभी एक्सक्लूसिव शोरूम और डीलरशिप पर उपलब्ध होंगी। एचडीएफसी बैंक के रिटेल एसेट्स के ग्रुप हेड अरविंद वोहरा ने इस बारे में बात करते हुए कहा, हम जेएलआर जैसे प्रतिष्ठित और महत्वाकांक्षी ऑटोमोटिव ब्रांड के साथ इस साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं।

## बेहतर मानसूनी बरसात से चालू खरीफ सत्र में अबतक धान की बुवाई का रकबा चार प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, (भाषा)। इस साल खरीफ सत्र में अबतक धान की बुवाई का रकबा चार प्रतिशत बढ़कर 408.72 लाख हेक्टेयर हो गया है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में धान बुवाई का रकबा 393.57 लाख हेक्टेयर था।सरकारी बयान के अनुसार, खरीफ सत्र में अबतक दलहन की बुवाई का रकबा बढ़कर 125.13 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 116.66 लाख हेक्टेयर था। मोटे अनाज की बुवाई का रकबा इस साल खरीफ सत्र में अबतक बढ़कर 187.74 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 181.06 लाख हेक्टेयर था। गैर-खाद्यान्न श्रेणी में तिलहन का रकबा इस साल अबतक बढ़कर 190.63 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 188.83 लाख हेक्टेयर था। बयान में कहा गया है, गन्ने का कुल रकबा 57.68 लाख हेक्टेयर रहा है, जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान यह 57.11 लाख हेक्टेयर था।

## भारतीय विनिर्माताओं को अगस्त में नए कारोबार व उत्पादन में मामूली वृद्धि की उम्मीद : पीएमआई

नई दिल्ली, (भाषा)। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त में धीमी रही क्योंकि उत्पादन व बिक्री जनवरी के बाद से सबसे कम दर से बढ़ी, जबकि प्रतिस्पर्धी दबाव तथा मुद्रास्फीति की चिंताओं ने कारोबारी विश्वस को प्रभावित किया। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अगस्त में 57.5 रहा, जो जुलाई में 58.1 था।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, अगस्त में भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार जारी रहा, हालांकि विस्तार की गति थोड़ी धीमी रही। नए ठेकों और उत्पादन में मुख्य रुझान देखने को मिला, हालांकि कुछ कारोबारियों ने मंदी के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा को एक मुख्य वजह बताया।

सर्वेक्षण के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में नए कारोबार में तेजी से वृद्धि हुई, लेकिन विस्तार की गति सात महीने के निचले स्तर पर आ गई। इसी तरह, नए निर्यात ऑर्डर 2024 कैलेंडर वर्ष की शुरुआत के बाद से सबसे कम गति से बढ़े।

कीमतों के मोर्चे पर, वस्तु उत्पादकों को अगस्त के दौरान लागत दबाव में कमी से लाभ हुआ। सर्वेक्षण के अनुसार, कारोबारी आत्मविश्वस में कमी आई है जो अप्रैल 2023 के बाद से सबसे कम निचले स्तर पर है। भंडारी ने कहा, प्रतिस्पर्धी दबावों और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं के कारण अगस्त में वर्ष के लिए कारोबारी दृष्टिकोण में थोड़ी नरमी आई है।

## डिजिटल भारत निधि से अब शहरी क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं का प्रावधान किया जाएगा

नई दिल्ली, (भाषा)। डिजिटल भारत निधि अब शहरी क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं के प्रावधान को अतिरिक्त मानदंडों के साथ समर्थन देगी। इसमें ऐसी सेवाओं को किफायती बनाना और उनकी सुरक्षा बढ़ाना शामिल है। आधिकारिक बयान में सोमवार को इस 80,000 करोड़ रुपये की डिजिटल भारत निधि के विस्तार की जानकारी दी गई। दूरसंचार अधिनियम 2023 के अंतर्गत इस योजना को पिछले सप्ताह अधिसूचित किया गया था। बयान में कहा गया, डिजिटल भारत निधि के तहत वित्त पोषित योजनाओं तथा परियोजनाओं को नियमों में निर्धारित एक या अधिक मानदंडों को पूरा करना होगा। इनमें मोबाइल तथा ब्रॉडबैंड सेवाओं सहित दूरसंचार सेवाओं के प्रावधान और दूरसंचार सेवाओं की आपूर्ति के लिए आवश्यक दूरसंचार उपकरण, दूरसंचार सुरक्षा को बढ़ाने, कम सुविधा वाले ग्रामीण, दूरदराज तथा शहरी क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं की पहुंच और सामर्थ्य में सुधार लाने के लिए परियोजनाएं शामिल हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में सरकार के पास 79,638 करोड़ रुपये का शेष था।

डिजिटल भारत निधि को पहले यूनिवर्सल सर्विसेज ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) के नाम से पहचाना जाता था, जो पहले केवल ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में नेटवर्क शुरू करने में सहायता करता था। सरकार ने दूरसंचार अधिनियम 2023 के तहत नवाचार, अनुसंधान व विकास, स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास के व्यावसायीकरण, राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रासंगिक मानकों की स्थापना तथा अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण निकायों द्वारा उनके मानकीकरण, स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने और दूरसंचार क्षेत्र में सतत व हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए निधि के दायरे का विस्तार किया है।

## सरकार को बीपीसीएल से मिला 2,413 करोड़ का लाभांश

नई दिल्ली, (भाषा)। निवेश और लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने सोमवार को कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) से करीब 2,413 करोड़ रुपये का लाभांश मिला है। दीपम सचिव तुहिन कांत पांडेय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, सरकार को लाभांश किस्त के रूप में बीपीसीएल से लगभग 2,413 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक केंद्रीय लोक उपक्रमों से लाभांश के रूप में 15,389.14 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) से 5,091 करोड़ रुपये, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (ईसीआईएल) से 40 करोड़ रुपये, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन से 554 करोड़ रुपये और टेलीकॉम कंसल्टेंट्स इंडिया लि. (टीसीआईएल) से विशेष लाभांश के रूप में 3,443 करोड़ रुपये शामिल हैं। सरकार ने बजट में चालू वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों से लाभांश के रूप में 56,260 करोड़ रुपये प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है।

## एनएचएआई जीआईएस सॉफ्टवेयर के जरिए करीब 100 टोल प्लाजा पर रखेगा नजर

नई दिल्ली, (भाषा)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात की निर्बाध आवाजाही के लिए जीआईएस-आधारित सॉफ्टवेयर के साथ लगभग 100 टोल प्लाजा की निगरानी करेगा। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, इन टोल प्लाजा की पहचान राष्ट्रीय राजमार्ग हेल्पलाइन 1033 के जरिये हासिल भीड़भाड़ संबंधी आंकड़ों के आधार पर की गई है।

सजीव निगरानी और ट्रैकिंग प्रणाली की मदद से टोल प्लाजा पर वाहनों की कतार निर्धारित सीमा से अधिक होने पर भीड़भाड़ की चेतावनी और लेन वितरण से जुड़ी सिफारिशें जारी की जाएंगी। बयान के मुताबिक, इस टोल निगरानी सेवा को चरणबद्ध ढंग से कई अन्य टोल प्लाजा तक बढ़ाया जाएगा। एनएचएआई ने बयान में कहा कि टोल प्लाजा का नाम और जगह देने के अलावा यह सॉफ्टवेयर मीटर में कतार की लंबाई, कुल प्रतीक्षा समय और टोल प्लाजा पर वाहनों की रफ्तार से संबंधित विवरण भी साझा करेगा। बयान के मुताबिक, टोल प्लाजा पर वाहनों की कतार निर्धारित सीमा से अधिक होने पर यह भीड़भाड़ की चेतावनी और लेन वितरण की सिफारिश भी प्रदान करेगा। इसके अलावा, यह सॉफ्टवेयर मौसम की स्थिति और स्थानीय त्योहारों के बारे में जानकारी भी देगा ताकि एनएचएआई के अधिकारी यातायात बोझ का प्रबंधन करने और टोल प्लाजा पर भीड़भाड़ कम करने के लिए एहतियाती कदम उठा सकें।

## एयरटेल ने 5जी नेटवर्क पर 300 एमबीपीएस की अपलोड रफ्तार हासिल की

नई दिल्ली, (भाषा)। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल, चिप विनिर्माता मीडियाटेक और स्मार्टफोन कंपनी नोकिया परीक्षणों के दौरान 5जी नेटवर्क पर 300 मेगाबिट प्रति सेकंड (एमबीपीएस) की अपलोड रफ्तार हासिल करने में सफल रही हैं। सोमवार को एक संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। परीक्षण में नवीनतम पीढ़ी के चिपसेट का इस्तेमाल करते हुए मिड-बैंड स्पेक्ट्रम के एक सेट का संयुक्त उपयोग किया गया था।

बयान के मुताबिक, अपलिंक प्रदर्शन को अधिकतम करने के इरादे से एयरटेल की टेक लैब में यह परीक्षण किया गया और 5जी नेटवर्क प्रदर्शन में एक नया मानदंड स्थापित करते हुए 300 एमबीपीएस की अपलिंक रफ्तार हासिल की गई। परीक्षण के दौरान 3.5 गीगाहर्ट्ज और 2.1 गीगाहर्ट्ज की आवृत्ति के बैंड को जोड़कर अपलोड रफ्तार बढ़ाई गई। इसमें मीडियाटेक के 5जी मोबाइल मंच डाइमेंशन और नोकिया के 5जी एयरस्केल रेडियो उपकरण का इस्तेमाल किया गया। भारती एयरटेल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी रणदीप सेखों ने कहा, यह परीक्षण नेटवर्क के अपलिंक प्रदर्शन को बहुत बढ़ाएगा जिससे डेटा की तेज रफ्तार और बेहतर संपर्क हासिल होगा। मीडियाटेक के वायरलेस संचार प्रणाली और भागीदारी महाप्रबंधक हो-ची ह्वांग ने कहा, हम भारत में इस अभूतपूर्व परीक्षण पर सहयोग करके रोमांचित हैं।

## आईपीओ में आवंटित 54 प्रतिशत शेयर एक सप्ताह में ही बेच देते हैं निवेशक : अध्ययन

नई दिल्ली, (भाषा)। ज्यादातर निवेशक आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के तहत शेयर आवंटन के बाद उसमें लंबे समय तक बने नहीं रहते हैं और लाभ की स्थिति में एक सप्ताह के भीतर ही शेयर बेचने को तरजीह देते हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक सर्वे में यह निष्कर्ष निकाला गया है।

इसमें कहा गया है कि आईपीओ को लेकर निवेशकों का रुख अलग-अलग देखने को मिलता है। निवेशक (एंकर यानी बड़े निवेशकों को छोड़कर) एक सप्ताह के भीतर मूल्य के हिसाब से आवंटित निर्गम का 54 प्रतिशत हिस्सा बेच देते हैं। सेबी के अध्ययन में वित्तीय लाभ अर्जित करने वाली परिसंपत्तियों को समय से पहले बेचने की प्रवृत्ति पायी गयी। इसमें निवेशकों में घाटे में सूचीबद्ध शेयरों की तुलना में लाभ वाले आईपीओ शेयरों को बेचने का रुख अधिक दिखाई दिया।

सेबी ने आईपीओ में खुदरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और काफी संख्या में बोलियों को देखते हुए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम में निवेशक के व्यवहार का विश्लेषण करने के लिए एक अध्ययन किया है। अध्ययन में अप्रैल, 2021 और दिसंबर, 2023 के बीच सूचीबद्ध 144 आईपीओ के आंकड़े को शामिल किया गया है। अध्ययन अवधि के दौरान 144 आईपीओ के जरिये सामूहिक रूप से कुल 2.13 लाख करोड़ रुपये जुटाये गये। इसमें कुल निर्गम आकार का 65 प्रतिशत बिक्री पेशकश (ओएफएस) के अंतर्गत था। इसके माध्यम से कंपनी के मौजूदा शेयरधारकों ने अपनी हिस्सेदारी बेची सेबी के अध्ययन के मुताबिक निवेशकों (एंकर निवेशकों को छोड़कर) को आवंटित लगभग 54 प्रतिशत निर्गम (मूल्य के संदर्भ में) सूचीबद्धता के एक सप्ताह के भीतर बेच दिये गये।

व्यक्तिगत निवेशकों ने सूचीबद्ध होने के एक सप्ताह के भीतर उन्हें आवंटित 50.2 प्रतिशत शेयर (मूल्य के संदर्भ में) बेच दिये। वहीं गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) ने 63.3 प्रतिशत शेयर और खुदरा निवेशकों ने 42.7 प्रतिशत शेयर बेचे। दिलचस्प बात यह है कि व्यक्तिगत निवेशकों ने एक साल के भीतर मूल्य के हिसाब से 70 प्रतिशत शेयर बेच दिये। दूसरी ओर, म्यूचुअल फंड आईपीओ शेयरों में लंबी अवधि के लिए निवेश करते हैं, जबकि बैंक तेजी से इन्हें बेचते हैं। म्यूचुअल फंड ने एक सप्ताह के भीतर आवंटित मूल्य का लगभग 3.3 प्रतिशत बेचा, जबकि बैंकों ने 79.8 प्रतिशत बेचा।

अध्ययन के अनुसार, रिटर्न का बिक्री पर असर दिखाई दिया। जब आईपीओ पर रिटर्न एक सप्ताह के भीतर 20 प्रतिशत से अधिक रहा, व्यक्तिगत निवेशकों ने मूल्य के हिसाब से 67.6 प्रतिशत शेयर बेचे। इसके विपरीत, जब रिटर्न नकारात्मक था, तब निवेशकों ने मूल्य के हिसाब से केवल 23.3 प्रतिशत शेयर बेचे। राज्यों के संदर्भ में, गुजरात के खुदरा निवेशकों को श्रेणी में आवंटन का 39.3 प्रतिशत प्राप्त हुआ। इसके बाद महाराष्ट्र (13.5 प्रतिशत) और राजस्थान (10.5 प्रतिशत) का स्थान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक निफ्टी इंडिया टूरिज्म इंडेक्स फंड

मुंबई, (वीअ)। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने आज कोटक निफ्टी इंडिया टूरिज्म इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह निफ्टी इंडिया टूरिज्म इंडेक्स की ट्रैकिंग करने वाली एक ओपन-एंडेड स्कीम है। यह फंड ऑफर पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए 2 सितंबर, 2024 को खुल रहा है और 16 सितंबर, 2024 को बंद होगा। कोटक निफ्टी इंडिया टूरिज्म इंडेक्स में निफ्टी 500 इंडेक्स से चुने गए स्टॉक शामिल हैं, जो ट्रैवल और टूरिज्म (पर्यटन) थीम का प्रतिनिधित्व करते हैं। इंडेक्स में हर स्टॉक का वेटेज उसके फ्री-फ्लोट मार्केट कैपिटलाइजेशन (बाजार पूंजीकरण) पर आधारित है। इंडेक्स में भारत के टूरिज्म इंडस्ट्री को चलाने वाले अलग अलग सेक्टर की कंपनियों का एक पोर्टफोलियो शामिल है, जैसे एयरलाइंस, ट्रैवल इंफ्रास्ट्रक्चर, होटल, रेस्तरां और ट्रैवल से संबंधित सेवाएं।केएमएएमसी के मैनेजिंग डायरेक्टर, नीलेश शाह ने कहा कि कोटक म्यूचुअल फंड में, हमारा उद्देश्य भारत के डायनेमिक आर्थिक क्षेत्रों के अनुरूप निवेश का विकल्प पेश करना है। कोटक निफ्टी इंडिया टूरिज्म इंडेक्स फंड निवेशकों के लिए तेजी से बढ़ते पर्यटन के क्षेत्र में हिस्सा लेने का अवसर खोलता है।

### सोने में गिरावट, चांदी 1,700 लुढ़की

नई दिल्ली, (भाषा)। स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और फुटकर विक्रेताओं की सुस्त मांग के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 74,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 74,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सिक्का निर्माताओं और औद्योगिक इकाइयों के कमजोर उठान के कारण चांदी की कीमत भी।,700 रुपये लुढ़ककर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। इस बीच, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 250 रुपये की गिरावट के साथ 73,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। व्यापारियों ने सोने की कीमतों में गिरावट का कारण स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की कमजोर मांग को बताया। वैश्विक स्तर पर कॉमेक्स सोना 2,531.10 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

### रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 83.92 प्रति डॉलर पर

मुंबई, (भाषा)। निराशाजनक घरेलू वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 83.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ।बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, सकारात्मक घरेलू बाजारों, जिसमें दोनों बेंचमार्क सूचकांकों ने अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ और विदेशी कोषों प्रवाह ने रुपये की गिरावट पर कुछ अंकुश लगाया। इसके अलावा, विदेशी बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी मुद्रा की कमजोरी ने रुपये को समर्थन दिया और आगे की गिरावट को रोक दिया।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 83.87 प्रति डॉलर पर नीचे खुला और दिन में कारोबार के दौरान यह 83.85 प्रति डॉलर के दिन के उच्चस्तर को छू गया और बाद में 83.93 प्रति डॉलर के दिन के निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में 83.92 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से सात पैसे की गिरावट है।

### होम शॉपिंग स्प्री बोनान्जा 8 तक चलेगा

गुरुग्राम,(वीअ)। अमेज़न.इन की होम शॉपिंग स्प्री के दौरान यहां होम, किचन और आउटडोर से जुड़े उत्पादों की विशाल रेंज पर आकर्षक डील प्रदान की जा रही है। 4 से 8 सितंबर 2024 तक डैश, बोरोसिल, फिलिप्स, क्यूबो, स्कॉच-ब्राइट, स्ट्रॉस और ऐसे कई अन्य टॉप ब्रांड पर शानदार ऑफ़र का लाभ दिया जा रहा है।एमेजन इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, हम आने वाले त्योहारी सीजन की तैयारी के साथ, देश भर के अपने ब्रांड भागीदारों, विक्रेताओं की सेवा करने और ग्राहकों को ढेर सारी खुशियां देने के बारे में सोचकर काफी रोमांचित हो रहे हैं। हम आशा करते हैं कि यह त्योहारी सीजन भारत में हमारा अब तक का सबसे बड़ा शॉपिंग इवेंट साबित होगा। हाल ही में समाप्त हुए हमारे प्राइम डे को जबरदस्त सफलता मिली, इसमें भागीदारी करने वाले प्राइम सदस्यों की संख्या में भारी बढ़ोतरी देखी गई। इस सफलता से उत्साहित होकर हम, आने वाले त्योहारों को यादगार बनाने और डिजिटल परिवर्तन के जरिये भारतीय एसएमबी और ब्रांड को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि उन्हें पूरे भारत में ग्राहकों तक पहुंचने में मदद मिल सके।

### एसबीआई के प्रबंध निदेशक पद के लिए अमारा के नाम की सिफारिश

नई दिल्ली, (भाषा)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के प्रबंध निदेशक पद के लिए राम मोहन राव अमारा के नाम की अनुशंसा की। अमारा वर्तमान में एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक हैं। वह एसबीआई के चेयरमैन के रूप में सी एस शेट्टी की पदोन्नति से खाली हुए पद को भरेंगे। वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने एक बयान में कहा कि अमारा को एसबीआई के प्रबंध निदेशक (एमडी) पद के लिए चयनित किया गया है। ब्यूरो ने इस पद के लिए नौ उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया था। एफएसआईबी की सिफारिश पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति करेगी। एसबीआई बोर्ड का नेतृत्व चेयरमैन करते हैं और चार एमडी उनकी सहायता करते हैं। अमारा के चयन के साथ ही बैंक को चौथा एमडी मिल जाएगा। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा एफएसआईबी के प्रमुख हैं।

### कोल इंडिया का अगस्त में कोयला उत्पादन 12 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, (भाषा)। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का अगस्त में कोयला उत्पादन 11.9 प्रतिशत घटकर 4.61 करोड़ टन रह गया। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने बीएसई को दी सूचना में बताया, अगस्त 2023 में कंपनी का कोयला उत्पादन 5.23 करोड़ टन था। हालांकि, अप्रैल-अगस्त की अवधि में कंपनी का कोयला उत्पादन बढ़कर 29.04 करोड़ टन हो गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 28.15 करोड़ टन था। कोयले का उठाव भी अगस्त में घटकर 5.21 करोड़ टन रह गया, जो अगस्त 2023 में 5.91 करोड़ टन था। घरेलू कोयला उत्पादन में सीआईएल का योगदान 80 प्रतिशत से अधिक है। वित्त वर्ष 2023-24 में कोल इंडिया का उत्पादन 10 प्रतिशत बढ़कर 77.36 करोड़ टन रहा था। हालांकि, यह वित्त वर्ष के लिए 78 करोड़ टन उत्पादन के लक्ष्य से थोड़ा कम रह गया था। सीआईएल का वित्त वर्ष 2022-23 में कोयला उत्पादन 70.32 करोड़ टन रहा था।

### मारुति सुजुकी ने ऑल्टो के10, एस-प्रेसो के चुनिंदा संस्करणों की कीमत घटाई

नई दिल्ली, (भाषा)। मारुति सुजुकी इंडिया ने ऑल्टो के10 और एस-प्रेसो के चुनिंदा संस्करणों की कीमत में तत्काल प्रभाव से कटौती की है। मोटर वाहन विनिर्माता ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि एस-प्रेसो एलएक्सआई पेट्रोल की कीमत 2,000 रुपये और ऑल्टो के10 वीएक्सआई पेट्रोल की कीमत 6,500 रुपये घटाई गई है। ऑल्टो के10 की कीमत 3.99 लाख रुपये से 5.96 लाख रुपये के बीच है, जबकि एस-प्रेसो की कीमत 4.26 लाख रुपये से 6.11 लाख रुपये (एक्स-शोरूम दिल्ली) के बीच है। कंपनी की छोटी कारों (जिसमें ऑल्टो तथा एस-प्रेसो शामिल है) की बिक्री अगस्त में घटकर 10,648 इकाई रह गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 12,209 इकाई थी।

# पुलिसकर्मी तकनीक-जानकार बनें और दयालु स्वभाव रखें: आदित्यनाथ योगी

**वीर अर्जुन संवाददाता**

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मार्ट पुलिसिंग की अवधारणा पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि पुलिसकर्मी तकनीक-जानकार बनें और दयालु स्वभाव रखें।

उन्होंने यह भी दावा किया कि बेहतरीन पुलिस व्यवस्था की वजह से ही पिछले सात वर्षों के दौरान राज्य में एक भी दंगा नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में 74 पुलिस उपाधीक्षकों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित करते हुए इन नये पुलिस अधिकारियों से अपेक्षा



की कि वे मित्र पुलिस की छवि को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान देंगे। उन्होंने कहा, किसी भी प्रदेश में सुशासन की नींव अपराधों की रोकथाम और कानून-व्यवस्था की स्थापना से ही मजबूत होती है। यह तभी संभव हो सकता है जब प्रदेश में जवाब देह व्यवस्था और व्यावसायिक रूप से दक्ष संवेदनशील पुलिस बल हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्मार्ट पुलिसिंग की अवधारणा दी है जो सख्त हो लेकिन उतनी ही संवेदनशील भी हो। मुख्यमंत्री ने कहा, पुलिस को आधुनिक तथा गतिशील, अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क तथा जवाबदेह, तकनीक जानकार और दयालु होना चाहिए। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि जांच और सजा के पुराने तरीकों से आगे बढ़कर आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों और सबूतों का इस्तेमाल न केवल न्याय की दृष्टि से बेहतर है, बल्कि जांच में लगने वाले अनावश्यक खर्च और श्रम को कम करने में भी सहायक है। आदित्यनाथ ने कहा, दक्ष पुलिस व्यवस्था की वजह से ही पिछले सात वर्षों के दौरान प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ। आज यही उत्तर प्रदेश सुशासन के मॉडल के रूप में देखा जा रहा है इसमें एक बड़ी भूमिका उत्तर प्रदेश के हमारे बहादुर के जवानों की सेवा की है। आज रूल ऑफ लॉ के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने अपने बारे में दुनिया के दृष्टिकोण को बदलने में कामयाबी हासिल की है।

## जम्मू-कश्मीर: पीडीपी प्रवक्ता ताहिर सईद ने इस्तीफा दिया

श्रीनगर, (भाषा)। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव से पहले पीडीपी प्रवक्ता ताहिर सईद ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। महबूबा मुफ्ती जब जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री थीं, तब उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सईद को मुख्यमंत्री कार्यालय में मीडिया विश्लेषक नियुक्त किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अपने इस्तीफे की घोषणा की। सईद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, "भारी मन से मैं जेकेपीडीपी के साथ अपने दस साल के संबंधों को समाप्त कर रहा हूं। मैं महबूबा मुफ्ती साहिबा और पार्टी को शुभकामनाएं देता हूं" पिछले महीने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के मुख्य प्रवक्ता सुहैल बुखारी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। जम्मू और कश्मीर में चुनाव तीन चरणों में होंगे जिसमें पहले चरण में 18 सितम्बर, दूसरे चरण में 25 सितम्बर और तीसरे चरण में एक अक्टूबर को मतदान होना है। मतों की गिनती आठ अक्टूबर को होगी।

## कन्नौज बलात्कार: नवाब यादव का रेप पीड़िता के साथ डीएनए सैम्पल हुआ मैच

कन्नौज, (वीअ)। उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में 15 वर्षीय लड़की से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव के डीएनए नमूने का मिलान घटनास्थल से एकत्र किये गए नमूने से हो गया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने सोमवार को एक रिपोर्ट के हवाले से दी।

समाजवादी पार्टी (सपा) का पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव एक निजी शिक्षण संस्थान का प्रबंधन करता था और उस पर नौकरी दिलाने के बहाने नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार करने का आरोप है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (कन्नौज सदर) कमलेश कुमार ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि यादव के डीएनए नमूने का मिलान मामले में एकत्र किये गए डीएनए नमूने से हो गया है। यादव से एकत्र नमूना 17 अगस्त को आगरा स्थित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजा गया था। पुलिस अधीक्षक (कन्नौज) अमित कुमार आनंद ने कहा, मौके से एकत्र किए गए फोरेंसिक साक्ष्य को एफएसएल को भेजा गया था। एफएसएल की रिपोर्ट आ गई है और बलात्कार की पुष्टि हुई है" उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई की जा रही है। सोलह अगस्त को चिकित्सकों के एक दल ने अदालत के आदेश के बाद यादव से डीएनए नमूना एकत्र किया था। नमूना जिला जेल में एकत्र किया गया था। कुमार ने पहले कहा था कि अदालत की सुनवाई के दौरान, यादव ने अपना डीएनए नमूना देने पर सहमति व्यक्त की।

कुमार ने कहा, "उनकी (यादव) सहमति के बाद, चिकित्सकों के साथ एक पुलिस दल नमूना एकत्र करने के लिए अनौगी में जिला जेल गया। नमूने को सील किया गया और विश्लेषण के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया गया"

## श्रीकृष्ण रूपसज्जा प्रतियोगिता के विजेता नन्हे - मुन्ने कान्हा पुरस्कृत

**वीर अर्जुन संवाददाता**

मथुरा। श्री कृष्ण के 5251 वें जन्मोत्सव पर संस्कार भारती मथुरा महानगर द्वारा आयोजित श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह सर्वेश्वरी सदन में रविवार शाम आयोजित हुआ। संस्कार भारती के सदस्य परिवारों के बच्चों के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दिन ऑन लाइन किया गया था। इसमें दो विभिन्न वर्गो में 52 बच्चों ने भाग लिया।

माता पिता ने कृष्ण रूप में सजे अपने बच्चों के फोटो संस्था द्वारा दिए लिंक पर अपलोड किए थे। प्रतियोगिता दो वर्गों अ तीन वर्ष तक और ब तीन से दस वर्ष तक आयु वर्ग में थी।3 वर्ष तक आयु वर्ग में प्रथम पुरस्कार इनेश,द्वितीय




पुरस्कार अर्निक वर्मा और तृतीय पुरस्कार कान्हा खण्डेलवाल व कर्मिष्ठा शर्मा को दिया गया। जबकि 3 से 10 वर्ष तक आयु वर्ग में प्रथम पुरस्कार भेदांशु प्रजापति, द्वितीय पुरस्कार इदिका अग्रवाल और तृतीय पुरस्कार रशिका अग्रवाल को दिया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अलीगढ़ से श्रीमती रुचि गोटेवाल और वृंदावन से श्रीमती मीरा थीं। पुरस्कार स्वरूप बच्चों नगद धनराशि, उत्तरीय और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

## भाजपा सदस्यता अभियान में हर घर, हर वर्ग को जोड़ें : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

लखनऊ, (भाषा)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं से आज से शुरू हो रहे पार्टी के सदस्यता अभियान में हर व्यक्ति और वर्ग को शामिल करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज से प्रारंभ हो रहा भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान व्यक्ति को राष्ट्र प्रथम की भावना, जनसेवा के संकल्प, अंत्योदय के प्रण और विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ जोड़ने का आंदोलन है। आदित्यनाथ ने इसी पोस्ट में कहा, आइए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदत्त सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास मंत्र को आत्मसात कर भाजपा के हम सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता से इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाएं। उन्होंने कहा, ध्यान रहे, कोई घर, कोई व्यक्ति, कोई वर्ग छूटने न पाए।

## जनता की आवाज बनकर सरकार से सवाल करना होगा : विशाल यादव

पटना(वीअ)। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रवक्ताओं की बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य प्रवक्ता विशाल यादव ने किया ने की। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता विशाल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय सरकार के खिलाफ बोलने वालों की संख्या कम है। इस समय हमको जनता की आवाज बनकर सरकार से सवाल करना होगा

बैठक को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के प्रभारी सम्राट केसरी जेना जी ने कहा कि मोदी सरकार आम जनता की आवाज को दबा रही युवा कांग्रेस के सिपाही उनकी आवाज को सड़क से लेकर सदन तक उठाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित बिहार कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन राजेश राठौर ने कहा कि समाज में युवा ही बदलाओ ला सकते है इसलिए युवा को बोलना




पड़ेगा गूंगी सरकार से सवाल करना होग। बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि इस दौर में युवा नहीं बोलेगा तो कौन बोलेगा युवाओं को आगे आकर केंद्र और राज्य सरकार से सवाल करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, दौलत इमाम अमितेश पाण्डे, अजमेर करीम, शशांक रंजन, सुंदरम पाठक, राहुल सिंह, जयवर्धन सिंह, संस्कार यादव, कमालुद्दीन राजा अमित सिंह एवं विभिन्न जिलों से आए जिला प्रवक्ता शामिल हुए सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

## वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय और अमरा राजा एडवांस्ड सेल टेक्नोलॉजीज ने रणनीतिक साझेदारी की

विजयवाड़ा, (वीअ)। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी-आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय और अमरा राजा एडवांस्ड सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, जो अमरा राजा एनर्जी एंड मोबिलिटी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, ने एक सामरिक साझेदारी स्थापित की है। यह साझेदारी एक समझौता ज्ञापन के माध्यम से की गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एसवी कोटा रेड्डी और श्री जगदीश एम, ण्ऊ‹ द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर अमरा राजा के प्रमुख सदस्यों, जिनमें न्यू एनर्जी बिजनेस के अध्यक्ष श्री एस विजयानंद, किरण कुमार आर, एबेनेज़र डी, और दिव्या एम एल उपस्थित थे। टीम के उपस्थित



सदस्यों में डॉ. एस. श्रीनिवास, डीन डॉ. अमित चव्हाण, निदेशक र्छ्णि; और डॉ. एम. वेंकट राजनिकांत, एसोसिएट डीन ईंएि शामिल थे। यह 5 साल की साझेदारी की शुरुआत को चिह्नित करता है, जिसका उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाना, ज्ञान का आदान-प्रदान और कार्यबल का विकास करना है। इस समझौते में ऊर्जा भंडारण और रूपांतरण तकनीकों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक सहयोगी ढांचे का वर्णन किया गया है।

## आदमखोर भेड़ियों को पकड़ने के लिए रंग-बिरंगी गुड़ियों का भी इस्तेमाल

बहराइच, (भाषा)। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में पिछले कुछ महीनों से ग्रामीणों पर हमला कर रहे आदमखोर भेड़ियों को पकड़ने के लिए वन विभाग बच्चों की पेशाब में भिगोई गई रंग-बिरंगी गुड़ियों का इस्तेमाल कर रहा है। इन टेडी डॉल को दिखावटी चारे के रूप में नदी के किनारे भेड़ियों के आराम स्थल और मांद के पास लगाया गया है। टेडी डॉल को बच्चों की पेशाब से भिगोया गया है, ताकि इनसे बच्चों जैसी गंध आए और भेड़िये इनकी तरह खींचे चले आएं। प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया, "हमलावर भेड़िये लगातार अपनी जगह बदल रहे हैं। अमूमन ये रात में शिकार करते हैं और सुबह होते-होते अपनी मांद में लौट जाते हैं। ऐसे में ग्रामीणों और बच्चों को बचाने के लिए हमारी रणनीति है कि इन्हें भ्रमित कर रिहायशी इलाकों से दूर किसी तरह इनकी मांद के पास लगाए गए जाल या पिंजरे में फंसने के लिए आकर्षित किया जाए" सिंह ने कहा, "इसके लिए हम थर्मल ड्रोन से भेड़ियों की लोकेशन के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। फिर पटाखे जलाकर, शोर मचाकर या अन्य तरीकों से इन्हें रिहायशी गांव से दूर सुनसान जगह ले जाकर जाल के नजदीक लाने की कोशिश की जा रही है। हमलावर जानवर अधिकांश बच्चों को अपना निशाना बना रहे हैं, इसलिए जाल और पिंजरे के पास हमने बच्चों के आकार की बड़ी-बड़ी टेडी डॉल लगाई हैं"

## पंजाब के किसानों ने कृषि नीति के क्रियान्वयन की मांग को लेकर निकाला विरोध मार्च

चंडीगढ़, (भाषा)। पंजाब में लगभग एक हजारों किसानों ने राज्य सरकार द्वारा कृषि नीति के कार्यान्वयन सहित अपनी मांगों को लेकर चंडीगढ़ के सेक्टर 34 से मटका चौक तक मार्च निकाला।

भारतीय किसान यूनियन एकता (उगराहां) और पंजाब खेत मजदूर यूनियन के बैनर तले किसानों ने अपनी मांगों को लेकर रविवार को पांच दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू किया।

किसान नेताओं ने कहा कि चंडीगढ़ के अधिकारियों ने लगभग एक हजार किसानों को मटका चौक तक मार्च निकालने की अनुमति दी। प्रदर्शनकारियों में कई महिलाएं भी शामिल थीं।

भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) के नेता जोगिंदर सिंह उगराहां ने मार्च का नेतृत्व किया जिसमें किसान नेता राकेश टिकैत भी शामिल हुए। मटका चौक शहर के बीचों-बीच स्थित एक व्यस्त चौराहा है। सेक्टर 34 एक शैक्षणिक और व्यावसायिक केंद्र भी है। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए कई निजी कोचिंग संस्थानों ने सोमवार को कक्षाएं स्थगित कर दीं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे अपने मार्च के अंत में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी नेताओं को अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपेंगे। किसान नेताओं ने पहले कहा था कि वे विधानसभा तक मार्च करना चाहते हैं, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें केवल मटका चौक तक मार्च करने की अनुमति दी। पंजाब विधानसभा में तीन दिवसीय सत्र सोमवार से शुरु हो गया। पंजाब के विभिन्न हिस्सों से किसान बसों, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अपने निजी वाहनों से रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 34 स्थित दशहरा मैदान में धरना देने के लिए पहुंचे। प्रशासन ने विरोध प्रदर्शन के लिए मैदान आवंटित किया था।

किसान कृषि नीति के कार्यान्वयन में कथित देरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका दावा है कि पंजाब सरकार ने इस संबंध में कोई सार्थक कदम नहीं उठाया है।

## दिवाली के बाद सिर्फ महायुति गठबंधन ही पटाखे जलाएगा: शिंदे

ठाणे (महाराष्ट्र), (भाषा)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में जीत का दावा करते हुए कहा कि दिवाली के बाद सिर्फ महायुति गठबंधन ही पटाखे जलाएगा।अपने गृह नगर ठाणे में रविवार देर रात को एक जनसभा को संबोधित करते हुए शिंदे ने अपने गुरु आनंद दीघे और शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे को विनम्र श्रद्धांजलि दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके नेतृत्व वाली शिवसेना दीघे और ठाकरे की सीख और सिद्धांतों का पालन करती रहेगी।शिंदे ने वहां मौजूद दर्शकों से पूछा, क्या आप महायुति सरकार द्वारा शुरू की गई सारी योजनाओं और कार्यक्रमों को जारी रखना चाहते हैं ? इस पर लोगों ने हां में जवाब दिया। आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नीत सत्तारूढ़ महायुति या महागठबंधन की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) और कांग्रेस के महाराष्ट्र विकास आघाडी गठबंधन के साथ कांटे का मुकाबला होने की संभावना है। राज्य में अक्टूबर-नवंबर में चुनाव होने वाले हैं। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों का जिक्र करते हुए शिंदे ने कहा, उन्हें गलियों या दिल्ली जाने दीजिए। उन्हें महत्व मत दीजिए। हम अपना काम जारी रखेंगे। उन्होंने हालिया लोकसभा चुनाव में ठाणे सीट से शिवसेना नेता नरेश म्हास्के को उतारने के अपने फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि इस कदम का कुछ लोगों ने विरोध किया लेकिन म्हास्के ने इस सीट से जीत दर्ज की।

अपने विरोधियों पर कटाक्ष करते हुए शिंदे ने दावा किया कि उनके विरोधी लगातार उन्हीं पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से राजाराम प्रथम के शासनकाल के दौरान मुगल सेनाओं का मुकाबला करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए मशहूर संताजी और धनाजी उनके दुश्मनों ने पानी में हर जगह दिखाई देते थे, उसी तरह वे एकनाथ शिंदे को हर जगह देखते हैं।

## अरुणाचल प्रदेश: जर्केन गामलिन ने मुख्य सूचना आयुक्त के तौर पर शपथ ली

ईटानगर, (भाषा)। सेवानिवृत्त मेजर जनरल जर्केन गामलिन ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सूचना आयुक्त के रूप में शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) के टी परनायक ने यहां राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में गामलिन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। समारोह में मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी, विधानसभा अध्यक्ष तेसम पोंगते, लोकसभा सदस्य तापिर गाओ, कई विधायक और आयोग के सदस्य शामिल हुए। गामलिन ने रिनचिन दोरजी की जगह ली है, जिनका कार्यकाल 12 अगस्त को समाप्त हो गया था। गामलिन तीन साल या 65 वर्ष की आयु पूरी होने तक इस पद पर रहेंगे। गामलिन ने अपनी सेवानिवृत्ति से पहले, गुवाहाटी में 51 सब एरिया की कमान संभाली, जो देश के सबसे बड़े लॉजिस्टिक्स नोड्स में से एक है। वह कुछ समय के लिए अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के एक सदस्य भी रहे।

## पूरा समाज संगठित होकर वैश्य उम्मीदवार को वोट देगा: डॉ.गोयल

गुड़गांव (प्राण शर्मा)। शहर के पूरे वैश्य समाज ने संगठित होकर वैश्य उम्मीदवार को विधानसभा चुनाव में वोट करने का फैंसला लिया है। प्राप्त समाचार के अनुसार वैश्य समाज ने तय किया है कि जो भी राजनीतिक दल वैश्य (बनिया) उम्मीदवार को टिकट देगा। पूरा समाज अपने सगे संबंधियों सहित उसे ही जिताने के लिए वोट करेगा। महाबीर पार्क में अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष डॉ. मंदीप किशोर गोयल की अध्यक्षता में वैश्य समाज के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

डॉ. गोयल ने वैश्य प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में सबसे



संगठित और सबसे बड़ा वैश्य समाज है। प्रदेश के राजस्व में वैश्य समाज के योगदान को कोई भी नकार नहीं सकता। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में उनका अधिकार बनता है कि संख्या बल के आधार पर यहां से वैश्य उम्मीदवार को ही टिकट दिया जाए। डॉ. मंदीप किशोर गोयल ने कहा कि इस प्रकार संक्षिप्त समय की सूचना पर ही सभी संगठनों के प्रतिनिधि एकत्रित हुए हैं। उसी प्रकार वे चुनाव में भी संगठित रहेंगे और एकजुट होकर मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में वैश्य उम्मीदवार की अनदेखी किया जाना किसी भी राजनीतिक दल को नुकसानदायक साबित हो सकता है। मंदीप गोयल के आह्वान पर मौजूद सभी लोगों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि वे वैश्य उम्मीदवार को ही चुनाव में विजयी बनाएंगे। इस बैठक का मंच संचालन महासम्मेलन के महासचिव देवेन्द्र गुप्ता ने किया। बैठक में दिनेश अग्रवाल, आर.सी. गुप्ता, डॉ. वी.के. जैन, सतीश जैन, महासम्मेलन के युवा जिलाध्यक्ष विवेक गुप्ता, विजय अग्रवाल, एस.के. गुप्ता पूर्व पार्षद, पूर्व निगम पार्षद सुभाष सिंगला, विजेन्द्र जिन्दल पप्पी, वी.पी. अग्रवाल, अनिल सिंगलासहित करीब दो सौ लोगों ने हिस्सा लिया।

## एसआरएम यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह का आयोजन

**वीर अर्जुन संवाददाता**

नई दिल्ली।, एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी ने 2 सितंबर 2024 को अपने प्रतिष्ठित चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया, जिसमें स्नातकों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए डिग्रियों से सम्मानित किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में मुख्य अतिथि पद्म भूषण सेनापति क्रिस गोपालकृष्णन, चेयरमैन-ऐक्सिलर वेंचर्स और इंफोसिस के सह-संस्थापक; सम्माननीय अतिथि श्री रोहित कपूर, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, फूड मार्केटप्लेस, स्विगी; एसआरएम समूह के संस्थापक चांसलर डॉ टी आर पारिवेन्धर; एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी के प्रो-चांसलर डॉ पी सत्यनारायणन; वाइस चांसलर प्रो. मनोज के अरोड़ा, रजिस्ट्रार डॉ आर प्रेमकुमार; डीन-एकेडमिक अफेयर्स डॉ विनायक कल्लूरी; अन्य गणमान्य व्यक्ति, फैकल्टी, स्टाफ और स्नातक बैच के अभिभावकों की उपस्थिति रही। इस विशेष




अवसर पर 1,018 स्नातकों, जिसमें 24 पीएचडी विद्वान शामिल थे, को डिग्रियाँ प्रदान की गईं, और 18 स्वर्ण पदक विजेताओं, 5 रजत पदक विजेताओं और 5 कांस्य पदक विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। हम एक बहुविषयक अनुसंधान-गहन विश्वविद्यालय हैं जहाँ शिक्षा एकीकृत पाठ्यक्रम, अंत:विषय अनुसंधान और शिक्षा, नवाचार, उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और समावेशिता के इर्द-गिर्द घूमती है,ठ वाइस चांसलर प्रो. मनोज के अरोड़ा ने अपने स्वागत भाषण में कहा। वार्षिक रिपोर्ट के बारे में जानकारी देते हुए, प्रो. अरोड़ा ने पिछले शैक्षणिक वर्ष में विश्वविद्यालय की शानदार वृद्धि और उपलब्धियों को भी उजागर किया। ठपिछले शैक्षणिक वर्ष में, हमने लिबरल आर्ट्स स्कूल को 3 नए विभागों के साथ फिर से लॉन्च किया है, बदलती जरूरतों के अनुसार अनुकूल और उत्तरदायी पाठ्यक्रम लागू किया है और हमारे औद्योगिक साझेदारियों का विस्तार किया है। हमारे संकाय अब 350 की संख्या में है, जिसमें 688 प्रकाशन, 108 प्रकाशित पेटेंट, 24 प्रायोजित अनुसंधान और उद्योग परियोजनाएं, 21 स्टार्टअप्स, और छात्र शामिल हैं। मुख्य अतिथि पद्म भूषण क्रिस गोपालकृष्णन, जो एक प्रसिद्ध वैश्विक व्यवसाय और प्रौद्योगिकी विचारक हैं, ने 2024 के स्नातक वर्ग को दीक्षांत भाषण दिया। पेरिस ओलंपिक्स 2024 की तुलना करते हुए, श्री क्रिस गोपालकृष्णन ने स्नातकों को उनके भविष्य की सभी चुनौतियों में सफलता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण सूत्र दिए।

## पटौदी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार सामग्री और जनसभा के लिए स्थान निर्धारित किए

गुड़गांव (प्राण शर्मा)। गुड़गांव जिला के पटौदी विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा चुनाव-2024 के लिए जनसभा के आयोजन तथा प्रचार सामग्री लगाए जाने के लिए स्थानों का निर्धारण कर दिया गया है। पटौदी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम दिनेश कुमार ने इन सभी स्थानों की सूची जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भिजवा दी है। इस के अनुसार पटौदी हलके में जनसभा के लिए हेलीमंडी अनाजमंडी, हेलीमंडी नगरपालिका कार्यालय के सामने पुरानी अनाजमंडी, पटौदी में गुरूग्राम रोड पर रामलीला मैदान, भोडाकलां रोड पर तहसील के सामने की नगरपालिका भूमि, होलिका मैदान, रेवाड़ी रोड पर बाल्मिकी चौपाल के साथ की नगरपालिका भूमि, पटौदी वार्ड 11 में मोती डूंगरी पार्क के साथ की जमीन, वार्ड 15 में रामजोहड़ के समीप की पालिका भूमि पर जनसभा का आयोजन किया जा सकता है। पटौदी विधानसभा क्षेत्र में प्रचार सामग्री लगाने के लिए हेलीमंडी में मिर्जापुर रोड पर, केनरा बैंक के समीप, महचाना रोड पर, पीली धर्मशाला के समीप, शनिदेव मंदिर के नजदीक, एमएलए स्कूल और चितरकुंड जोहड़ के समीप नगरपालिका की भूमि पर प्रचार सामग्री लगाई जा सकती है। इसके अलावा गांव बलेवा में जोहड़ पर, बारोहेडी रहनवा गांव का सामुदायिक भवन, बासपदमका गांव का कम्यूनिटी सैंटर, बसतपुर में एससी चौपाल, भौकरकां में व्यायामशाला, भोडाकलां का ग्राम सचिवालय, भोडाखुर्द में एससी चौपाल, भूडका गांव का बसस्टैंड, बिलासपुर का मेन बसस्टैंड, बिलासपुर कलां का बसस्टैंड, बिनौला गांव का बरातघर, बहमणवास गांव की आम चौपाल, बृजपुरा में ग्राम सचिवालय, चंदला डूंगरवास में रामबाग के समीप, छावन का वृद्धआश्रम, छिल्लरकी में जोहड़ के समीप, डाडावास में आंगनबाड़ी के नजदीक की पंचायत भूमि, दरापुर में ग्राम सचिवालय, दौलताबाद व देवलावास की व्यायामशाला, दिनोकरी, ढाणी कुंभावास, ढाणी चित्रसेन व ढाणी शंकरावाली में बसस्टैंड का स्थान होर्डिंग, बैनर आदि लगाने के लिए निश्चित किया गया है।